समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

सेंसेक्स	निफ्टी
62,345.71	18,398.85

तापमान

अधिकतम 40 ℃

न्यूनतम 26 ℃

मुस्लिम मतदाताओं के दिल में भी बीजेपी को मिली जगह पेज-02

मंत्री जेपी.एस राठौर ने किया सदर बाजार मे यूपी कोऑपरेटिव बैंक... पेज-03

वर्ष 10 | अंक 265 | लखनऊ, 16 मई मंगलवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 2.00 | www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

माफिया राज के खात्मे से सीएम योगी ने लगाया 2024 का मास्टर स्ट्रोक

बुलडोजर बाबा की लोकप्रियता का मिलेगा फायदा

प्रयागराज, समृद्धि न्यूज़

निकाय चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के पीछे माफिया राज के खात्मे का मुद्दा सबसे अहम माना जा रहा है। अतीक अहमद के गठजोड़ और आर्थिक साम्राज्य को ध्वस्त करने के साथ ही अपराधियों के हौसले पस्त करने के लिए बुलडोजर बाबा की लोकप्रियता का फायदा अब आगामी लोकसभा चुनाव में मिलने की उम्मीद है।

कहा जा रहा है कि बुलडोजर के जरिए सुशासन और कानून व्यवस्था की स्थापना का मुद्दा 2024 के लिए बड़ा मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकता है।

निकाय चुनाव के एलान से पहले बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या के बाद संगमनगरी में कानून व्यवस्था का मुद्दा गरमा गया। विधानसभा में सीएम योगी के माफिया को मिट्टी में मिलाने के संकल्प के बाद कानून व्यवस्था को लेकर न सिर्फ सियासी पारा चढ़ा, बल्कि सूबे में बिकरू कांड के बाद 2020 में शुरू हुई बुलडोजर कार्रवाई भी सतह पर आ गई। इसी क्रम में उमेश के फरार हत्यारों और उनसे जुड़े अपराधियों के घरों पर बुलडोजर चलवाकर सरकार ने न सिर्फ माफिया-अपराधी गठजोड़ को पस्त किया, बल्कि आम जन के बीच सुशासन की स्थापना का भरोसा भी पैदा किया। आमतौर पर तोड़फोड़ के उपकरण के रूप में देखा जाने वाला बुलडोजर न सिर्फ यूपी में, बल्कि दूसरे राज्यों में भी सुशासन का प्रतीक बन गया है।

यही वजह रही कि देश में कई राज्यों की सरकारों ने कानून व्यवस्था को लेकर बुलडोजर मॉडल को अपनाना शुरू कर दिया। प्रयागराज में माफिया और उससे जुड़े अपराधियों, शूटरों की संपत्तियां बुलडोजर का निशाना बनीं, तो इस कार्रवाई को सामाजिक तौर पर स्वीकृति भी खूब मिली।

बुलडोजर का इस्तेमाल

निकाय चुनाव से पहले बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी और अतीक अहमद जैसे माफिया की अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया गया। बुलडोजर के दम पर ढहते माफिया के घरों, शॉपिंग कांप्लेक्स, होटलों और इमारतों की तस्वीरें और वीडियो लोगों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर खुशी से जारी किए। आजाद नगर के निवासी रविशंकर मिश्र कहते हैं कि योगी सरकार की बुलडोजर कार्रवाई उन लोगों के लिए कड़ी चेतावनी है, जो शांति और सुरक्षा के लिए खतरा माने जा रहे हैं। बुलडोजर धीरे-धीरे गलत करने वालों के खिलाफ न्याय के प्रतीक के रूप में उभरा है। इसका फायदा आने वाले चुनाव में भी मिल सकता है।

कहीं विरोध नहीं दिखा

इसी तरह राजनीतिक विश्लेषक अजय गोविंद राव भी बुलडोजर नीति को मास्टर स्ट्रोक के रूप में देख रहे हैं। वह कहते हैं कि सरकार की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई के प्रति चंद लोगों को छोड़ दिया जाए तो कहीं विरोध नहीं दिखा। अलबत्ता आम जन ने राहत की सांस लेने के साथ ही खुशी ही जाहिर की है। ऐसे में कानून व्यवस्था का मुद्दा आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत दिलाने में मददगार साबित हो सकता है।

आचार संहिता खत्म, महाकुंभ 2025 की तैयारियां हुई तेज

बनेंगे 5 रेलवे ओवर ब्रिज, 2 फ्लाईओवर करीब 75 सड़कें

प्रयागराज, समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। महाकुंभ 2025 को लेकर बड़ी परियोजनाओं के काम में अब तेजी आएगी। खासतौर पर दीर्घकालीन प्रोजेक्ट इसी माह से शुरू कराने की कवायद शुरू हो गई है। नगर निकाय की आचार संहिता इसमें आड़े आ रही थी। अब आचार संहिता खत्म हो गई है तो तेजी से कार्य शुरू कराने की तैयारी है। महाकुंभ के कार्यों को लेकर प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात मंगलवार को प्रयागराज आ रहे हैं। वह प्रयागराज मेला प्राधिकरण सभागार में आवश्यक बैठक करेंगे, जिसमें अब तक की तैयारियों की समीक्षा होगी तथा परियोजाओं को लेकर रणनीति बनेगी। पांच रेलवे ओरवर ब्रिज, दो फ्लाईओवर, लगभग 75 सड़कों के निर्माण कार्य होने हैं। इसके अलावा विद्युत विभाग के उपकेंद्रों तथा सिंचाई विभाग की ओर से सात घाटों का पक्का निर्माण भी होगा। रोपवे, कुंभ डिजिटल म्यूजियम, गंगा रिवर गैलरी, रिवर फ्रंट जैसी बड़ी परियोजनाओं को लेकर भी कवायद तेज होगी।

जल्द शुरू होंगे कार्य

प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में मंगलवार को होने वाली बैठक में जो भी निर्णय होंगे, उन्हें 22 मई को लखनऊ में मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र की अध्यक्षता में होने वाली महाकुंभ की महत्वपूर्ण बैठक में रखा जाएगा। उस बैठक में लगभग दो हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट को मंजूरी भी मिलेगी। महाकुंभ मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने बताया कि मई माह के अंतर और जून के पहले हफ्ते से महाकुंभ की परियोजनाओं के कार्य शुरू हो जाएंगे। महाकुंभ के सभी बड़े कार्य अक्टूबर 2024 तक किसी भी हाल में पूरे करने हैं। इसको लेकर विभिन्न विभागों के अफसरों को निर्देश जारी हो चुके हैं।

इमरान खान को रिहा करने वाले चीफ जस्टिस को हटाने की तैयारी

संसद में लाया जाएगा निंदा प्रस्ताव

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान में राजनीतिक हालात बिगड़ते जा रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष इमरान खान को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद पीडीएम ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। पीडीएम समर्थकों ने सुप्रीम कोर्ट को भी घेर लिया है। वे पाकिस्तान के चीफ जस्टिस उमर अता बांदियाल को हटाने की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए संसद में निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा। पीडीएम में पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल समेत कई पार्टियां शामिल हैं। इमरान खान की बीवी बुशरा बीबी को जमानत मिल गई है। लाहौर हाईकोर्ट ने 23 मई तक उन्हें जमानत दे दी है। बुशरा बीबी के साथ इमरान खान भी हाईकोर्ट पहुंचे थे। पीटीआई समर्थकों ने भी विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं। पीटीआई ने इस दौरान गिरफ्तार अपने नेताओं की लिस्ट भी जारी की है।

पार्टी को खत्म करना चाहती है सेना

इमरान खान ने अपनी रिहाई के बाद देश को संबोधित करते हुए आरोप लगाया था कि सेना उनकी पार्टी को कुचलना चाहती है, खत्म करना चाहती है। उन्होंने सेना को राजनीति में आने के लिए अपनी खुद की पार्टी बनाने की भी सलाह दी थी।

यूपी निकाय चुनाव में हार पर मंथन

मायावती ने 18 को बुलाई आपात बैठक, सभी बड़े नेता होंगे शामिल

लखनऊ (समृद्धि न्यूज़)। बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूपी के निकाय चुनाव में पार्टी की करारी हार की समीक्षा करने के लिए लखनऊ स्थित बसपा कार्यालय में 18 मई को आपात बैठक बुलाई है। इस बैठक में सभी बड़े नेताओं और पदाधिकारियों को शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। मायावती इस बैठक में यूपी निकाय चुनाव में बसपा की करारी हार पर मंथन करेंगी। प्रदेश के 17 नगर निगमों में बसपा एक पर भी जीत हासिल नहीं कर पाई है। वहीं, 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भी सिर्फ एक ही विधायक जीत दर्ज कर सका था। प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों पर भाजपा ने जीत दर्ज की है।

संक्षिप्त समाचार

अभी और बढ़ेगा तापमान, तेज लू करेगी परेशान

लखनऊ। बीते तीन दिनों से उत्तर प्रदेश में गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। दिन के समय चलने वाली तेज गर्म हवाओं से आम लोग खासे परेशान हैं। मौसम विभाग के अनुसार 15 से 17 मई के बीच तापमान में और वृद्धि होगी। साथ ही तेज लू चलने से दिन के समय गर्मी और बढ़ जाएगी। हालाँकि अभी सुबह-शाम मौसम थोड़ा बेहतर रहता है लेकिन दोपहर होते-होते गर्मी झुलसाने लगी है। हीट वेव की वजह से तापमान चढ़ जाता है। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार आने वाली 19 मई से लेकर 21 मई तक प्रदेश के कई इलाकों में बादल छाने और गरज-चमक के साथ बारिश होने के आसार हैं।

बिल्डर मो. मुस्लिम और फर्जीवाड़े में 22 परिवारों पर मंडराया संकट

लखनऊ। राजधानी के पान दरीबा में बने शिवा एम्पायर रेजीडेंसी में रहने वाले 22 परिवार पर संकट मंडरा रहा है। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शिवा एम्पायर रेजीडेंसी को गिराने का नोटिस भेजा है। बता दें कि माफिया अतीक अहमद के करीबी रहे बिल्डर मो. मुस्लिम की जालसाजी में बनाए इस अवैध अपार्टमेंट को गिराने के लिए एलडीए ने आदेश जारी कर दिया है। साथ ही इस अवैध अपार्टमेंट में रह रहे 22 परिवारों को खाली करने का नोटिस भेजा है।

छह श्रद्धालुओं की सड़क हादसे में मौत

कडपा। आंध्र प्रदेश के कडपा जिले में सोमवार तड़के मंदिर से पूजा-अर्चना कर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं से भरे एक वाहन में एक ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि वाहन में 12 श्रद्धालु सवार थे और जैसे ही यह जिले के पेंचियानंतपुरम गांव पहुंचा तभी लौह अयस्क से लदे एक ट्रक ने उसमें टक्कर मार दी।

अखिलेश यादव ने कहा, चुनाव में धांधली कराने वालों की सूची देगी सपा

बर्खास्त किया जाए भ्रष्ट अफसर

लखनऊ (समृद्धि न्यूज़)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के हालिया नगरीय निकाय चुनावों में कुछ अधिकारियों पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता की तरह काम करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि सपा ऐसे भ्रष्ट अफसरों की सूची और फोटो उपलब्ध करायेगी। उन्हें फास्ट ट्रैक जांच करके नौकरी से बाहर किया जाए। सपा अध्यक्ष ने यहां एक बयान में भाजपा पर अधिकारियों का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हुए कहा, बड़ी संख्या में अधिकारी भाजपा कार्यकर्ता बन कर काम कर रहे हैं। अधिकारियों ने (निकाय चुनावों में) मतदाता सूची से लेकर मतगणना तक में हस्तक्षेप किया। अखिलेश यादव ने कहा, मैनपुरी और बेवर ही नहीं, पूरे उत्तर प्रदेश में मुख्य विकास अधिकारियों तथा अन्य अफसरों द्वारा चुनाव नतीजे बदले जाने की खबर से जनाक्रोश है। इसका तुरन्त संज्ञान लिया जाय। ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों का निलम्बन किया जाय। साथ ही फास्ट ट्रैक जांच कर उन्हें नौकरी से बाहर किया जाए। समाजवादी पार्टी इन भ्रष्ट अधिकारियों की फोटो और नाम की लिस्ट देगी। सपा मुखिया ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावों में लगातार बेईमानी कर रही है।

कानूनों का मसौदा तैयार करने में महारत होना जरूरी : शाह

नई दिल्ली (एजेंसी)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि विधायी दस्तावेजों का प्रारूप तैयार करने में विशेषज्ञता होना जरूरी है क्योंकि इस कार्य में महारत नहीं होने से न केवल कानून बल्कि पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था निर्बल होती है। शाह ने सोमवार को यहां संसद, राज्य विधानसभाओं, विभिन्न मंत्रालयों और वैधानिक निकायों के केंद्र और राज्यों के अधिकारियों के लिए आयोजित विधायी प्रारूप सम्बन्धी प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केन्द्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी, अर्जुन राम मेघवाल और केन्द्रीय गृह सचिव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। गृह मंत्री ने कहा , लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग हमारे लोकतंत्र का बहुत महत्वपूर्ण अंग है और इसके बारे में जानकारी का अभाव ना केवल कानूनों और पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था को निर्बल करता है बल्कि ज्यूडिश्यिरी के कार्यों को भी प्रभावित करता है। लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए इसके स्किल में समयानुसार बदलाव, बढ़ोत्तरी और अधिक दक्षता होती रहनी चाहिए । ÷ इस मौके पर शाह ने स्वतंत्रता सेनानी सुखदेव जी और पूर्व उपराष्ट्रपति भैरो सिंह शेखावत को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि दुनिया भारतीय लोकतंत्र को सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में जानती है। भारत के संविधान को दुनिया का सबसे परिपूर्ण संविधान माना जाता है और संविधान निर्माताओं ने ना सिर्फ देश के परंपरागत लोकतांत्रिक संस्कारों को इसमें शामिल किया बल्कि इसे आज के समय की ज़रूरतों के अनुसार आधुनिक बनाने का प्रयास भी किया।

विधायिका का काम है लोककल्याण और लोगों की समस्याओं पर विचार करना तथा कानूनी तरीके से उनका समाधान निकालना।

अमित शाह

आलाकमान करेगा सीएम पर फैसला

मेरा मकसद सिर्फ लोगों की सेवा करना : डीके शिवकुमार

बंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे आ गए हैं। कर्नाटक में कांग्रेस को जबरदस्त बहुमत मिली है। अब कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद को लेकर माथापच्ची जारी है। इन सबके बीच कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद की रेस में दो नाम शामिल हैं। एक और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया है तो दूसरी और कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार। सिद्धारमैया पहले ही दिल्ली पहुंच चुके हैं जबकि डीके शिवकुमार भी अब दिल्ली रवाना होने वाले हैं। इन सबके बीच दोनों ही नेताओं का दावा है कि मुख्यमंत्री पद का फैसला आलाकमान करेगा। कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा कि हमने एक सिंगल लाइन रिजॉल्यूशन पास किया है।

राजनाथ सिंह बोले- युद्ध के तौर-तरीके बदल रहे

हमें तकनीकी उन्नति की तरफ भी तेज़ी से बढ़ना है

नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पुणे दौरे पर है। पुणे में वह आज डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज दुनिया में जल, थल और वायु के साथ-साथ साइबर और अंतरिक्ष से जुड़े खतरे सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि संपर्क रहित युद्ध जैसे अवधारणाओं ने रक्षा क्षेत्र में उन्नत प्रौद्योगिकी की आवश्यकता को पहले से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण बना दिया है। हमें बदलते परिवेश के साथ-साथ तकनीकी उन्नति की तरफ भी तेज़ी से बढ़ना है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दशकों में हमने देखा है कि पूरी दुनिया में जितनी तेजी से बदलाव हो रहे हैं, उससे कहीं अधिक तेजी से युद्ध के तौर-तरीके बदल रहे हैं। राजनाथ ने कहा कि पारंपरिक युद्ध के खतरे तो हमारे सामने हैं ही, साथ ही उनसे आगे बढ़ते हुए अब बिलकुल नए प्रकार के खतरे हमारे सामने मंडराने लगे हैं। उन्होंने कहा कि हमने अब डीपीएसयू के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 928 घटकों की चौथी सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची जारी की है, जिससे घटकों की कुल संख्या 4,666 हो गई है। इन घटकों को अब स्थानीय रूप से प्राप्त किया जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं रक्षा क्षेत्र को एक स्थिर झील की तरह नहीं, बल्कि एक बहती हुई नदी की भाँति देखता हूँ।

मैं डरने और दबने वाला नहीं हूं, सचिन पायलट ने रखी यह मांग, बोले-

अगर नहीं मानी गई तो पूरे प्रदेश में आंदोलन करेंगे

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान में इस वक्त राजनीतिक हलचल तेज है। राजस्थान में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। लेकिन कांग्रेस के लिए परिस्थितियां लगातार खराब होती जा रही हैं। दरअसल, कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेता मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट आमने-सामने हैं। सचिन पायलट जन संघर्ष यात्रा निकाल रहे थे। आज अपने जन संघर्ष यात्रा के दौरान उन्होंने एक बार फिर से भ्रष्टाचार को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी यह लड़ाई जारी रहेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी कथनी और करनी में फर्क नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई को लेकर मैंने चिट्ठी लिखी लेकिन अब तक इस पर कुछ नहीं हुआ।

उद्यमी मित्र

निवेश में आ रही समस्याओं को सुलझाएंगे

देश और विदेशी उद्यमियों की मदद के लिए चुने गए उद्यमी मित्र

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

देश और विदेश के उद्यमियों की समस्याओं और उनके समाधान के लिए प्रदेश सरकार उद्यमी मित्रों की नियुक्ति कर रही है। इन उद्यमी मित्रों की चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 105 उद्यमी मित्रों का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। यह रिजल्ट इन्वेस्ट यूपी की वेबसाइट (invest.up.gov.in) पर जाकर उद्यमी मित्र के सेक्शन पर क्लिक करके एक पेज ओपेन होगा, जिस पर रिजल्ट को डाउनलोड किया जा सकता है। उद्यमी मित्रों का सेलेक्शन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर किया गया है। जल्द ही सभी 105 उद्यमी मित्रों को जनपदों और इन्वेस्ट यूपी कार्यालय एवं मुख्यालय पर नियुक्ति दे दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी ने यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रदेश में हुए 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू को धरातल पर उतारने और उद्यमियों की सहायता के लिए उद्यमी मित्र नियुक्त करने का निर्णय लिया था।



लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर हुआ सेलेक्शन

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के अधीन नोडल संस्था इन्वेस्ट यूपी द्वारा इन उद्यमी मित्रों की नियुक्ति की प्रक्रिया को पूरा किया गया है। मालूम हो कि प्राप्त आवेदनों को वरिष्ठ अधिकारियों की स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा वेरिफिकेशन के बाद उद्यमी मित्रों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया था। सफलतापूर्वक परीक्षा संपन्न होने के बाद 16 अप्रैल को इसके परिणाम घोषित किए गए थे, जिसमें 350 अभ्यर्थी चयनित हुए थे। वहीं 18 अप्रैल से सेलेक्टेड कैंडीडेट्स के लिए इंटरव्यू की प्रक्रिया शुरू की गई, जो 8 मई तक चली।

इंटरव्यू के 25 तो कंप्यूटर टेस्ट के 10 अंक किए गए थे निर्धारित

साक्षात्कार एवं कंप्यूटर टेस्ट के लिए भी एसओपी बनाई गई थी, जिसमें रिक्तियों की संख्या के तीन गुणा अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था। साक्षात्कार के लिए 25 अंक व कंप्यूटर टेस्ट के लिए 10 अंक निर्धारित किए गए थे। वहीं आईआईटी कानपुर, आईआईएम लखनऊ या एकेटीयू लखनऊ जैसे प्रदेश के प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थानों द्वारा प्रश्न पत्र तैयार करके कंप्यूटर टेस्ट की परीक्षा ली गयी थी। उद्देश्य कथन (स्टेटमेंट ऑफ पर्पज) को साक्षात्कार में मूल्यांकित किया गया। साक्षात्कार के समय ही अभ्यर्थियों द्वारा अपने समस्त शैक्षणिक एवं अनुभव प्रमाण पत्रों को मूल रूप में प्रस्तुत किया गया।

बड़ी संख्या में भेजे गए थे आवेदन

प्राप्त जानकारी के अनुसारए इस योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में प्रदेश के युवाओं की ओर से आवेदन भेजे गए थे। निर्धारित योग्यता के अनुसार अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए आमंत्रित किया गया था। योजना के तहत कुल 105 उद्यमी मित्रों का चयन किया गया। इसमें 70 पद विभिन्न जनपदों के लिए हैं, जबकि 10 पद इन्वेस्ट यूपी कार्यालय व मुख्यालय के लिए हैं। वहीं 25 पद औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के लिए हैं। इन सभी का चयन एक वर्ष के लिए किया गया है और जरूरत पड़ने पर यह समय सीमा बढ़ाई जा सकेगी।

मुस्लिम मतदाताओं के दिल में भी बीजेपी को मिली जगह

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

- निकाय चुनाव में जीते 70 से ज्यादा भाजपा प्रत्याशी
- अब इस समुदाय पर किसी एक दल का एकाधिकार नही

यूपी में मुसलमान वोट अब किसी एक दल का वोट बैंक नहीं।सपा-बसपा के सबसे करीब रहा मुस्लिम मतदाता बीजेपी को भी खुलकर वोट दे रहा है। बीजेपी भी मुस्लिम समुदाय पर भरोसा जता रही है। यह निचोड़ निकाय चुनावों के साथ ही हाल में हुए चुनावों में निकल कर सामने आया है। मुस्लिम बाहुल्य देवबंद नगर पालिका अध्यक्ष पद पर पहली बार बीजेपी के विपिन गर्ग ने जीत दर्ज की।2022 विधानसभा चुनाव में यहां से बीजेपी के बृजेश सिंह ने चुनाव जीता था। स्वार विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भी बीजेपी और अपनादल गठबंधन के उम्मीदवार शफीक अहमद को जितवाकर असेंबली भेज दिया। मुस्लिम बाहुल्य और सपा के गढ़ कहे जाने वाले मुरादाबाद में मेयर सीट पर विनोद अग्रवाल की लगातार तीसरी जीत इसे पुख्ता करती है। सपा-बसपा से मुस्लिम मतों की दूरी का एक प्रमाण यह भी है कि बसपा ने मेयर के 11 टिकट मुस्लिम को दिए लेकिन वह अपनी दो सीटें अलीगढ़-मेरठ भी नहीं बचा सकी। उसके हाथ कोई नगर निगम नहीं आया।सपा ने मेयर के चार मुस्लिम कैंडिडेट उतारे थे, लेकिन वह भी खाली हाथ। मेयर की सभी सीटों पर मुस्लिम खासी संख्या में हैं, लेकिन एक भी सीट न तो मुस्लिम कैंडिडेट जीत सके और न ही किसी और दल का खाता खुला। सभी 17 सीटें भारतीय जनता पार्टी के खाते में हैं।मुरादाबाद में सपा-बसपा-कांग्रेस, तीनों ने मुस्लिम कैंडिडेट उतारे थे, लेकिन यहां का कांग्रेस कैंडिडेट ने भाजपा के विनोद अग्रवाल ने कड़ी टक्कर दी। वे चार हजार वोटों से ही जीत दर्ज कर सके ।इस सीट पर सपा-बसपा कैंडिडेट में किसी को भी 20 हजार वोट नहीं मिले जबकि कांग्रेस कैंडिडेट लगभग 1.17 लाख वोट पाने में कामयाब रहे।मेरठ में भाजपा के हरिकांत अहलूवालिया जीते । यहां सपा-बसपा के कैंडिडेट तीसरे-चौथे स्थान पर खिसक गये जबकि ओवैसी की पार्टी नंबर दो रही।मेरठ में भी भ्रम टूट गया कि मुस्लिम सपा या बसपा को ही वोट करता है। भारतीय जनता पार्टी ने निकाय चुनाव में मेयर सीट पर भले न किसी मुस्लिम को उतारा हो लेकिन उसने करीब 400 मुस्लिम कैंडिडेट नगर पालिका, नगर पंचायत, पार्षद, सभासदों को बांटे थे। इनमें से 70 से ज्यादा जीत हासिल कर चुके हैं।नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए 32 टिकट भाजपा ने मुस्लिम समुदाय को दिए थे। इनमें से पांच नगर पंचायत भाजपा जीत चुकी है। हरदोई की गोपामऊ, सहारनपुर की चिलकाना, संभल की सिवसी समेत पांच सीटें भाजपा के मुस्लिम कैंडिडेट जीते हैं। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी पहले से कहते आ रहे थे कि इस बार मुस्लिम प्रत्याशी भी उतारेंगे और उतारे भी,प्रयोग सफल रहा। स्क्रीनिंग के बाद 395 को टिकट दिया गया। 50 फीसदी से ज्यादा पहली बार मैदान में उतरे। 70 कैंडिडेट जीते हैं। अच्छी बात यह कि जहां पार्षद,सभासद के हमारे कैंडिडेट हजार-पांच सौ वोट पाए, उसी सीट पर भाजपा महापौर, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत अध्यक्षों को दो से तीन गुना वोट मिले हैं, जो मुस्लिम समाज के बीच भाजपा की स्वीकार्यता का स्पष्ट प्रमाण है। अफजलगढ़ नगर पालिका सिर्फ पांच सौ वोट से हारे।रामपुर में भाजपा का मुस्लिम कैंडिडेट दूसरे नंबर पर रह गया। भाजपा को बड़े पैमाने पर मुस्लिम मतदाता समर्थन कर रहे हैं इससे पार्टी उत्साहित हैं।

मुसलमान वोट अब किसी एक दल का नहीं रह गया है। यूपी की राजनीति में बड़ी सफलता के लिए मुसलमान वोट जरूरी है और भारतीय जनता पार्टी को मिलती कामयाबी, वोटों की बढ़त यह बताने को पर्याप्त है कि मुस्लिम मतदाता अब उसे स्वीकार करने से परहेज नहीं कर रहा है।

भाजपा के उदय के समय मुसलमान इसे अपना हितैषी नहीं मानते थे, पर सरकार बनने के बाद जब धीरे-धीरे सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें भी मिलने लगा, चाहे वह एलपीजी कनेक्शन हो, जनधन हो, किसान सम्मान राशी हो या पीएम-सीएम आवास योजना का लाभ, तब उन्हें लगने लगा कि यह पार्टी भी हमारे बारे में सोचती है।

दारुल सफा बी ब्लॉक उद्योग व्यापार मंडल कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते अध्यक्ष संदीप बंसल

खबरें एक नजर में

राज्यपाल ने जनपद बरेली में दिव्यांग विद्यालय दिशा इण्टर कॉलेज का किया भ्रमण

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जनपद बरेली में दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित दिशा इण्टर कॉलेज, मुड़िया, अहमद नगर, बरेली का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान राज्यपाल जी ने स्कूल के विद्यार्थियों से संवाद किया तथा श्रवण क्षमता बाधित विद्यार्थियों को 'हियरिंग एड' वितरित किए। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने विद्यार्थियों से अपनी क्षमता का विस्तार करने और लक्ष्य निर्धारित कर एकाग्रता के साथ प्रगति के लिए समर्पित रहने को कहा। उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति से प्रयास करने पर कोई भी बाधा प्रगति मार्ग नही रोक सकती। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वस्थ जीवन के लिए खाने में मोटे अनाज-श्री अन्न का उपयोग, प्रकृति और पर्यावरण की सुरक्षा, जल संरक्षण के महत्व पर भी चर्चा की। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को पढ़ने की आदत विकसित करने तथा अपने पाठ्यक्रम से हटकर अन्य उपयोगी पुस्तकें पढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। विद्यालय के बच्चों ने राज्यपाल को स्वनिर्मित स्केच पेंटिंग एवं पुस्तकें भेंट की। इस अवसर पर रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के कुलपति प्रो. केपी सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य राहत हुसैन, समस्त शिक्षक एवं कर्मचारीगण तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

आकाश बायजूस ने प्रतिभाशाली छात्रों की माताओं को सम्मानित किया

लखनऊ। आकाश बायजूस भारत का अग्रणी परीक्षा तैयारी संस्थान, लखनऊ से कक्षा 10वीं के 18 छात्रों और 12 वीं के 19 छात्रों की असाधारण शैक्षणिक उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है, जिन्होंने कक्षा 10 और बारहवीं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा 2023 में कुल 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं 10वीं कक्षा के निशांत रेवार, कुंदन कृष्णन, वैभव सिंह, प्रणव तिवारी, आदित्य वर्मा और रक्षित कुमार सिंह ने क्रमश: 97, 95, 96.2, 95.4, 93.6 और 93 प्रतिशत अंक हासिल किए, जबकि अद्रय दुबे सराजल द्विवेदी, सौम्या शिवांगी, संकल्प अग्निहोत्री और 12वीं कक्षा के सूर्यांश दीक्षित ने क्रमश: 93.8, 93, 97, 96, 95.6 अंक प्राप्त किए छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों की समृद्ध सलाह और मार्गदर्शन को दिया है उन्होंने कोचिंग प्रदान करने के लिए संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया जिससे उन्हें कम समय में कठिन अवधारणाओं को समझने में मदद मिली। परिणामों पर टिप्पणी करते हुए आकाश बायजूस के क्षेत्रीय निदेशक डॉ एचआर राव ने छात्रों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई दी और कहा हमें अपने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व है उनकी सफलता संस्थान की क ी मेहनत, प्रभावी पाठ्यक्रम और हमारे छात्रों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। आकाश बायजू के स्कूल-एकीकृत कार्यक्रम छात्रों को पाठ्यक्रम पर बने रहने और स्कूल और उसके बाद अकादमिक सफलता प्राप्त करने में मदद करते हैं संस्थान की केंद्रीकृत राष्ट्रीय शैक्षणिक टीम कार्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम और सामग्री तैयार करती है जो छात्रों को स्पष्टता प्रदान करती है नेट भी संकाय सदस्यों को प्रशिक्षित करता है और निगरानी करता है कि वे प्रशिक्षण कैसे देते हैं वर्षों से आकाश बायजू के छात्रों ने विभिन्न मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं के साथ-साथ एनटीएसई, केवीपीवाई और ओलंपियाड जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का रिकॉर्ड बनाए रखा है।

हास्पिटेलटी इण्डस्ट्री में शोध व अध्ययन के लिए 10 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जायेगी: जयवीर सिंह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में यात्रा और पर्यटन, आतिथ्य क्षेत्र में शोध व अध्ययन करने के लिए मान्यता प्राप्त यात्रा, होटल, संघों, चौम्बर ऑफकामर्स, विश्वविद्यालयों, प्रबंध संस्थानों तथा गैर-सरकारी संगठनों को अधिकतम 10 लाख रुपये की धनराशि वित्तीय सहायता के रूप में प्रदान की जायेगी। अनुसंधान के विषय को उद्योग की प्रसांगिकता और जरूरतों के मुताबिक अंतिम रूप दिया जायेगा। वर्ष में ऐसे 5 ही अध्ययन स्वीकृत किये जायेंगे। यह जानकारी आज यहां पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति में यह व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इस नीति को 27 मार्च को प्रख्यापित किया गया है। इस पंचवर्षीय नीति के तहत पर्यटन और हास्पिटेलटी इण्डस्ट्री से जुड़ी इकाइयों को बेहतर सुविधा प्रदान की जायेंगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि गैर-सरकारी संगठनों जैसे-वर्ल्ड वाइड फण्ड फॉर नेचर, कछुआ संरक्षण, हेरिटेज संरक्षण, वाइल्ड लाइफ तथा क्राफ्ट को भी आतिथ्य उद्योग में शोध व अध्ययन के लिए शामिल किया गया है। मान्यता प्राप्त आतिथ्य संघ और पर्यटन, आतिथ्य तथा प्रबंधन के शिक्षण संस्थानों के माध्यम से किये गये शोध को वरीयता दी जायेगी।

अधिकार सेना अब आजाद अधिकार सेना: निर्वाचन आयोग

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग ने अधिकार सेना पार्टी का नाम परिवर्तित करते हुए आजाद अधिकार सेना नाम अनुमोदित किया है।पार्टी प्रवक्ता राजेंद्र मिश्र ने बताया कि अधिकार सेना नाम से पार्टी रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया गया था। आयोग ने यह नाम संभव नही होना बताते हुए पार्टी के अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर से वैकल्पिक नाम मांगे थे। पार्टी द्वारा 10 नाम दिए जाने पर निर्वाचन आयोग ने पार्टी का नाम आजाद अधिकार सेना रखा जाना अनुमोदित किया है और पार्टी को दोबारा आवेदन पत्र प्रेषित करने को कहा है। पार्टी के नाम के परिपेक्ष में प्रतिक्रिया देते हुए अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि अधिकार सेना के साथ आजाद शब्द जुड़ जाने से पार्टी की गरिमा और बढ़ गई है क्योंकि अब इसका जुड़ाव सुभाष चंद्र बोस और चंद्रशेखर आजाद जैसे नामों से हो गया है।

गिरफ्तार करने पहुँची पुलिस टीम पर बदमाश ने की फायरिंग, दरोगा घायल

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

हमीरपुर जिले में गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर बदमाश ने फायरिंग कर दी, जिसमें चौकी इंचार्ज के हाथ में गोली लग गई है। अवैध असलहा लहराते हुए अपराधी का वीडियो वायरल हुआ था जिसपर पुलिस उसे गिरफ्तार करने गई थी।घटना में घायल चौकी इंचार्ज को कानपुर रिफर कर दिया गया है। पुलिस ने दरोगा को गोली मारने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान बदमाश के दोनों पैरों में गोली लगी है जिससे वह घायल हो गया।हमीरपुर में कुरारा थानाक्षेत्र के पतारा गांव में करीब छह दिन पूर्व अपराधी शंभू कुशवाहा का तमंचा लहराते हुए वीडियो वायरल होने के की जांच के लिए पहुंची थी जिसके बाद पुलिस की टीम ने झांड़ि में छिपे बदमाश पर फायरिंग की मुठभेड़ के बीच चौकी इंचार्ज सुरेंद्र यादव घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है , जहां से कानपुर रेफर कर दिया है। गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने चौकी इंचार्ज पर फायर करने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है।तारा गांव निवासी शंभू कुशवाहा का करीब छह दिन पहले तमंचा लहराते हुए एक वीडियो वायरल हुआ था। मामले की जांच में कुरारा थाने के पतारा गांव स्थित चौकी इंचार्ज सुरेंद्र यादव अपने साथियों के साथ रात करीब 8 बजे दबिश देने गए थे। झाड़ियों में छुपे बदमाश ने पुलिस टीम पर गोलियां चला दीं। एक गोली चौकी इंचार्ज के बाएं बाजू में लगी। इससे वह मौके पर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद बदमाश मौके से भाग निकले। चौकी इंचार्ज को चिकित्सकों ने उपचार के लिए कानपुर रेफर कर दिया गया है।

पेंशन हमारा अधिकार, हर हाल में हासिल करेंगे: हरिकिशोर

कानपुर से रथयात्रा को हरी झण्डी दिखयेगे शिव गोपाल मिश्रा

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

पुरानी पेंशन योजना बहाली मंच ने अपने पूर्व घोषित संघर्ष वर्ष के क्रम में जनपदों का दौरा शुरू कर दिया है। मंच इस संघर्ष वर्ष में ष्पेंशन हमारा अधिकार, हर हाल में हासिल करेंगें के मूल मंत्र पर आन्दोलन रत है। पुरानी पेंशन को लेकर विभिन्न राज्यों में हुए आन्दोलन के परिणाम स्वरूप देश के 6 राज्यों में पुरानी पेंशन योजना लागू हो चुकी है तथा देश के प्रमुख राजनीतिक दल आगामी चुनावों में अपने घोषणापत्र में शामिल करने की बात कर रहे हैं। पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच के नेता हरिकिशोर तिवारी....ने दोहराते हुए कहा कि केंद्रीय कर्मचारियों , राज्य कर्मचारियों के साथ ही शिक्षक समेत अन्य लोगो मे भारी आक्रोश है। मंच ने ऐलान किया कि कुछ भी हो, लेकिन पेंशन हमारा अधिकार है, इसे हर हाल में हासिल करेंगे। जरूरत पड़ी तो आम हड़ताल और संसद का घेराव करने से भी हम पीछे हटने वाले नही है। हाल में केन्द्रीय सत्ता द्वारा पूरी ताकत लगाने के बावजूद कर्नाटक में आए परिणाम में पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा मुख्य कारण बना। एक वर्ष के भीतर केन्द्र की सरकार को तीन राज्यों की सरकार गांवनी पड़ी है।

मंच के नेताओं ने पुरानी पेंशन बहाली मंच के आंदोलन की सिलसिलेवार जानकारी दी। उन्होंने कहाकि महामहिम राष्ट्रपति को ऑन लाइन पिटीशन भेजने का जो निर्णय लिया गया था, उसके अच्छे परिणाम सामने आए है, देश भर से लगभग एक करोड़ से भी अधिक पिटीशन राष्ट्रपति को भेजे गए है। गेट मीटिंग, जुलुस, धरना प्रदर्शन भी लोगो ने काफी अच्छे से किया है। इसी क्रम में पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच द्वारा उत्तर प्रदेश में पेंशन रथयात्रा का प्रारंभ किया जा रहा है प्रथम चरण में रथ यात्रा की शुरुआत 16 मई 2023 को कानपुर नगर से होगी जिसका शुभारंभ मंच के राष्ट्रीय संयोजक एवं रेलवे मेंस यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव श्री शिव गोपाल मिश्रा जी झंडी दिखाकर करेंगे रथ यात्रा कानपुर नगर से शुरू होकर बुंदेलखंड होते हुए पूर्वांचल में प्रवेश करेगी पूर्वांचल के समस्त जनपदों से गुजरते हुए लखनऊ आकर प्रथम चरण की समाप्ति होगी स द्वितीय चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश व रुहेलखंड के जनपद रहेंगे। इसी बीच मंच द्वारा घोषित कार्यक्रम के तहत केंद्रीय कर्मचारी संगठन एवं राज्य कर्मचारी संगठन मिलकर 21 मई को जनपदों में मशाल जुलूस निकालेंगे स माह जून में प्रदेश मुख्यालय पर विशाल रैली एवं जुलाई अगस्त मैं संसद घेराव का कार्यक्रम प्रस्तावित है।मंच के नेता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री शिव बरन यादव ने कहाकि हम राजनीति नही करना चाहते, लेकिन कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं को हम छोड़ भी नही सकते।

उन्होंने कहाकि हमारा संकल्प है कि पुरानी पेंशन बहाल होने तक हम खामोश भी नहीं रहेंगे। इसके लिए जरूरत पड़ी तो अनिश्चितकालीन आम हड़ताल और संसद का घेराव भी कर सकते है। आज पुरानी पेंशन की बात पर अर्थव्यवस्था का रोना रोया जा रहा है।

एक ओर नेताओं को मनमानी पेंशन दी जा रही है। मंच के अगले कार्यक्रम 21 मई को जिला स्तरीय मशाल जुलूस और 21 जून को राजधानी स्तर पर प्रान्तीय रैली का आयोजन किया जाएगा। जुलाई एवं अगस्त में मानसून सत्र के दौरान दिल्ली में राष्ट्रीय रैली की जाएगी

राष्ट्रीय डेंगू दिवस(16 मई) पर विशेष

डेंगू से होने वाली मृत्यु दर 3.2 प्रतिशत से घटकर 0.17 प्रतिशत हुई

समृद्धि न्यूज लखनऊ

समाज में एक ओर जहां मच्छरजनित रोगों के प्रति जागरूकता ब?ी है वहीं सरकार और स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से डेंगू जैसी बीमारी से होने वाली मृत्यु का ग्राफ काफी कम हुआ है।

वेक्टरजनित रोग (वीबीडी) के निदेशक डा. ए.के. सिंह ने बताया कि प्रदेश में डेंगू से होने वाली मृत्यु दर एक फीसद से भी नीचे आ गई है। जहां वर्ष 2011 में 3.2 फीसद थी,वहीं पांच साल बाद 2016 में मृत्यु दर घटकर 0.28 फीसद और 2018 में 0.10 फीसद आ गई। हालांकि वर्ष में 2019 में इसमें कुछ ब?त दिखी। यह 0.25 प्रतिशत तक आई लेकिन वर्ष 2022 में वापस घटकर यह 0.17 फीसद पर आ गई।

डा. सिंह ने बताया कि सामान्यतया यह बीमारी मानसून या उसके बाद के महीनों में फैलती है। डेंगू का मच्छर दिन के समय काटता है। इसके वायरस की कोई विशेष दवा नहीं होने से लक्षणों के आधार पर इसका प्रबंधन किया जाता है। सबसे पहले बीमारी की पुष्टि की जाती है। इसके लिए जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर फीवर डेस्क स्थापित की गई। साथ ही इलाज के लिए संचरण के दौरान डेंगू वार्ड बनाए गए। जहां पर डेंगू पीड़ितों के लिए मच्छरदानी लगे बेड आरक्षित किए गए। साथ ही डेंगू के गंभीर मरीजों के लिए उच्च स्वास्थ्य केंद्रों पर संदर्भन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। वेक्टरजनित रोग (वीबीडी) के संयुक्त निदेशक डॉ. विकास सिंघल ने बताया कि डेंगू सहित अन्य वेक्टरजनित बीमारियों से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से साल में तीन बार विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाता है। इसके तहत मच्छरजनित परिस्थितियां न उत्पन्न हों इसके लिए विभिन्न विभागों के सहयोग से गतिविधियां भी की जाती हैं। डेंगू एक मच्छर जनित रोग है। जो डेंगू वायरस से होता है। डेंगू मादा प्रजाति एडीज एजिप्टाई नामक मच्छर से फैलता है। इस मच्छर की यह विशेषता है कि एक बार डेंगू वायरस से संक्रमित होने के बाद जब यह अंडे देता है तो वह अंडे भी डेंगू वायरस से संक्रमित हो जाते हैं। इन अंडों से बनने वाले मच्छर भी संक्रमित होते हैं जो रोग फैला सकते हैं। इसके अंडे एक वर्ष तक जीवत रह सकते हैं। सूखा अंडा पानी पाते ही नए मच्छर तैयार कर देता है।

डेंगू बुखार से ठीक हो चुकी हिंद नगर निवासी ईशा बताती हैं कि उन्हें पिछले साल अक्टूबर में दो तीन दिन तक तेज बुखार आया था। उन्होंने स्वयं कोई दवा नहीं ली।

गाजियाबाद: मृतकों ने भी डाले वोट: नन्द किशोर

बीजेपी विधायक ने लगाया फर्जी वोटिंग का आरोप, चुनाव आयोग से की शिकायत

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

गाजियाबाद के लोनी से बीजेपी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने नगर पालिका चुनाव में मृत लोगों द्वारा वोटिंग किए जाने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि कई ऐसे लोगों के नाम पर वोट पड़ा, जो कि जेल में हैं। नगर पालिका चुनाव में फर्जी वोटिंग हुई और इस वजह से उनके कैंडिडेट हार गए।

उन्होंने चुनाव आयोग को शिकायत दर्ज कराई है और दोबारा से चुनाव की मांग की है। विधायक ने बताया कि मामले में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।विधायक का कहना है कि जो लोग मर चुके हैं, उनका वोट भी डाला गया। गाजियाबाद के लोनी इलाके के 10 मई को नगर पालिका चुनाव के दौरान फर्जी वोटिंग का आरोप लगा है। बीजेपी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि जिन लोगों की मृत्यु हो चुकी है, उनके नाम पर वोट डाले गए। जो लोग जेल में हैं, उनके नाम भी वोटिंग की गई।

उनके नाम का वोट भी डाला गया यह तमाम तरह की चीजें सामने आई है, जिसमें पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोप है की लोनी में लगभग 40000 वोट फर्जी डाले गए हैं। यह पूरी फ्रॉड है। हर बूथ पर फर्जी वोट डाले गए। विधायक ने कहा कि चुनाव निरस्त होने चाहिए। हमने निर्वाचन आयोग को भी लेटर भेजा है। विधायक ने आरोप लगाया कि दिल्ली से गाजियाबाद आकर लोग वोट डाल रहे थे। दिल्ली से फर्जी वोटर गाजियाबाद में ठहरे हुए थे। खास बात यह है कि विधायक ने कहा कि ऐसा कुछ अल्पसंख्यक क्षेत्रों में हुआ।

बीजेपी विधायक ने मांग की है कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि कितने लोगों के फर्जी आधार कार्ड बनाए गए । रैकेट का खुलासा होगा, जिसमें कुछ राजनीतिक दलों पर भी आरोप लगाए है। उन्होंने कहा कि एफआईआर दर्ज हो चुकी है।

तीन सटोरिए गिरफ्तार,आईपीएल में सट्टा लगवाते थे 44 हजार रुपए कैश और 10 मोबाइल बरामद

लखनऊ । लखनऊ में आशियाना पुलिस ने मोबाइल के जरिए लोगों को आईपीएल पर सट्टा लगवाने वाले तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है।डीसीपी पूर्वी ह्रदेश कुमार ने बताया कि यह लोग क्षेत्रीय लोगों से मोबाइल पर आईपीएल की टीम की जीत से लेकर एक-एक गेंद पर मिलने वाले रन पर सट्टा लगवाते थे। इनका नेटवर्क कैसे चल रहा था और इनका सरगना कौन है इसका पता लगाया जा रहा है। आशियाना इंस्पेक्टर अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आईपीएल टी- 20 क्रिकेट के चेन्नई सुपर किंग्स बनाम कोलकत्ता नाईट राइडर्स मैच के दौरान सट्टेबाजी करने वाले तीन लोगों को पकड़ा गया।

जी-20 पुरे विश्व के सभी गैर सरकारी संस्थाओ को एक मंच प्रदान करता है: डॉ सुचिता

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

जी 20 अंतर्गत सी 20 का पूर्वी राज्यों के गैर सरकारी संस्थाओं के साथ राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन इंदिरा नगर स्थित होटल बेबियन इन में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि राज्य बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ सुचिता शुक्ला, ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में उतर प्रदेश के गैर सरकारी संस्था के प्रमुख लोगो ने भाग लिया। कार्यक्रम में अतिथि डॉ सुचिता शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा की जी 20 पुरे विश्व का सिविल सोसाइटी का अधिकारीक संबध है जो सभी गैर सरकारी संस्थाओ को एक मंच प्रदान करता ह। वैसे गैर सरकारी संस्थाए जो अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे है वैसे गैर सरकारी संस्थाए इसमे भाग ले सकते है और वे अपने क्षेत्र के प्रमुखता से विश्व पटल पर रख सकते है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के 45 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इसी क्रम में पूर्वी राज्यों के जी 20 के समन्वयक संजय कुमार मिश्रा ने विज्ञानं फाउंडेशन के सचिव संदीप खरे को जी 20 का झंडा दे कर उन्हें उत्तर प्रदेश जिला स्तर पर सी 20 का बैठक आयोजित करने हेतु सेक्रेटेरियत का फ्लैग सौंपा, श्री मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा जी-20 का आयोजन विदेशो में अनुदान देने वाले संस्थाए करती आ रही है जिसमे 15-20 प्रतिभागी भाग लेते है मगर भारत में छोटे छोटे गैर सरकारी संस्थाए बिना किसी लाभ के जमीनी स्तर पर कार्यक्रम को करती हैं। श्री मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा की हरा देश वसुधैव कुटुम्बकम का देश है और हमें बहुत ही गौरवान्वित महसूस होना चाहिए की अब हमारे देश में भी एक ऐसा मंच तैयार हो रहा है की जिसमे हम सभी गैर सरकारी संस्थाए अपनी आवाज को उठा सकते है। इसका नेतृत्व उत्तर प्रदेश में विज्ञानं फाउंडेशन के सचिव संदीप खरे करेंगे।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने शुरू किया अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी

लखनऊ। भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ बड़ौदा (बैंक) ने नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड (एनईएसएल) की साझेदारी में अपने बड़ौदा इंस्टा प्लेटफॉर्म पर इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी (ई-बीजी) के शुभारंभ की घोषणा की जो इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से अंतर्देशीय बैंक गारंटी जारी करने के लिए एक प्लेटफार्म प्रदान करता है। एनईएसएल भारत की पहली और एकमात्र सूचना व्यवस्था है, जो दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 (आईबीसी) के प्रावधानों के तहत भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) द्वारा विनियमित है। इस शुभारंभ के साथ, बैंक ऑफ बड़ौदा इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी जारी करने वाले बैंकों के एक चुनिंदा समूह में शामिल हो गया है। इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी पूरे लाइफसाइकिल के तहत जारी करने, संशोधित करने और बंद करने सहित एक स्टार्ट-टू-एंड डिजिटल प्रक्रिया है जिसके परिणामस्वरूप बैंक गारंटी को जारी करने के टर्नअराउंड समय में काफी कमी आएगी तथा साथ ही अधिक सुरक्षा और आसान पहुंच भी प्राप्त होगी। अंतर्देशीय बैंक गारंटी जारी करने की पारंपरिक कागज-आधारित प्रक्रिया में इसे जारी करने से लेकर लाभार्थी द्वारा प्राप्ति तक, इसको निष्पादित करने में प्राय: कुछ दिन का समय लगता है। इसके अलावा, एक केंद्रीय रिपॉजिटरी के ना होने से, बीजी की स्थिति को सत्यापित करना मुश्किल है और इसके दुरुपयोग होने की भी संभावना होती है। ई-बीजी में, भौतिक मुद्रांकन को एनईएसएल के माध्यम से ई-मुद्रांकन के साथ प्रतिस्थापित किया जाता है, जिससे धोखाधड़ी को रोका जा सकता है। ई-बीजी को एक केंद्रीय रिपॉजिटरी में जमा रखा जाता है जिसके परिणामस्वरूप सभी हितधारकों के लिए पूर्ण पारदर्शिता और पहुंच के साथ-साथ प्रमाणीकरण और सत्यापन में आसानी होती है। इसके अलावा, एक पारंपरिक बीजी के मामले में औसत 2-3 दिनों के टीएटी के मुकाबले, एक इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी को मिनटों में संसाधित और सुपुर्द कर दिया जाता है।टी. एन. सुरेश, महाप्रबंधक, प्रमुख - विदेशी मुद्रा और शुल्क आय, बैंक ऑफ बड़ौदा ने बताया, ष्इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी एक परिवर्तनकारी सुविधा है जिसके माध्यम से हम अपने ग्राहकों के लिए बैंकिंग को सरल, अधिक सुरक्षित और आसानी से सुलभ बनाने की कोशिश करते हैं। व्यक्तिगत ठेकेदार, एसएमई और बड़े कॉर्पोरेट बैंक गारंटी के लिए प्रमुख आवेदक होते हैं और एक त्वरित, सहज, पारदर्शी और पूरी तरह से सुरक्षित प्रक्रिया वाली ई-बीजी का इस्तेमाल उनके लिए लाभकारी होगा।फएनईएसएल के एमडी और सीईओ श्री देबज्योति रे चौधरी ने कहा, फपिछले कुछ सालों में, भारत ने एक मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा तैयार किया है और यह अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में विकास को गति प्रदान कर रहा है। सामान्य रूप से बैंकिंग उद्योग और विशेष रूप से बीओबी अपने उत्पादों और प्रक्रियाओं को डिजिटल तरीके से उपलब्ध कराने में सबसे आगे रहा है। एनईएसएल का ई-बीजी डिजिटल उत्पाद के रूप में बैंकिंग उद्योग की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता को पूरा करेगा और ई-बीजी जारी करने की भौतिक प्रक्रिया में आने वाली चुनौतियों का समाधान उपलब्ध कराएगा। हमने इस उत्पाद की संकल्पना से लेकर शुभारंभ तक अपने सदस्यों के साथ कई बार विचार-विमर्श किए। हम हर तरह के समन्वय और सहयोग के लिए भारतीय बैंक संघ के आभारी हैं।

नई शिक्षा नीति को लागू करने के दिए निर्देश

लखनऊ विवि के कुलपति ने की बैठक

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

इस बैठक का उद्देश्य नई शिक्षा नीति को लागू करना, आगामी जनवरी में होने वाले भारतीय विज्ञान कांग्रेस अधिवेशन में उनकी सहभागिता और 20 मई को राजनीति विज्ञान, लखनऊ विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम में तमिलनाडु के राज्यपाल के आगमन के विषय में था।

लखनऊ विश्वविद्यालय के मंथन कक्ष में कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने एमिटी विश्वविद्यालय, इंटीग्रल विश्वविद्यालय, रामस्वरूप विश्वविद्यालय, इरा विश्वविद्यालय, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय और महर्षि विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति, प्रति कुलपति, कुलसचिव और निदेशकों के साथ बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य नई शिक्षा नीति को लागू करना, आगामी जनवरी में होने वाले भारतीय विज्ञान कांग्रेस अधिवेशन में उनकी सहभागिता और 20 मई को राजनीति विज्ञान, लखनऊ विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम में तमिलनाडु के राज्यपाल के आगमन के विषय में था। कुछ विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने बताया कि उनके यहां मानविकी, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान विषयों में नई शिक्षा नीति के अनुसार पाठ्यक्रम को लागू कर दिया गया है और कुछ ने बताया कि वे इसे लागू करने की प्रक्रिया में है। इसके पश्चात सभी ने कुलपति जी के कहने पर कि वे लोग अपने यहां के छात्र और शिक्षकों को भारतीय विज्ञान कांग्रेस के अधिवेशन में सहभागिता करने के लिए प्रेरित करें और अपने स्तर से इस अधिवेशन में जो विश्वविद्यालय जो भी सहयोग करना चाहते हैं, चाहे वह गेस्ट हाउस के रूप में हो, हॉस्टल के रूप में हो अथवा चाहे वह यातायात साधन के रूप में हो, अवश्य सहयोग करें। इन विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने कहा कि हमें विस्तृत रूपरेखा प्रेषित कर दिया जाए और हम लोग अपना बेहतर सहयोग लखनऊ विश्वविद्यालय को प्रदान करेंगे। इसके बाद इसी क्रम में कुलपति जी ने लखनऊ विश्वविद्यालय के 5 जनपदों के सहयुक्त महाविद्यालयों एवं राजकीय महाविद्यालयों के आमंत्रित किए गए लगभग 40 प्राचार्यों के साथ बैठक की। इस बैठक में कुलपति ने सभी प्राचार्यो से अपने अपने स्तर से भारतीय विज्ञान कांग्रेस अधिवेशन में सहभागिता करने के लिए कहा। कुलपति जी ने यह भी कहा की वे लोग यदि चाहें तो स्वयं अथवा अपने शिक्षकों को यह प्रस्ताव भी दे सकते हैं कि यदि उनकी इच्छा हो तो वे इस अधिवेशन में आने वाले कुछ प्रतिभागियों को अपने अपने घर पर अपनी इच्छानुसार ठहराने की भी व्यवस्था कर सकते हैं। जिससे बाहर से आने वाले प्रतिभागी हमारी संस्कृति से भी परिचित होंगे और देश में भाई चारे की संस्कृति को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा महाविद्यालयों के गेस्ट हाउस, हॉस्टल और यातायात के साधन में भी जो सहयोग करना चाहें वे अवश्य सहयोग करें, विश्वविद्यालय भी अपने स्तर से समुचित प्रयास कर रहा है। बाहर से आने वाले प्रतिभागियों को ये संदेश जाए कि यह आयोजन केवल लखनऊ विश्वविद्यालय का ही नहीं, वरन पूरे लखनऊ शहर का है। इसके बाद कुलपति ने सभी प्राचार्यो से कहा कि वे अपने स्तर से पाठ्यक्रम को पूरा कराने का प्रयास करें, जिससे समय से परीक्षा हो एवं परीक्षा फ्ल समय से निकले और आगामी सत्र की कक्षाएं समय से संचालित की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि कालेज एकेडमिक ऑडिट की रिपोर्ट अवश्य जमा कर दें। कुछ महाविद्यालयों के प्राचार्य द्वारा अनुरोध करने पर कुलपति जी ने नैक की तैयारियों और प्रोन्नति के एपीआई के लिए निदेशक आइक्यूएसी को निर्देशित किया कि वह महाविद्यालयों के शिक्षकों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन करें जिससे महाविद्यालयों के शिक्षकों को नैक की तैयारी और एपीआई के विषय में समुचित जानकारी प्राप्त हो सके।

गोरखनाथ मंदिर में लगे जनता दर्शन के दौरान 6 माह की दिव्यांग बच्ची को अन्नप्राशन कराते मुख्यमंत्री

खबरें एक नजर में

मोबाइल लूटने वाले छह शातिर गिरफ्तार

लखनऊ समृद्धि न्यूज। लखनऊ में राह चलते मोबाइल पर बात करने वालों को शिकार बनाने वाले छह लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूट के 19 मोबाइल फोन और लूट में प्रयोग होने वाली एक बाइक और एक स्कूटी भी बरामद की है। डीसीपी सेंट्रल अपर्णा रजत ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर हसनगंज पुलिस ने मोबाइल लूटने वाले चौक के जीशान, सआदतगंज के उजैफ़, सारिक व अख्तर, डालीगंज के राहुल सिंह और बीकेटी के गुफ़रान को गिरफ्तार किया। इन लोगों ने बताया कि इन लोगों के गिरोह में चोरी के मोबाइल बेंचने वाले दुकानदार भी शामिल है। इस गिरोह से जुड़े लोगों के विषय में जानकारी जा रही है। पुलिस के मुताबिक यह लोग सूनसान गलियों या पार्क के आसपास फोन पर बात करने वालों को निशाना बनाते थे। इसके बाद लूट के मोबाइल की वाट्सएप के जरिए चोरी के मोबाइल बेचने वालों को फेटो भेजते थे। मोबाइल की कंडीशन के हिसाब से उसकी रकम तय होती थी। चोरी के मोबाइल खरीदने वाले दुकानदारों के विषय में जानकारी जुटाई जा रही है।

बात नहीं मानी तो हटा दी गई ईमानदार एसडीएमः अखिलेश

लखनऊ समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष विधानसभा अखिलेश यादव ने सहारनपुर की छुटमालपुर नगर पंचायत मामले में सरकार पर आरोप लगाया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि सरकार ईमानदार अधिकारियों को बात न मानने पर हटा रही है और उन्हें निष्क्रिय पदों पर भेज रही है। भाजपा सरकार ईमानदार अधिकारियों को निष्क्रिय पदों पर भेजकर अपनी बेईमानी का सबूत दे रही है। सहारनपुर में 22 मतों से सपा के नगर पंचायत अध्यक्ष की जीत को दबाव के बाद भी एक सत्यनिष्ठ अधिकारी द्वारा न बदले जाने पर, उसे ही इस सरकार ने बदल दिया। सपा ईमानदारों अधिकारियों के साथ है। एसडीएम रम्या आर को हटाकर डीएम ऑफिस से अटैच कर दिया गया है।

मोबाइल लूटने वाले छह शातिर गिरफ्तार

लखनऊ समृद्धि न्यूज। लखनऊ में राह चलते मोबाइल पर बात करने वालों को शिकार बनाने वाले छह लुटेरों को थाना हसनगंज पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूट के 19 मोबाइल फोन और लूट में प्रयोग होने वाली एक बाइक और एक स्कूटी भी बरामद की है।डीसीपी सेंट्रल अपर्णा रजत ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर हसनगंज पुलिस ने मोबाइल

लूटने वाले चौक के जीशान, सआदतगंज के उजैफा, सारिक व अख्तर, डालीगंज के राहुल सिंह और बीकेटी के गुफरान को गिरफ्तार किया।इन लोगों ने बताया कि इन लोगों के गिरोह में चोरी के मोबाइल बेंचने वाले दुकानदार भी शामिल है। इस गिरोह से जुड़े लोगों के विषय में जानकारी जा रही है।पुलिस के मुताबिक यह लोग सूनसान गलियों या पार्क के आसपास फोन पर बात करने वालों को निशाना बनाते थे।इसके बाद लूट के मोबाइल की वाट्सएप के जरिए चोरी के मोबाइल बेचने वालों को फोटो भेजते थे।मोबाइल की कंडीशन के हिसाब से उसकी रकम तय होती थी। चोरी के मोबाइल खरीदने वाले दुकानदारों के विषय में जानकारी जुटाई जा रही है।

मंत्री जेपी .एस राठौर ने किया सदर बाजार मे यूपी कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड नई शाखा का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

लखनऊ के सदर बाजार क्षेत्र में यूपी कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की सदर शाखा का नये भवन का शुभारंभ सहकारिता राज्य मंत्री (स्वंत्रत प्रभार) उत्तर प्रदेश सरकार जेपी.एस राठौर द्वारा किया गया। यूपी सरकार में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने अपने बयान में कहा प्रदेश स्तर पर उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की 40 शाखाएं कार्यरत हैं जिनके माध्यम से ग्राहकों को सस्ते ब्याज पर समस्त प्रकार के लिए उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कोऑपरेटिव बैंक में आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं इंटरनेट बैंकिंग मोबाइल बैंकिंग आइएमपीएस यूपीआई एटीएम तथा पोस मशीन आदि व्यवसायिक बैंकों की भांति उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल के कार्यकाल को जनता तक पहुंचाने का काम 1 महीने तक किया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा जनता के हित में जो भी योजनाएं चलाई गई हैं। उनको जनता तक हमारे कार्यकर्ता नेता विधायक सांसद पहुंचाने का काम करेंगे क्योंकि आप जो काम करते हैं उसको जनता तक पहुंचाना जरूरी है। आज कोआपरेटिव बैंक वो सभी सुविधाएं अपने ग्राहकों तक पहुंचा रहा जो डिजिटल लेन देन को बढ़ावा भी दे रही है। यू.पी.आई,आई.एम.पी.एस, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, सभी सुविधाएं ग्राहकों तक पहुंचाई जा रही है। बैंक को आगे बढ़ाने की दिशा में यूपी कोआपरेटिव बैंक एक और नया कीर्तिमान हासिल करने जा रहा है। जिसके लिए ब्यूरो ऑफइंडियन स्टैण्डर्ड सर्टिफ्किेट के लिए अप्लाई कर दिया गया है। जिसके चलते बैंक को जल्द ही सेवात्तम प्रमाण पत्र बैंक को मिल जायेगा, जिससे यू पी कोआपरेटिव बैंक पहला ऐसा बैंक होगा जो सेवात्तम प्रमाणित होगाः। वहीं निकाय चुनाव में जिस तरह का भी बीजेपी के ऊपर आरोप विपक्ष लगा रहा हूं वह सभी निराधार हैं विपक्ष के पास किसी प्रकार का काम नहीं बचा है। अपनी हार को स्वीकार ना नहीं चाहते उनको सिर्फ दूसरों पर ठीकरा फोड़ना आता हैंप् हमने काम किया है इसलिए जनता ने हमें स्वीकारा हैं। यूपी कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की सदर शाखा का नये भवन का शुभारंभ का करने के लिए मुख्य अतिथि के तौर माननीय सहकारिता राज्य मंत्री (स्वंत्रत प्रभार) जेपी. एस राठौर, विशिष्ट अथिति बी.एल मीणा प्रमुख सचिव सहकारिता, अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक बैंकिंग बी.चंद्रकला ,बैंक के सभापति तेजवीर सिंह, प्रबंध निदेशक वी. के मिश्रा समेत बैंक के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सहकारिता मंत्री ने शाखा में नए खाताधारकों को अपने हाथ से चेक बुक प्रदान एवं ऋण प्राप्त करने वाले ग्राहकों को ऋण का चेक दिया गया।

उप मुख्यमंत्री ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम

जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदानः केशव

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने- 7 कालीदास मार्ग स्थित आवास कैम्प कार्यालय पर जनता दर्शन कार्यक्रम में आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने से संबंधित समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी ।जनता दर्शन मे प्रतापगढ़, प्रयागराज, लखीमपुर खीरी, जौनपुर ,गोंडा ,मिर्जापुर, झांसी ,कासगंज, शाहजहांपुर, कौशांबी ,गाजियाबाद, कानपुर देहात सीतापुर ,कुशीनगर ,बस्ती, कानपुर नगर, गौतमबुद्धनगर, बहराइच ,कासगंज, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर ,कन्नौज, वाराणसी गोंडा अलीगढ़ गोरखपुर सहित लगभग ढाई दर्जन से अधिक जिलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत प्रतापगढ़, अम्बेडकरनगर सहित अन्य कई जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षक कन्नौज, उच्चाधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की।

उप्र निकाय चुनावः राज्य की राजनीति में नए खिलाड़ियों आप, एआईएमआईएम ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में हाल में संपन्न नगर निकाय चुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महापौर की सभी 17 सीटों पर जीत हासिल कर और 50 प्रतिशत से अधिक पार्षदों की सीट पर कब्जा कर भले ही शानदार विजय हासिल किया हो, लेकिन इस चुनाव में राज्य की राजनीति में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) और आम आदमी पार्टी (आप) जैसे नए खिलाड़ियों ने भी कहीं-न-कहीं अपनी मौजूदगी दर्ज करायी है। आप और एआईएमआईएम दोनों ने महापौर की कोई सीट नहीं जीती, लेकिन एआईएमआईएम के 19 उम्मीदवारों ने पार्षदों की सीट (राज्य के विभिन्न नगर निगमों में) जीती, जबकि आप के आठ उम्मीदवार भी पार्षद बने। राज्य में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए आप और एआईएमआईएम ने तीन-तीन सीटें जीती हैं। एआईएमआईएम के 33 उम्मीदवार नगर पालिका परिषद के सदस्य चुने गए, जबकि आप के 30 उम्मीदवारों ने भी इसी पद पर जीत दर्ज की। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में आप के छह और एआईएमआईएम के एक उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। नगर पंचायत सदस्य पद के लिए हुए चुनाव में आप के 61 उम्मीदवार विजयी हुए और एआईएमआईएम के 23 उम्मीदवारों ने सफलता का स्वाद चखा। राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) के अनुसार, आप और एआईएमआईएम द्वारा जीती गई कुल सीटें क्रमशः 108 और 80 हैं। आयोग ने बताया कि शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव में आप और एआईएमआईएम (सभी पदों को ध्यान में रखकर) का कुल वोट शेयर क्रमशः 1.63 फीसदी और 1.62 फीसदी रहा। विभिन्न पदों पर पार्टी उम्मीदवारों की जीत की सराहना करते हुए उत्तर प्रदेश में आप के वरिष्ठ नेता शेखर दीक्षित ने कहा, ''पार्टी ने रामपुर में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए एक महत्वपूर्ण जीत दर्ज की, जहां पार्टी की उम्मीदवार सना खानम ने 43,121 मतों के साथ जीत हासिल की। भाजपा के मसरत मुजीब 32,173 मतों के साथ उपविजेता रहे और समाजवादी पार्टी (सपा) की फातमा जाबी 16,273 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।''दीक्षित ने कहा कि आप भाजपा के लिए एक ''व्यवहार्य विकल्प'' बन गई है। इस चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा, ''लोगों ने सपा से दूर जाना शुरू कर दिया है और आप में लोग भाजपा का विकल्प देख रहे हैं। अगर कोई देश में विपक्षी पार्टी का काम कर रहा है तो वह या तो कांग्रेस के राहुल गांधी हैं या आप के अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह की जोड़ी है।''एआईएमआईएम के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद असीम वकार से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि पार्टी जीतने वाले उम्मीदवारों का विवरण संकलित कर रही है। मौजूदा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन के संभावित कारणों के बारे में पूछे जाने पर वकार ने कहा, ''मतदाता बहुत समझदार हैं। जब शिक्षा के स्तर में सुधार होता है, तो सोचने के तरीके में एक स्पष्ट परिवर्तन होता है। मतदाता जानते हैं कि उनके लिए और उनके अधिकारों के लिए कौन खड़ा होगा।''

पुरानी पेंशन को लेकर मशाल जुलूस निकाला जाएगा

लखनऊ। पुरानी पेंशन को लेकर प्रदेश स्तर पर आंदोलन तेज हो रहा है। यूपी में 21 मई को सभी जिला मुख्यालय पर मशाल जुलूस निकाला जाएगा। उसके अलावा 21 जून को लखनऊ में बड़ा प्रदर्शन होने जा रहा है।पुरानी पेंशन बहाली मंच के तहत यह आंदोलन किया जाएगा। मंच के संयोजक हरिकिशोर तिवारी ने कहा देश के 6 राज्यों में इसको लागू कर दिया गया है। अब देश के प्रमुख राजनीतिक दल आगामी चुनावों में अपने घोषणापत्र में शामिल करने की बात कर रहे हैं। पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच द्वारा उत्तर प्रदेश में पेंशन रथ यात्रा का प्रारंभ किया जा रहा है। पहले चरण में रथ यात्रा की शुरुआत 16 मई 2023 को कानपुर नगर से होगी। इसका शुभारंभ मंच के राष्ट्रीय संयोजक एवं रेलवे मेंस यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव शिव गोपाल मिश्रा झंडी दिखाकर करेंगे। रथ यात्रा कानपुर नगर से शुरू होकर बुंदेलखंड होते हुए पूर्वांचल में प्रवेश करेगी। पूर्वांचल के समस्त जनपदों से गुजरते हुए लखनऊ आकर प्रथम चरण की समाप्ति होगी। द्वितीय चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश व रुहेलखंड के जनपद रहेंगे।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन को लेकर डीएम ने की बैठक

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार द्वारा आगामी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन के दृष्टिगत जनपद के समस्त होटलो के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी, अभिहीत अधिकारी खाद्य सुरक्षा, समस्त होटलों के पदाधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी होटलो के पदाधिकारियों की बताया गया कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन 25 मई 2023 से 3 जून 2023 तक जनपद में होगा।

जिसके दृष्टिगत पूरे भारत वर्ष से एथेलेट्स/आफिशियल दिनाक 22 मई 2023 से आने शुरू हो जाएंगे और 3 जून तक वह जनपद में रहेंगे। जिलाधिकारी ने बताया की यह हमारे लिए गर्व की बात है की इतना बड़ा आयोजन हमारे जनपद को मिला है जिसमे पूरे पैन इंडिया से एथलीट्स व आफिशियल शामिल होने आ रहे है। उन्होंने कहा की आयोजन में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों/आफिशियल को सुखद अनुभूति दे ताकि वह जब वापस जाए तो हमारे यहां की सुखद यादें लेकर वापस जाए। सभी होटलो को शासन द्वारा जारी प्राइस गाइडलाइन व स्ह्क का अनुपालन करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि सभी होटल्स देश/प्रदेश की गरिमा बढ़ाने के उद्देश्य से पूरा सहयोग करे और अतिथि देवो भव की भावना के साथ आने वाले समस्त अतिथियों का आदर सत्कार करे। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी पदाधिकारी अपने अपने होटलो को अपग्रेड करे, रुमो की संख्या को बढ़ाए। बैठक में आए होटल्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा ि?लाधिकारी को आश्वस्त किया गया की उनके द्वारा पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा। ि?लाधिकारी द्वारा बताया गया की खेलो इंडिया के मद्देनजर हर होटल में हेल्पडेस्क स्थापित कराई जाएगी। हेल्पडेस्क में होटल्स की तरफ से एक व्यक्ति व प्रशासन की तरफ से एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। साथ ही हेल्पडेस्क पर प्रदेश के पर्यटन स्थलों की जानकारी/टूर पैकेज के संबंध में ब्रोशर पर्यटन विभाग की तरफ से उपलब्ध कराए जाएंगे

जिलाधिकारी द्वारा सभी होटल्स को अपने स्टाफ की ट्रेनिग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि होटल्स के सभी कर्मचारी अतिथियों के प्रति सहयोगात्मक रवैय्या अपनाए। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों की ऐसी ट्रेनिंग की जाए कि सभी अतिथि उनकी हॉस्पिटैलिटी से पूर्ण सन्तुष्ट होकर अपने प्रदेश वापस लौटे।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 219.03 करोड़ स्वीकृत

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत इन्सेंटिव मनी के रूप में भारत सरकार द्वारा अवमुक्त केन्द्रांश 131.42 करोड़ रूपये तथा मैचिंग राज्यांश 87.61 करोड़ रूपये कुल 219.03 करोड़ रूपये की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है। शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है ।डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत धनराशि का व्यय योजनान्तर्गत निर्धारित गाइडलाइंस दिशा निर्देशों में उल्लिखित व्यवस्था एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त व्यवस्था के अन्तर्गत किया जाय ।जारी शासनादेश में निर्देश दिए गए हैं कि स्वीकृत धनराशि के नियम संगत आहरण व्यय, स्वीकृत की गई धनराशि के विरुद्ध निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त होने तथा निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त किए जाने का दायित्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण लखनऊ का होगा।

पेराई सत्र 2023-24 के लिए गन्ना सट्टा एवं आपूर्ति नीति जारी

लखनऊ समृद्धि न्यूज

गन्ना कृषकों की बढ़ रही उपज दृष्टिगत प्रति हेक्टेयर सट्टे की सीमा में की गयी बढ़ोत्तरी60 कुन्टल की जगह अब 72 कुन्टल के सट्टाधारक माने जायेगें छोटे कृषक प्रत्येक ऑनलाइन ट्रांसफर में अब जारी होगी तौल लिपिकों की प्रतीक्षा सूची

प्रति कृषक गन्ना सट्टे की सीमा सीमान्त कृषक के लिए अधिकतम 850 कु. से बढ़ाकर 900 कु., लघु कृषक के लिये 1,700 कु. से बढ़ाकर 1800 कु. तथा सामान्य कृषक के लिये 4,250 कु. से बढ़ाकर 4500 कु. की गईउपज बढ़ोत्तरी की दशा में सट्टे की अधिकतम सीमा सीमान्त, लघु एवं सामान्य कृषक हेतु क्रमशः 1350 कु. से बढ़ाकर 1400 कु. 2,700 कु. से बढ़ाकर 2800 कु. तथा 6,750 कु. से बढ़ाकर 7000 कु. निर्धारित की गई विगत दो वर्ष तीन वर्ष एवं पांच वर्ष की औसत गन्ना आपूर्ति में से अधिकतम औसत गन्ना आपूर्ति होगी कृषक का पेराई सत्र 2023-24 के लिए बेसिक कोटासट्टाधारक सदस्य कृषक की पेराई सत्र के दौरान आकास्मिक मृत्यु की दशा में बन्द नही होगा सट्टा पंजीकृत बीज गन्ना उत्पादक कृषकों द्वारा सत्र के दौरान बीज के रूप में वितरित की गई गन्ने की मात्रा को भी उस सत्र के बेसिक कोटा के निर्धारण हेतु गन्ना आपूर्ति में जोड़ा जायेगा किसी समिति पर्ची पर एक से अधिक बार तौल करने पर मिल तौल लिपिक तथा समिति लिपिक सीधे उत्तरदायी होगे तथा उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी

जिलाधिकारी ने किया स्मार्ट क्लास का शुभारंभ

स्मार्ट क्लास में आधुनिक तरीके से बच्चे करेंगे पढ़ाई, बनेंगे स्मार्ट

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

छात्र-छात्राओं को तराशने का काम गुरूजन करते हैं और बच्चों की मेहनत तथा बेहतर शैक्षिक वातावरण बच्चों को बुलंदियों पर पहुंचाते हैं। यह बात जिलाधिकारी डॉ उज्ज्वल कुमार ने मुजेहना ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेसहूपुर में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ करते हुए कही। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि हम बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा का वातावरण दें तो बच्चे अपनी जिंदगी में सब कुछ हासिल कर सकते हैं। उन्होंने स्मार्ट क्लास के उद्घाटन के बाद उसका संचालन भी देखा वहां पर उपस्थित बच्चों से स्मार्ट क्लास से पढ़ाए जाने को लेकर जानकारी ली।

स्मार्ट क्लास की व्यवस्था हो जाने पर सभी बच्चे बेहद उत्साहित दिखे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जनपद के पांच विद्यालय कमपोजिट विद्यालय लक्ष्मणपुर जाट, कंपोजिट विद्यालय कर्नलगंज, कमपोजिट विद्यालय छावनी सरकार, उच्च प्राथमिक विद्यालय बेसहूपुर तथा प्राथमिक विद्यालय बेलवा में स्मार्ट क्लास की स्थापना एचडीएफसी बैंक के द्वारा सीएसआर मद से कराई गई है।

एचडीएफसी बैंक के परिवर्तन प्रोजेक्ट ने गोण्डा के सरकारी स्कूल्स में स्मार्ट क्लासरूम्स का शुभारम्भ किया। इस पहल के तहत एचडीएफसी बैंक राज्य शिक्षा बोर्ड के साथ मिल कर सरकारी स्कूलों को डिजीटल बनाने के लिए काम कर रहा है। इसके अलावा बैंक ने पाठ्यक्रम आधरित ई-लर्निंग सामग्री वितरित करने के लिए कक्षाओं में डेस्कटॉप्स और प्रोजेक्टर्स जैसे आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर्स स्थापित किए है। इसके अलावा बैंक इन स्कूलों के अध्यापकों को भी डिजीटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के बारे में प्रशिक्षित किया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्मार्ट क्लास के द्वारा बच्चों को आधुनिक तरीके से परीक्षा देने में काफी मदद मिलेगी छोटे-छोटे बच्चों को तकनीक के बारे में समझने का बेहतर मौका मिलेगा।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी मुजेहना विकास मिश्र, खंड शिक्षा अधिकारी मुजेहना, एचडीएफसी बैंक के पीयूष शाही क्लस्टर हेड मोहम्मद शकील गवर्नमेंट इंस्टीट्यूशनल बिजनेस एरिया हेड व ब्रांच मैनेजर मौजूद रहे।

डीएम ने राजकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

सोमवार को जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण कर कार्य प्रगति का लिये जायजा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने 282 करोड़ की लागत से बन रहे राजकीय मेडिकल कॉलेज में पहुंचकर प्राचार्य आवास, प्रशासनिक भवन, महिला छात्रावास, पुरुष छात्रावास एवं अन्य सभी तैयार हो रहे सभी बिल्डिंग भवनों में जाकर कार्य प्रगति एवं गुणवत्ता की जानकारी ली। साथ ही संबंधित कार्यदाई संस्था एवं अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि राजकीय मेडिकल कालेज के निर्माण में और तेजी लाएं ताकि सत्र प्रारंभ से पहले पूरी गुणवत्ता के साथ तैयार हो सके। निरीक्षण के दौरान कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज में बचे हुए कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द तैयार करना सुनिश्चित करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल, एई भवन निर्माण खंड बलरामपुर, सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अटल आवासीय विद्यालय में श्रमिकों के बच्चे पायेंगे शिक्षा

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

उपश्रमायुक्त देवीपाटन मंडल अनुभव वर्मा ने बताया कि निर्माण श्रमिकों के बच्चों को नवोदय विद्यालय जैसी शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद के तहसील मनकापुर के ग्राम सिसवा में बने अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र जुलाई से प्रारम्भ हो रहा है। वर्ष 2023-24 के लिए कक्षा-6 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 10 जून को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोंडा में किया जायेंगा। उन्होंने कहा है कि वे निर्माण श्रमिक जिनका उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकरण 01-04-2023 को 3 वर्ष पूरा हो चुका है उनके 10 वर्ष से 13 वर्ष आयु के पुत्र व पुत्रियां (जन्म एक मई 2010 से पहले और 30 अप्रैल 2013 के बाद नही होना चाहिए) आवेदन हेतु पात्र हैं साथ ही कोरोना काल में निराश्रित हुये बच्चे तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा भी प्रवेश परीक्षा में आवेदन हेतु पात्र हैं वे कार्यालय उपश्रमायुक्त देवीपाटन मंडल सिविल लाइन से आवेदन निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थियों के आवेदन कार्यालय में 22 मई तक प्रातः10 बजे से सायं 5बजे तक प्राप्त/जमा किए जाएंगे। उन्होंने बताया है कि कार्यालय में आवेदन अवकाश के दिनों में भी प्राप्त/जमा किये जा सकते हैं। उपश्रमायुक्त ने सभी निर्माण श्रमिकों से अपील की है जो भी निर्माण श्रमिक पात्रता पूरी करते हैं वे अपने पुत्र पुत्रियों का आवेदन कराकर प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग करायें।

रेलवे सुरक्षा बल ने कन्या की शादी में दी सहायता राशि

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। पूर्वोत्तर रेलवे सेमरा रेलवे कालोनी स्थित रेलवे सुरक्षा बल बैरक में आउट सोर्स पर कार्यरत सफाई कर्मी दिनेश कुमार जी की पुत्री की शादी में रेलवे सुरक्षा बल गोंडा द्वारा कन्या शादी सहायता के रूप में नगद 52251.00 (बावन हजार दो सौ इक्यावन रुपए) सहायता राशि एवं साड़ियां प्रदान किया गया। निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह द्वारा बताया गया कि जब रेलवे सुरक्षा बल थाना गोंडा के अधिकारियों कर्मचारियों को पता चला कि उनके बैरक में प्राइवेट सफाई कर्मी की पुत्री की शादी है तो सभी ने इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर आर्थिक सहयोग राशि एकत्र की एवं उनके ग्राम भन्दहा में जाकर आर्थिक सहयोग राशि व साड़ियां उन्हें भेंट की। सहयोग राशि पाकर जहां दिनेश प्रफुल्लित व भाव विभोर हो गए वहीं शादी समारोह में उपस्थित अतिथि व अन्य ग्राम वासियों द्वारा रेलवे सुरक्षा बल गोंडा की भूरी भूरी प्रशंसा की गई। रेलवे सुरक्षा बल गोंडा एक तरफ रेल संपत्ति एवं अपने यात्रियों की सुरक्षा व उनके सुख सुविधाओं के लिए तत्पर होकर कार्य कर रही है वहीं दूसरी तरफ समाज के ऐसे नेक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर अपना पुनीत योगदान दे रही है।

आलोक बने सीजीएसटी इन्सपेक्टर

गोंडा, समृद्धि न्यूज। एसएससी सीजेएल 2022 का परीक्षा परिणाम आने के बाद आलोक तिवारी चकबंदी लेखपाल बहराइच का चयन सीजीएसटी इन्सपेक्टर के पद पर हुआ है। वह सेल्फ स्टडी कर इस मुकाम पर पहुंचे है और चकबंदी विभाग से निजात पा लिये। कारण उनका दिल चकबंदी विभाग में नहीं लगता था। उनकी इच्छा रही कि वह केंद्रीय सेवा में जाए, श्री तिवारी के पिता गुलाब दत्त तिवारी जो ग्रामीण बैंक में ब्रान्च मैनेजर से अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

गोंडा जिले विकास खण्ड झंझरी के ग्राम पंचायत मोकलपुर के निवासी है। इनका चयन होने पर ग्राम प्रधान आनंद प्रकाश चतुर्वेदी, रमाशंकर चैबे, केएल चैबे, सुशील तिवारी, लाल बिहारी शुक्ल, अजीत तिवारी, विपिन शुक्ला ने बधाई दी है।

बरतें सावधानी, मच्छरों का वार बढ़ा सकता है परेशानी : सीएमओ

गोंडा, समृद्धि न्यूज़

डेंगू गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों में से एक है। देश में हर साल इस बीमारी से लाखों लोग ग्रस्त रहते हैं। वहीं कुछ लोगों के लिए यह बीमारी जानलेवा भी साबित होती है। खासतौर पर बारिश के शुरुआती दौर में डेंगू के मामले सबसे ज्यादा देखे जाते हैं। ऐसे में आमजन को इस बीमारी के प्रति जागरुक होना बेहद जरूरी चाहिए।

सीएमओ डॉ रश्मि वर्मा का कहना है कि जन-जागरुकता और जानकारी की कमी के कारण हर साल लोग डेंगू बुखार की चपेट में आ जाते हैं। इस बीमारी के बारे में लोगों को जागरुक करने और डेंगू से होने वाली मौतों को रोकने के लिए ही हर वर्ष 16 मई को विश्व डेंगू दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस को हार्नेस पार्टनरशिप टू डिफीट डेंगू की थीम के रूप में मनाया जायेगा। जनसामान्य की सहभागिता के लिए जागरुकता गोष्ठी, रैली व विद्यालय / स्कूलों में बचाव और रोकथाम के सन्देश आदि कार्य किए जाएंगे।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस

रहें सावधान, दिन में काटता है डेंगू का मच्छर, लक्षण दिखते ही कराएं स्वास्थ्य परीक्षण

सामान्यतः दिन में काटता है डेंगू का मच्छर

एसीएमओ व वेक्टर बॉर्न डिजीज के नोडल डॉ सीके वर्मा ने बताया कि डेंगू एडीज एजिप्टी नामक मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर सामान्यतः दिन में काटता है और साफ पानी जैसे- कूलर, टंकी या घर में खुले में रखे बर्तन जिसमें कई दिनों से पानी बदला न गया हो या अन्य कोई जगह जहाँ पानी जमा हुआ हो, वहाँ डेंगू के मच्छर पनपते हैं।

बरतें यह सावधानी

महामारी विशेषज्ञ हसन इफ्तेखार ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए घर और आसपास पानी जमा न होने दें, कूलर व पानी की टंकी सप्ताह में एक बार खाली करके उसे सुखा कर दोबारा प्रयोग करें, शरीर के अधिकांश भाग को ढकने वाले कपड़े पहनें, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, दिन छिपने के समय खिड़की और दरवाजे बंद रखें, बुखार आने पर डेंगू के लिए खून की जांच कराएं। पॉजिटिव होने पर बिना समय गंवाए चिकित्सक की देखरेख में उपचार शुरु कर देना चाहिए। जमे हुए पानी पर मिट्टी का तेल डालने से डेंगू के मच्छर नहीं पनपते हैं।

मच्छर एक दिन में 70-80 लोगों को बना सकती है निशाना

जिला मलेरिया अधिकारी जेडएस जैदी ने बताया कि एडीज एजिप्टी एक बार में 50 से 100 अंडे देती है। यह एक दिन में 70 से 80 लोगों को काट सकती है। मच्छरों की रोकथाम के प्रयास किए जा रहे हैं।

लक्षण

बाबू ईश्वर शरण जिला चिकित्सालय के फिजीशियन डॉ कुलदीप पाण्डेय के अनुसार, डेंगू वायरल रोग है, इसके लक्षणों में अत्यधिक बुखार होना बीपी का कम होना, शरीर पर चक्कते होना, पूरे शरीर मे दर्द, सांस लेने में तकलीफ होना, उल्टी होना, चक्कर आना, बेहोशी होना इत्यादि होते हैं। डेंगू होने पर जो सावधानी बरती जानी हैं, उनमें रोगी का स्वयं उपचार न करें। बुखार में पैरासिटामॉल दें, सिर पर पानी की पट्टी रखें, पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ पीने को दें । रोगी को एस्प्रिन, ब्रूफेन, बेबोरन टेबलेट न दिए जाएं तथा तुरंत चिकित्सक को दिखाएं।

जिले में डेंगू का हाल

वर्ष -	2020	2021	2022	2023
डेंगू से ग्रसित मरीज -	17	137	188	4

खबरें एक नजर में

बुजुर्ग के परिजनों के द्वारा शव को रखकर किया जा रहा है प्रदर्शन

इटियाथोक/गोंडा ,समृद्धि न्यूज। इटियाथोक थाना क्षेत्र के दरियापुर हरदो पट्टी ग्राम पंचायत में 13 मई को बुजुर्ग की हत्या के मामले में एक नया मोड़ आया है पीड़ित परिवार का कहना है कि पुलिस प्रशासन के द्वारा मुख्य आरोपी पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है मौके पर शव को लेकर पीड़ित परिवार व भीम आर्मी के लोग मौके पर बैठे हुए हैं इटियाथोक पुलिस के द्वारा वार्ता की गई प्रार्थना पत्र पर मुकदमा दर्ज किया गया है पीड़ित परिवार के द्वारा एसपी गोंडा के ऑफिस में पहुंचकर एक प्रार्थना पत्र दिया गया था जिस पर जांच सीओ सदर को सौंपी गई है जांच के उपरांत जो लोग दोषी होंगे उन पर कार्यवाही की जाएगी लेकिन पीड़ित परिवार इस बात पर संतुष्ट नहीं है मृतक के परिजनों का कहना है कि जब तक मुख्य आरोपी पर मुकदमा नहीं लिखा जाएगा शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे समाचार लिखे जाने तक पीड़ित परिवार व भीम आर्मी के लोग घटनास्थल पर शव को लेकर बैठे हुए है।

दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

गोंडा ,समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0मनकापुर पुलिस ने मु0अ0सं0-284/2023, धारा 498ए, 304बी भादवि व 3/4 डी0पी0 ऐक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सुनील कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है उक्त अभियुक्त द्वारा वादिनी के पुत्री की दहेज के लिए प्रताडित करते हुए हत्या किया गया था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0मनकापुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी। **गिरफ्तार अभियुक्त-** 01. सुनील कुमार पुत्र शिव कुमार निवासी भिटौरा हा0मु0 बल्लीपुर थाना कोतवाली मनकापुर जनपद गोंडा।

पुल के नीचे मिला अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव

पुलिस मछुआरों के सहयोग से कर रही है पहचान की कोशिश

बहराइच, समृद्धि न्यूज। लखनऊ बहराइच मार्ग स्थित संजय सेतु के नीचे अज्ञात युवक का क्षत विक्षत शव मिला। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिले के जरवल रोड थाना अंतर्गत घाघराघाट स्थित संजय सेतु पुल के नीचे एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। संजय सेतु घाघरा घाट पुल के नीचे कोठी नंबर 11 के पास लगभग 45 वर्ष के मृतक का शव सबसे पहले मछुआरों ने देखा। इसकी सूचना चौकी पर दी। घाघराघाट चौकी इंचार्ज आदित्य कुमार पुलिस टीम के साथ पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मछुआरों के सहयोग से पहचान की कोशिश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। जानकारी देते हुए चौकी प्रभारी ने बताया क्षत-विक्षत शव को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उसकी मौत चार से पांच दिन पहले हुई है। शव की वीडियो ग्राफी व फोटोग्राफी कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से बालिका का पैर हुआ खराब

केजीएमयू के चिकित्सकों ने काटा

डीएम ने सीएमओ को झोलाछाप के विरुद्ध कार्रवाई के दिए निर्देश

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद के दौलतपुर गांव निवासी एक ग्रामीण ने घायल बेटी का इलाज झोलाछाप के यहां कराया। इसके लिए डेढ़ लाख रूपये भी ले लिया।

इलाज में सुधार न होने पर लखनऊ रेफर कर दिया। पैर सड़ने पर केजीएमयू के डॉक्टर ने काट दिया। पिता ने डीएम को पत्र देकर झोलाछाप के विरुद्ध कार्यवाई की मांग की है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर निवासी अरविंद गुप्ता पुत्र श्रीचंद गुप्ता सोमवार को डीएम को शिकायती पत्र देने पहुंचे। अरविंद ने बताया कि 10 जनवरी बेटी रिम्मी (10) को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसमें वह घायल हो गईं। त्वरित इलाज के लिए रामपुर पॉली क्लीनिक एंड हेल्थ केयर सेंटर ले गया। यहां पर झोलाछाप राकेश यादव ने इलाज किया। 20 दिन निरंतर इलाज के लिए डेढ़ लाख रूपये ले लिया। इसके बाद भी कोई सुधार न होने पर रेफर कर दिया। लखनऊ मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने देखते हुए गलत इलाज की बात कही। लखनऊ में आपरेशन कर पैर काट दिया गया। जिससे उसकी बेटी का जीवन खराब हो गया। ऐसे में जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र ने सीएमओ डॉ सतीश कुमार सिंह को टीम गठित कर जांच कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रकरण की रिपोर्ट भी तलब की है।

पयागपुर विधायक के नेतृत्व में सात निर्दल सभासदों ने थामा भाजपा का दामन

बहराइच, समृद्धि न्यूज। हाल ही में सम्पन्न हुए नगर पंचायत चुनाव पयागपुर में सात निर्दल सभासदों ने भाजपा का दामन थाम लिया। पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल व पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी के नेतृत्व में नवनिर्वाचित सभासदों को भाजपा में शामिल किया गया। वहीं दो सभासद मुकेश शर्मा व जागेश मिश्र भाजपा के सिम्बल से चुनाव जीते थे। अब निर्दल सतेन्द्र तिवारी, विजय गौतम, सुनीता देवी, ज्योति सरोज, रंजीत चौहान, पिंटू सिंह, शिवेंद्र विक्रम सिंह के भाजपा में शामिल होने से अब भाजपा के कुल नौ सभासद हो गए। इस अवसर पर जितेंद्र प्रताप सिंह जीतू, जिला कार्य समिति सदस्य निशंक त्रिपाठी, पार्टी के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहे कपीश सिंह, प्रदीप त्रिपाठी, अजीत शुक्ल, संजीव तिवारी, किंचू मिश्रा सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाली शिक्षिका के लिए आयोजित हुई श्रद्धांजली सभा

शिक्षका की याद में रखा गया दो मिनट का मौन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

बीते गुरुवार को मुस्तफाबाद के पास हुई सड़क दुर्घटना में दिवंगत बाराबंकी निवासी शिक्षिका के लिए जरवल विकास खण्ड के शिक्षकों द्वारा ब्लॉक संसाधन केंद्र जरवल रोड परिसर में एक शोकसभा आयोजित हुई जिसमें मृतका की याद में दो मिनट का मौन रखा गया तथा उसके चित्र पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बाराबंकी के कोठी कला निवासी राजकुमार गुप्ता की पुत्री क्षमारानी ब्लॉक के बिराहिमपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय बिराहिमपुर में सहायक शिक्षिका के रूप में कार्यरत थी बाइक से रोजाना की तरह स्कूल से लौटते वक़्त तेज रफ्तार जायलो कार की भीषण टक्कर में शिक्षिका की दर्दनाक मृत्य हो गयी थी। हादसे में शिक्षिका समेत चार अन्य ने भी जान गंवा दी थी। सोमवार को विकास खंड जरवल के परिषदीय विद्यालयों में छुट्टी के बाद दोपहर में बड़ी संख्या में शिक्षक बीआरसी परिसर में मृतका के आत्मा की शांति के लिए शोक सभा में शामिल हुए। शिक्षकों ने सड़क हादसे की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए अपनी शोक संवेदनायें प्रकट की। शिक्षकों ने दिवंगत शिक्षिका के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा दो मिनट का मौन भी रखा। इस अवसर पर विकास खण्ड के विभिन्न शिक्षक संगठन के पदाधिकारी समेत बीआरसी में कार्यरत स्टाफ तथा सौ से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

डीएम के जनता दर्शन में पहुंची ममता को मिलेगा न्याय

बहराइच समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के जनता दर्शन तहसील मिहींपुरवा अन्तर्गत कोतवाली मुर्तिहा के ग्राम नौबना टेपरा निवासिनी ममता पत्नी बंशी लाल ने उपस्थित होकर बताया कि ग्राम के मनीष पुत्र कुलेराज, मुन्शीलाल पुत्र छेद्दू, छेद्दू व ढोड़े पुत्र छोटे लाल व उर्मिला पत्नी छेद्दू काफी सरकश किस्म के लोग हैं विगत 22 अप्रैल 2023 को उसके घर आये और प्रार्थिनी के पुत्र अंकित उम्र लगभग 13 वर्ष व पति बंशीलाल आयु लगभग 45 वर्ष को बुरी तरह से मारा पीटा जिससे उसके पुत्र का बांया हाथ तथा पति का बांया पैर टूट गया तथा ग्राम प्रधान की शह पर मारपीट की गरज़ से आये लोगों ने उसका घर भी गिरा दिया। घटना के सम्बन्ध में प्रार्थिनी द्वारा स्थानीय थाना में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। लेकिन विपक्षीगण ज़ोर-ज़बरदस्ती से विपक्षी नं. 01 का नाम एफआईआर से निकलवाना चाहते हैं।

प्रार्थिनी ने यह भी बताया कि पति व पुत्र का इलाज करवाने के उपरान्त अब वह अपने घर जाना चाहती है। जिसके लिए उसे पुलिस की सुरक्षा प्रदान की जाए ताकि विपक्षी दोबारा ऐसी वारदात को अंजाम न दे सकें। ममता की फरियाद को गम्भीरता से लेते हुए डीएम डॉ. चन्द्र ने तत्काल उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा से दूरभाष पर वार्ता कर निर्देश दिया कि नायब तहसीलदार व थानाध्यक्ष मुर्तिहा को मौके पर भेजकर प्रकरण की जांच कराएं। जांच के दौरान प्रधान की भूमिका की भी जांच करते हुए फरियादी की आवास से सम्बन्धित समस्या का समाधान कराते हुए 20 मई 2023 तक कृत कार्यवाही से उन्हें भी अवगत कराया जाय।

डीएम ने कहा कि जनससमयाओं के समयबद्ध निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिये गये हैं। गरीब व ज़रूरतमन्द लोगों को न्याय दिलाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है।

डीएम ने पहले भी की थी महिला की मदद

उल्लेखनीय है कि जनसुनवाई की विशेष बात यह रही कि डीएम डॉ. चन्द्र ने फरियादी को देखते ही पहचान लिया। क्योंकि फरियादी इससे पूर्व डीएम के जनता दर्शन में आयी थी। तब उसकी भैंस को कोई व्यक्ति ज़बरदस्ती खोल लें गया था। डीएम द्वारा यह प्रकरण पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में लाने पर थानाध्यक्ष की सक्रियता से भैंस बरामद कर ममता के सुपुर्द कर दी गई थी। फरियादी को डीएम ने बिस्कुट, कम्बल व जाने का किराया देकर बिदा किया था। डीएम के प्रयास से फरियादी को भैंस मिल जाने से फरियादी ने न्याय प्रिय जिलाधिकारी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

आवास की आस में जिलाधिकारी के जनतादर्शन पहुंची फूलपता

डीएम ने अधिकारियो को दिया निर्देश, महिला को मिले न्याय

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

तहसील पयागपुर अन्तर्गत ब्लाक विशेश्वरगंज के ग्राम गुलरिहा निवासिनी वृद्ध महिला फरियादी फूलपता बेवा भगौती आवास की आस लेकर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के जनतादर्शन में उपस्थित हुई। निराश्रित महिला फूलपता ने जिलाधिकारी को बताया कि उसके पुत्र का नाम आवास पात्रता सूची में दर्ज था। परन्तु बेटे और बहू की मृत्यु हो जाने के कारण वह वर्तमान समय में अपनी पोती के साथ फूस के टूटे-फूटे मकान में जैसे-तैसे गुज़र बसर कर रही है। फूलपता ने बताया कि वह अत्यन्त निर्धन व भूमिहीन महिला है। उसे बेटे के स्थान पर आवास योजना से लाभान्वित करने की कृपा की जाए ताकि वह अपनी पोती के साथ गुज़र-बसर कर सके। फूलपता के प्रकरण की गम्भीरता से सुनवाई करते हुए डीएम ने मौके पर ही प्रभारी सीडीओ/डीडीओ महेन्द्र कुमार पाण्डेय को महिला को न्याय दिलाने का निर्देश दिया। साथ ही दूरभाष से खण्ड विकास अधिकारी को भी निर्देशित किया कि प्रकरण की जांच कराकर निराश्रित महिला को नियमानुसार आवास की सुविधा से आच्छादित किया जाय। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर भी मौजूद रही।

न दूल्हा था न दुल्हन फिर भी रात भर आती रही बारातें, होता रहा स्वागत

गाजी की शान में क़सीदे पढ़ते हुए नाचते-गाते हुए पहुंचे जायरीन

आतिशबाजी से जगमग हुआ आसमान

राहुल सोनी

बहराइच, समृद्धि न्यूज। न दूल्हा था न दुल्हन फिर भी पूरी रात सैयद सालार मसऊद गाजी की दरगाह पर बारातों के आने की परंपरा निभाई गई। गाजी की शान में कसीदे पढ़ते हुए बाराती नाचते गाते दरगाह पहुंचे। यहां पर दरगाह प्रबंध समिति ने फूलों की वर्षा कर बारातियों का स्वागत किया। फल फूल और मेवे की डालियां पेश कर जियारत हुयी। बारात के आने के साथ ही आतिशबाजियों का शुरू हुआ सिलसिला पूरी रात चलता रहा। आतिशबाजी से दरगाह परिक्षेत्र का आसमान जगमग दिखा। बारात आने से पूर्व मुख्य मेले का उद्घाटन इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज शमीम अहमद ने परंपरागत तरीके से किया। सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर प्रतिवर्ष जेठ मेला लगता है। 1 माह तक चलने वाले इस मेले में गाजी की दरगाह पर जियारत के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से लोग पहुंचते हैं। दरगाह के जेठ मेले में आकर्षण का केंद्र मुख्य मेले के दिन आने वाली बारातें होती है। इस बार रविवार 14 मई को मुख्य मेले का दिन रहा। मेले में मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज शमीम अहमद रहे उन्होंने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। इसके बाद शाम 7:00 बजे से शुरू हुआ बारातों के आने का सिलसिला पूरी रात चला। गाजी की शान में कसीदे पढ़ते हुए बिन दूल्हा और बिना दुल्हन के बारातें गाजी की दरगाह पर पहुंची। दरगाह प्रबंध समिति के अध्यक्ष शमशाद अहमद की अगुवाई में बारातियों का स्वागत फूलों की वर्षा कर किया गया। अध्यक्ष शमशाद अहमद ने बताया कि पूर्वांचल समेत अन्य प्रदेशों से आने वाली करीब 250 बरातें मेले में रजिस्टर्ड है लेकिन पंजीकृत बारातों के अलावा भी बारातें देश के विभिन्न हिस्सों से बड़े पैमाने पर पहुंची हैं। सोमवार सुबह तक लगभग 672 बाराते गाजी की दरगाह के मुख्य मेले में शामिल हुईं। प्रबंध समिति ने बरातों का स्वागत फूलों की बारिश कर किया। आधी रात को हुई आतिशबाजी से पूरा आसमान जगमग हो उठा। पूर्वांचल, नेपाल, मुंबई, दिल्ली, राजस्थान, बिहार से बराती दरगाह शरीफ में जियारत और परम्परा निर्वहन के लिए पहुंचे। बरातियों के हाथों में निशान, चादर, पलंग पीढ़ी व दहेज का पूरा सामान था। बरातें जंजीरी गेट से प्रवेश कर नाल दरवाजा होते हुए गाजी की दरगाह पर पूरी रात हाजिरी लगाती रहीं। गाजी की दरगाह पर पलंग पीढ़ी व दहेज का सामान रखा गया। मान्यता है कि रुदौली, बाराबंकी की रहने वाली जोहरा बीबी एक हजार 20 साल पूर्व दुल्हन बनी थीं। उन्हीं की याद में यह बरातें गाजी की दरगाह तक आती हैं। मुख्य बरात टांडा, बस्ती, जौनपुर, नासिक व रुदौली (बाराबंकी) की होती है। गाजी की दरगाह पर पहुंचने वाली बरातों का स्वागत फूलों की बारिश कर किया गया। सभी ने फल, फूल, मेवे की डलिया भी पेश कीं।

ट्रेन और बसों में रही भारी भीड़

सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर रविवार रात को जियारत करने के बाद मुख्य मेले में शामिल जायरीन सुबह होते ही सोमवार को घरों को लौटने लगे। इसके चलते ट्रेन और बसों में भारी भीड़ रही। जायरीन की संख्या अधिक होने के कारण रोडवेज प्रशासन को बसों की कमी का सामना करना पड़ा। यही हाल ट्रेनों का भी रहा, ट्रेनों के फेरे बढ़ाए गए लेकिन भीड़ अधिक होने से लोगों को काफी दिक्कतें हुई।

महिलाओं और बच्चों ने की जमकर खरीदारी

सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर शुरू हुए माह भर के जेठ मेले में मुख्य मेले में शामिल होने आए जायरिनों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया, महिलाओं और बच्चों का उत्साह काफी अधिक दिखा। सभी ने मेले में जमकर खरीदारी की। मेले में लगे झूले व अन्य मनोरंजन के साधनों का लुत्फ भी उठाया।

बिना लाइसेंस चल रहे मेडिकल स्टोर पर डीआई ने मारा छापा

- 5 साल की सजा और जुर्माने का है प्रावधान अगर चलाएंगे बिना रजिस्ट्रेशन अपनी दुकान
- नर्सिंग होम के अंदर अवैध रूप से चलाया जा रहा था मेडिकल स्टोर
- जिले में संचालित अस्पतालों को दी चेतावनी करा लें रजिस्ट्रेशन नहीं की जाएगी कार्रवाई

राहुल मिश्रा

बछरावां रायबरेली समृद्धि न्यूज। स्वास्थ्य व्यवस्थाएं मनुष्य के जीवन से जुड़ी होती हैं सही समय पर अगर किसी भी व्यक्ति को सही दवा देने पर उसकी जान बच सकती है तो वहीं अगर गलत दवा देने पर उसकी जान जा भी सकती है जिले में संचालित दर्जनों नर्सिंग होम और अस्पतालों के अंदर अवैध रूप से मेडिकल स्टोर संचालित हैं जिसको लेकर ड्रग इंस्पेक्टर शिवेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि ऐसे प्रतिष्ठान चलाने वाली संचालक ड्रग लाइसेंस ले उसके बाद मेडिकल स्टोर संचालित करें जांच में मेडिकल स्टोर अवैध पाया जाता है तो प्रावधान के मुताबिक उनके ऊपर कार्यवाही की जाएगी।

बिना रजिस्ट्रेशन शिवसागर नर्सिंग होम के अंदर संचालित था मेडिकल स्टोर : बछरावां कस्बे के अंदर शिवगढ़ रोड पर एक नर्सिंग होम के अंदर अवैध रूप से बिना रजिस्ट्रेशन मेडिकल स्टोर संचालित था जिसकी सूचना मिलने पर वहां पर छापेमारी की गई तो अनियमितताओं का भंडार देखने को मिला बता दे कि तहसील प्रशासन की तरफ से इंस्पेक्टर को एक सूचना मिलती है कि शिवगढ़ रोड पर शारदा नहर के निकट कुछ दवाएं फेंक दी गई है, उपर्युक्त के संदर्भ में औषधि निरीक्षक रायबरेली, शिवेंद्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे, जहां पर उन्हें बड़ी मात्रा में एक्सपायर्ड दवाई पड़ी हुई मिली मौके पर ही सर्जिकल का भी काफी सामान पड़ा हुआ मिला जिसको देखने के बाद यह प्रतीत हुआ कि यह किसी नर्सिंग होम के अंदर का है और जब जांच की गई तो पास में ही स्थित शिवसागर नर्सिंग होम कि जांच के दौरान बेसमेंट पर संचालित मेडिकल स्टोर जिन पर रैक पर दवाइयां भंडारित एवं प्रदर्शित पाई गई का लाइसेंस मांगे जाने पर हॉस्पिटल संचालक द्वारा यह बताया गया कि उनके पास कोई औषधी विक्रय लाइसेंस नहीं है तत्पश्चात यह सूचना उप जिलाधिकारी तहसील महाराजगंज को अवगत कराया गया जिसके बाद पुलिस बल सब इंस्पेक्टर एवं कांस्टेबल आवश्यक कार्रवाई हेतु मांगा गया। मौके पर भंडारित सभी औषधियों को फॉर्म 16 पर अंकित करते हुए जिनका मूल्य रु. 42000 है, कुल दो संदिग्ध नमूने लिए गए।विवेचना उपरांत न्यायालय सीजीएम कोर्ट में परिवार परिवार परिवाद धारा 18/27 में दर्ज कराया गया।

औषधि निरीक्षक ने मेडिकल संचालकों से की अपील करवा ले अपनी दुकान का रजिस्ट्रेशन

औषधि निरीक्षक शिवेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा लोगों से अनुरोध किया गया है कि अगर आप मेडिकल स्टोर संचालित कर रहे हैं तो उसका विधिवत रजिस्ट्रेशन ले ले उसके बाद आप वहां से दवाइयों की खरीद और बिक्री कर सकते हैं निरीक्षण के दौरान यदि आपके पास ड्रग लाइसेंस नहीं मिलेगा तो आपके ऊपर कानूनी कार्यवाही की जाएगी प्रावधान के मुताबिक 1000000 से 500000 तक आपके ऊपर जुर्माना लगाया जा सकता है और 5 साल की सजा भी आपको हो सकती हैं।

आधार कार्ड करायें अपडेट

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में ऐसे निवासी जिनके आधार जारी हुए 10 वर्ष का समय हो गया है, उनके आधार अपडेट कराने की प्रक्रिया चल रही है। इस सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा आधार (नामांकन एवं अद्यतन) (दसवाँ संशोधन) विनिमय, 2022 (2022 का संख्या 6) अधिसूचित किया गया है। यू0आई0डी0ए0आई0 द्वारा इस परियोजना का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कराकर निवासियों को अपने आधार को अपडेट कराने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने जानकारी देते जिला विद्यालय निरीक्षण से कहा है कि जनपद में स्थिति समस्त शिक्षण संस्थानो के संस्थाध्यक्षो को 10 वर्ष से अधिक समय हो चुके छात्र/छात्राओ के आधार अपडेट करने हेतु निर्देशित करें। आधार अपडेट करने हेतु आधार कार्ड धारक अपने आधार को वैध दस्तावेजो के साथ नजदीकी आधार नामांकन/अद्यतन केन्द्र पर जा कर अथवा https://myaadhaar.uidai.gov.in/ पर दिये गये निर्देशो का पालन कर भी अपडेट किया जा सकता है।



खबरें एक नजर में

कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर महिला समेत लोगों की हालत गंभीर

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। अनियंत्रित तेज़ रफ़्तार स्विफ्ट डिजायर कार सवार ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर कार की टक्कर से बाइक सवार महिला समेत 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मामला ऊंचाहार थाना क्षेत्र के ओवर ब्रिज का जहां सामने से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी टक्कर मारने से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए जिसमें महिला और एक बुजुर्ग घायल हो गए घायल से पूछने पर पता चला कि ऊंचाहार में किसी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड करवाने आए थे अल्ट्रासाउंड करवा कर वापस जा रहे थे तभी सामने से स्विफ्ट डिजायर कार सवार ने बाइक सवार को सामने से टक्कर मार दी स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को ऊंचाहार सीएससी पहुंचाया गया है जहां उसका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है

कार सवार ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर

सरेनी, रायबरेली, समृद्धि न्यूज। जनपद में इन दिनों रफ्तार का कहर एक के बाद एक सड़क हादसा व सड़क दुर्घटनाओं का रूप लेता जा रहा है आए दिन हो रहे सड़क हादसे का मुख्य कारण तेज रफ्तार का कहर बताया जा रहा है जो कि कोई कहानी नहीं एक सच्ची हकीकत है और यही वजह है कि सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहा है एक ऐसा ही मामला सरेनी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गेगासो क्रासिंग के पास का है जहां बीती रात एक अज्ञात कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें आनन फानन में स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया जहां दोनों घायलों को उपचार चल रहा है फिलहाल दोनों घायल सहनीपुर गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

इण्टर उत्तीर्ण छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करायेगी अभ्युदय योजना

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत जनपद स्तर पर राजकीय इंटर कॉलेज, उन्नाव एवं जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) उन्नाव में कक्षायें संचालित हो रही है। निदेशक, समाज कल्याण, उप्र लखनऊ द्वारा निर्देशित किया गया है कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में जनपद में संचालित उच्च शिक्षण संस्थान/इंटरमीडियट विद्यालयों में अध्ययनरत इच्छुक छात्र-छात्राओं को उनके द्वारा धारित योग्यता के अनुसार सिविल सेवा परीक्षा/जे0ई0ई0/ नीट/ एन0डी0ए0/ सी0डी0एस0/एस0एस0सी0 की कोचिंग करने हेतु जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) उन्नाव में संचालित ऑफलाइन/ऑनलाइन कक्षाओं में सम्मिलित होकर परीक्षाओं की तैयारी कर सकते है। अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियां तथा आधारकार्ड की छायाप्रति के साथ कार्यालय जिला समाज कल्याण आधिकारी अथवा जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में सम्पर्क करके निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र छात्र-छात्राएं 25 मई तक जमा कर सकते है।

न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बना अवैध पार्किंग का अड्डा

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। शुक्लागंज राजधानी मार्ग सब्जी मंडी स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बना अवैध पार्किंग का अड्डा। आयेदिन बाहरी वाहन लोग न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में खड़े कर जाते हैं। जिससे लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वही ऋषि आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में सम्मिलित होने आए लोगों ने भी अपने चार पहिया वाहन खड़े कर दिए और कथा सुनने निकल गए जिससे अस्पताल परिसर में रहने वाले लोगों तथा आपातकालीन में इलाज कराने आए मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। न्यू प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र में आने वाले मरीजों को अपने वाहनों को खड़ा करने के लिए मशक्कत करनी पड़ रहे हैं। वही जब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ सुमित सिंह से वार्ता की गई तो उन्होंने कहा कि जानकारी करके गाड़ियों को बाहर खड़ी करवा कर गेट में सुरक्षा की दृष्टि से ताला लगाया जाएगा। ताकि बाहर के वाहन अंदर परिसर में ना खड़े हो सके।

नहर में नहाते युवक डूबा, लापता

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के कलवारी शारदा नहर पुल के निकट ग्राम महम्दाबाद निवासी चार युवक नहर में स्नान कर रहे थे तभी एक 30 वर्षीय युवक अचानक गहरे पानी में चला गया। पल भर में ही युवक नहर के पानी के तेज बहाव में समा गया। नहाने गए अन्य साथियों की सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने युवक की काफी खोजबीन की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक को नहर के गहरे पानी में ढूंढने का प्रयास किया लेकिन अभी तक युवक का कोई पता नहीं चल सका है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महम्दाबाद निवासी रोहित पुत्र मूलचंद आज अपने पड़ोस के तीन अन्य युवकों के साथ दोपहर को नहर के पानी में नहाने कलवारी शारदा नहर पुल पर गया था। स्नान करते समय अचानक रोहित नहर के गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथ में स्नान करने गए अन्य युवक जब तक उसे पकड़ते, तब तक पल भर में ही रोहित नहर की तेज धारा में विलीन हो गया। स्नान करने गए अन्य साथियों की सूचना पर ग्रामीण दौड़े और नहर के पानी में गोता लगाकर उसे ढूंढने की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हो सके। सूचना पर पहुंचे तहसीलदार दिलीप कुमार और पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की खोज करने में जुटी है किंतु अब तक उसका कोई पता नहीं चल सका है। नहर में डूबे युवक रोहित की अभी 2 माह पूर्व शादी हुई थी। अचानक हादसा होने से युवक की पत्नी पूनम रो-रोकर बेहाल है।

फिरोज गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक व विभागाध्यक्ष पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रायबरेली के फिरोज गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक और विभागाध्यक्ष पर मिलएरिया थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। FGIT की शिक्षिका ने छेड़छाड़ समेत कई गंभीर आरोप लगाए थे जिस पर पुलिस ने शिक्षका की तहरीर पर धारा 294, 354, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आपको बता दे कि FGIT के निदेशक दिग्विजय सिंह व विभागाध्यक्ष सुनील वर्मा पर गंभीर आरोप लगे है, फिलहाल इस पूरे मामले में एसपी आलोक प्रियदर्शी ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है जांच के दौरान जो भी दोषी पाया गया उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाई की जाएगी।

डलमऊ नगर पंचायत में पहली बार अध्यक्ष पद पर भाजपा को मिली विजय

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश की शुरुआती नगर पंचायत में गिनी जाने वाली नगर पंचायत डलमऊ में पहली बार भारतीय जनता पार्टी को विजय मिल पाई है 1995 से 2023 तक हुए चुनाव में चौथी बार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित प्रत्याशी ब्रजेश दत्त गौर पूर्व में तीन बार निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीता था व दो बार कांग्रेस प्रत्याशी का कब्जा था हालांकि इस बार ब्रजेश दत्त गौड को भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रत्याशी घोषित किये जाने पर कुछ कार्यकर्ताओं में असंतोष व्याप्त था पर जनता के बीच सरलता और सहजता की मिसाल बन चुके ब्रजेश दत्त गौर पर सत्तारूढ़ दल के प्रदेश की शीर्ष नेतृत्व ने भरोशा जताते हुए अपना प्रत्यशी घोषित किया जिसका परिणाम आज पहली बार विजय के रूप में प्राप्त हुआ इस पर ब्रजेश दत्त गौड़ ने सादगी से सभी कार्यकर्ताओं और जनता के प्रति ऋतयज्ञता जताते हुए अपनी जीत को जनता को समर्पित किया साथ ही सभी वर्गों को ये विश्वास दिया कि मेरे लिए सभी वर्ग की जनता ने मुझे जनादेश देकर जो भरोशा चौथी बार जताया है उस पर मैं कभी निराश नही करूंगा।

निकाय चुनाव में उपजिलाधिकारी डलमऊ की कार्यशैली की सराहना

डलमऊ नगर पंचायत में निकाय चुनाव सकुशल सम्पन्न हो गया जिसमें उपजिलाधिकारी डलमऊ आशाराम की चारो ओर सराहना की जा रही है पूरे निकाय चुनाव के दौरान सभी अध्यक्ष व सभासद पद के 56 प्रत्याशियों में किसी भी प्रत्याशी को चुनाव के दौरान असहजता नही महसूस हुई न ही कानून व्यस्था में कोई अड़चन पैदा हुई उपजिलाधिकारी डलमऊ आशाराम ने छोटी से छोटी बातों को गहनता से विचार कर उचित निस्तारण कर जनता और प्रत्याशियों के बीच अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया जहां सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने अपनी अपनी सहभगिता पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाने में कोई कसर नही छोड़ी तहसीलदार उमेश चंद्र, क्षेत्राधिकारी(यातायात) इंद्रपाल सिंह,डलमऊ कोतवाली प्रभारी पंकज तिवारी, चौकी प्रभारी संजय शर्मा आदि के योगदान की सराहना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही।

खेलो इंडिया की मशाल यात्रा पहुंची रायबरेली अधिकारियों व खिलाड़ियों ने किया स्वागत

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

सिविल लाइन चौराहा प्रतापगढ़ से चलकर पहुंची खेलो इंडिया की मशाल जुलूस यात्रा अधिकारियों व खिलाड़ियों ने किया स्वागत आपको बता दें कि रायबरेली में खेलो इंडिया के प्रचार प्रसार हेतु प्रतापगढ़ से चलकर रायबरेली पहुंचा खेलो इंडिया का मशाल जुलूस रथ इसका एडीएम प्रशास व अन्य अधिकारियों तथा पुलिसकर्मियों सहित सैकड़ों मौजूद खिलाड़ियों ने जोरदार स्वागत किया आपको बता दें कि दिनांक 14 मई 2023 दिन रविवार की रात करीब 9:00 रायबरेली जनपद के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के सिविल लाइन चौराहे पर प्रतापगढ़ से चलकर अमेठी सुल्तानपुर जा रहा खेलो इंडिया का प्रचार प्रसार मशाल जुलूस रथ यहां पहुंचा जहां पहले से स्वागत के लिए खड़े एडीएम प्रशासन का पुल त्रिपाठी सहित तमाम आला अधिकारियों और पुलिसकर्मियों व सैकड़ों खिलाड़ियों ने मशाल को हाथों में लेकर स्वागत किया इस दौरान एडीएम प्रशासन ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा खेलो इंडिया का जहां पूरे भारत में प्रचार प्रसार किया जा रहा है वही रायबरेली में इसके प्रचार प्रसार के लिए यह मशाल यात्रा यहां पर पहुंचा है।

खेलो इंडिया मशाल रैली का खिलाड़ियों व व्यापारियों ने किया स्वागत

सूची सलोन। खेलो इंडिया मसाल रैली का थांगता खिलाड़ियों तथा उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारियों के द्वारा सूची चौराहे पर स्वागत गया।जिला क्रीड़ा अधिकारी के निर्देशन में सूची चौराहे पर पहुंचते ही खेलो इंडिया मशाल लिए हरिओम सिंह का उपजिलाधिकारी सलोन,उत्तर प्रदेश थांगता एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव विवेक कुमार मौर्य व खिलाड़ियों ने फूल माला पहना कर के स्वागत किया।प्रदेश अध्यक्ष व्यापार मण्डल जी सी चौहान की अध्यक्षता में सूची व्यापार मंडल के पदाधिकारी व व्यापारी गण ने भी हरिओम सिंह का माला पहना कर स्वागत किया।कार्यक्रम सम्पन्न होने के पश्चात खेलो इंडिया मशाल रैली रायबरेली के लिए रवाना हुई।

चंदापुर चौकी क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने शिक्षा के मंदिर को बनाया निशाना

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। चोरों ने बनाया शिक्षा के मंदिर को निशाना चंदापुर चौकी क्षेत्र के वशालत नगर प्राथमिक विद्यालय को अज्ञात चोरों ने बनाया निशाना। प्रधानाचार्य महताब खान ने बताया हम लोग स्कूल बंद करके चले गए जब सुबह आए तो देखा कि रसोई का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने अनाज सहित जहां बर्तनों पर हाथ साफ कर दिया वहीं बच्चों को पानी पीने के लगी टोटी को भी चोरों ने नहीं बख्शा और टोंटियां भी खोल ले गए।

प्रधानाचार्य महताब खान ने यह भी बताया कि ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा दी है और खंड शिक्षा अधिकारी को भी लेटर लिख दिया गया है करीब 7 - 8000 की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा की गई आपको बता दें कि चंदापुर चौकी बनाने का लक्ष्य केवल पुलिस विभाग का यह था कि अपराधों में कमी आई लेकिन जब शिक्षा का मंदिर ही सुरक्षित नहीं है तो आखिर आम पब्लिक का क्या हाल होगा इसका अंदाजा लगाया जा सकता है चौकी इंचार्ज ऑल इज वेल पहाड़ा पढ़ाने में है माहिर

आग से होने वाली घटनाओं से राहत व बचाव की दी गई जानकारी

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) पूजा मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर में आपदा जोखिम न्यूनीकरण के क्रम में ग्रीष्मकाल में होने वाले अग्निकांड एवं उच्च तापमान के कारण अग्नि से होने वाली घटनाओं से राहत व बचाव हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं अग्निशमन विभाग, रायबरेली के संयुक्त तत्वाधान में फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। फायर मॉक ड्रिल में आग से बचाव, फायर सेफ्टी उपकरण के प्रयोग विभिन्न विभागीय अधिकारियों एवं उपस्थित लोगों को घरों में बिजली, गैस सिलेंडर आदि से लगने वाली आग से बचाने व सावधानियों के बारे में विस्तार पूर्ण जानकारी दी गई तथा आग लेने पर क्या करें, क्या ना करें पम्पलेट का वितरण भी किया गया।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्रीमती पूजा मिश्रा ने कहा कि फायर मॉक ड्रिल का मतलब होता है आग बुझाने की तैयारी या आग से बचने का पूर्व-अभ्यास करना, यानी कि आसान भाषा में कहें तो आग से बचने के लिए पहले से ही की जाने वाली तैयारी और अभ्यासो को फायर मॉक ड्रिल कहा जाता है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से आह्वान किया कि आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए अग्निकांड से बचाव हेतु आज दिए गए प्रशिक्षण को अन्य लोगों के साथ भी साझा करें जो यहां किन्ही कारणों से उपस्थित नहीं हो पाए हैं तथा ऐसी स्थिति में स्थानीय संसाधनों के उपयोग पर भी विशेष ध्यान दें।

तेज रफ्तार गाड़ी दुकान में घुसी, दो घायल

बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

सड़क सुरक्षा को लेकर सरकार के द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं और लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन वाहन चालकों की उदासीनता समझे या सड़क सुरक्षा अभियान का धरातल पर न उतरना जिसकी वजह से आए दिन दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें की पूरी घटना स्थानीय थाना क्षेत्र के गुरुदीन खेड़ा की है जहां पर रविवार की देर रात एक तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी सड़क किनारे रखी एक दुकान में जा घुसी, जिसकी वजह से 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया गया। इस दुर्घटना में चंद्रभान नाम का एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। इस बाबत थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार राय ने बताया कि अभी संबंधित प्रकरण में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है तहरीर प्राप्त होने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

बीएमपीएस के छात्र ने हाईस्कूल में 92% अंक प्राप्त कर किया शानदार प्रदर्शन

लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

होनहार बिरवान के होत चीकने पात को चरितार्थ करते हुए सीबीएसई बोर्ड से संचालित बैसवारा क्षेत्र की अग्रणी शिक्षण संस्थान बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज के प्रतिभावान छात्र उत्कर्ष अग्रवाल ने सीबीएसई बोर्ड की सत्र 2022-23 की कक्षा-10 की परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय के साथ- साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। उल्लेखनीय है कि छात्र उत्कर्ष अग्रवाल के पिता पवन कुमार अग्रवाल मॉडर्न रेल कोच फैक्ट्री में वरिष्ठ खंड अभियंता के पद पर व माता अरनिका अग्रवाल बेसिक शिक्षा विभाग में प्रधानाध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं। जहां माता-पिता अपने बच्चे की इस कामयाबी पर फूले नहीं समा रहे हैं वही छात्र ने इस कामयाबी का श्रेय विद्यालय प्रबंध निदेशक सुनील सिंह, प्रबंधक शांतनु सिंह, प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह के कुशल निर्देशन, प्रधानाचार्य अभिषेक रंजन व अध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन को बताया जिन्होंने शिक्षा संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या का तुरंत समाधान बताया साथ ही माता-पिता के प्रति भी कृतज्ञता प्रकट करते हुए बताया कि उसके माता-पिता पढ़ाई के प्रति हमेशा प्रेरित करते रहे जिसके कारण ही वह अपेक्षित परिणाम लाने में सफल हो सका। छात्र ने भविष्य में आईआईटी करने के प्रति अपनी इच्छा बताया। छात्र की इस कामयाबी पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के साथ-साथ उसके घर- परिवार व सहपाठियों ने हर्ष व्यक्त किया।

नगर निकाय चुनाव : न श्यामसुंदर का जादू चला न ही कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुशील पासी को जनता ने नकारा

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

धरती पकड़ नेताओं के सहारे चुनावी नैया पार लगाने वाले प्रत्याशियों का हाल हुआ बुरा कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता सुशील पासी प्रदेश महासचिव के पद पर हैं।

विधानसभा के चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे सुशील पासी के प्रत्याशी इरशाद आलम पांच सौ का आंकड़ा नहीं कर पाए पार महराजगंज कस्बे के निवासी सुशील पासी महराजगंज नगर पंचायत के चुनाव में औंधे मुंह गिरे।जनता ने उनको न करते हुए 400 वोटों के अंदर समेट कर रख दिया भाषण बाजी एवं बड़ी-बड़ी बातों में महारत हासिल करने वाले सुशील पासी चुनाव लड़ रहे थे या फिर किसी को जीता रहे थे इसकी चर्चा नगर में आम है। वहीं अगर हम बात करें विधायक श्यामसुंदर भारती की तो महराजगंज कस्बे से विधानसभा चुनाव में उनको जमकर वोट मिली थी। लेकिन महराजगंज बछरावां एवं शिवगढ़ में समाजवादी प्रत्याशियों की हार ने साबित कर दिया है कि विधायक श्यामसुंदर भारती का जादू अबकी बार काम नहीं कर पाया। महराजगंज शिवगढ़ एवं बछरावां में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों की भारी अंतर से हार ने साबित कर दिया की जनता ने विधानसभा के चुनाव में जो बहुमत श्यामसुंदर भारती को दिया था नगर पंचायत के चुनाव में श्यामसुंदर भारती के प्रत्याशियों को आईना दिखा दिया। वहीं कांग्रेस के बड़े नेता एवं प्रदेश महासचिव सुशील पासी की साख इस चुनाव में दांव पर लगी हुई थी लेकिन महाराजगंज शिवगढ़ बछरावां में कांग्रेस प्रत्याशियों की हालत खस्ता ही नजर आई अपने ग्रह नगर महराजगंज में 400 का आंकड़ा भी नहीं कर पाई कांग्रेस।

ग्राम पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन 22 मई को

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। डीएम माला श्रीवास्तव ने पीएम किसान सम्मान निधि के सभी लाभार्थियों से अपील की है कि पीएम किसान सम्मान निधि से सम्बन्धित जिनका भूलेख सत्यापन नहीं है, आधार एनपीसीआई से लिंक नहीं है, ई-केवाईसी नहीं है, जिन्होंने अभी तक योजना में पंजीकरण नहीं कराया है, समस्त प्रकार की समस्याओं के निवारण हेतु 22 मई 2023 से ग्राम पंचायत/राजस्व ग्राम स्तर पर ''वृहद ग्राम पंचायत स्तरीय शिविर'' का आयोजन किया गया है जिसमे प्रत्येक ग्राम के ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी/पंचायत सेक्रेटरी, लेखपाल, तकनीकी सहायक (कृषि), कॉमन सर्विस सेंटर, पोस्ट ऑफिस के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

तीन नवनिर्मित सड़कों का विधायक ने किया लोकार्पण

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

भगवन्तनगर विधायक आशुतोष शुक्ला ने विधानसभा क्षेत्र के बीघापुर विकासखंड क्षेत्र में खुर्दहाई में 3 किलोमीटर लंबे नवनिर्मित डामरीकृत सड़क व सुमेरपुर विकासखंड में नारायणदासखेड़ा में 110 लाख रुपए से निर्मित सड़क तथा हरिहरपुर भगवंतनगर में 65 लाख रुपए से नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण किया। बीघापुर विकासखंड के गांव पिपरासरि में खुर्दहाई संपर्क मार्ग के लोकार्पण के बाद आयोजित कार्यक्रम में आए लोगों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला ने कहा कि कटरी क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा दिया गया है जहां कटरी के रहने वाले किसान अपने उत्पादों को बड़ी मंडियों में ले जाने के लिए काफी राहत मिलेगी। वहीं ग्रामीण अंचल में रहने वाले छात्रों को कस्बों व शहरों में जाने के आवागमन सुचारू से हो गए हैं। जहां पहले गंगा की बाढ़ व कटान के चलते कटरी क्षेत्र में लोगों को आना जाना कष्टप्रद था। आज गंगा के किनारे तक पहुंचना आसान हो गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार व उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने समाज के आखिरी पायदान में खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है, उन्होंने कहा कि हम सभी का नैतिक दायित्व है कि विकास कार्यों में अपनी सहभागिता दें जिससे गुणवत्तापूर्ण कार्य हो। सामाजिक समरसता, सद्भाव व भाईचारा जैसी भारतीय संस्कृति को भी हमें आने वाली पीढ़ी को देना होगा तभी अच्छे राष्ट्र का निर्माण संभव है।

अरावली पर सख्ती

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील अरावली क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक लगाने के प्रयासों में शिथिलता के चलते एक बार फिर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानी एनजीटी ने तल्खी दिखायी है। निस्संदेह, हरियाणा सरकार की आलोचना के मूल में चिंता बढ़ाने वाली चूकों की लंबी श्रृंखला शामिल है। दरअसल, प्राधिकरण का मानना है कि कई गंभीर मामलों में कानूनी बाध्यता के बावजूद प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की गई। वहीं दूसरी ओर कई मामलों में जांच-पड़ताल लंबे समय से लंबित रही है। इतना ही नहीं, कई मामलों में कानून के प्रासंगिक प्रावधान प्राथमिकी और चार्जशीट में नहीं जोड़े गये हैं। विडंबना ही है कि अवैध खनन व परिवहन से संबंधित सात आपराधिक मामलों में आरोपी बरी हो गये। निस्संदेह, यह घटनाक्रम बताता है कि अवैध खनन रोकने की दिशा में कारगर कदम नहीं उठाये गये हैं। कह सकते हैं कि जिम्मेदार अधिकारियों की अक्षमता, पर्याप्त प्रशिक्षण का अभाव व कदाचार के बीच लापरवाही के चलते कानूनी प्रावधानों का पालन नहीं हो पाया है। इन मामलों में निष्क्रियता का उल्लेख एनजीटी ने किया भी है। विगत में भी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल तंत्र की उदासीनता की ओर ध्यान दिला चुका है और सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग कर चुका है। कह सकते हैं कि एनजीटी की हालिया टिप्पणी राज्य सरकार के उन दावों की हकीकत पर सवाल उठाती है जिसको लेकर राज्य सरकारें मामले में सक्रिय होने का दावा करती रही हैं। यही वजह है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल इस मामले में सख्त टिप्पणी करता रहा है।बहरहाल, इस समस्या का गाहे-बगाहे उजागर होना दर्शाता है कि इस मामले में सख्त कार्रवाई के लिये प्रशासनिक व राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी रही है। दरअसल,अरावली क्षेत्र में प्रतिबंध के बावजूद स्टोन क्रशर और स्क्रीनिंग प्लांट्स की गतिविधियां चिंता बढ़ाने वाली बतायी जाती हैं, जिसके बाबत एनजीटी ने जानकारी मांगी है। अरावली क्षेत्र में खनिजों की खरीद, उन्हें ले जाने वाले वाहनों के लिये स्थापित चेकपोस्टों की संख्या, जीपीएस आदि आधुनिक तकनीकों समेत निगरानी तंत्र के बाबत राज्य सरकार से हलफनामा मांगा गया है। साथ ही हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से कहा गया है कि वह पर्यावरण क्षतिपूर्ति व अवैध खनन रोकने के लिये एकत्र किये गये जुर्माने के उपयोग से भूमि को मूल अवस्था में लाने तथा पुनर्वास करने के लिये एक कार्य योजना प्रस्तुत करे। निस्संदेह, इस जटिल होती समस्या के स्थायी समाधान के लिये एक स्वतंत्र अरावली संरक्षण प्राधिकरण स्थापित करने पर विचार करने की जरूरत महसूस की जा रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि एनजीटी के सख्त रवैये के बाद राज्य सरकार प्रभावी कार्रवाई के लिये रणनीति में बदलाव करेगी। सही मायनों में यदि राज्य सरकार वाकई ही खनन माफिया की गतिविधियों पर लगाम लगाने के प्रति गंभीर दिखना चाहती है तो इस मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को भी जांच व कार्रवाई के दायरे में लाने की जरूरत है। तभी हम पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्यों को हासिल कर सकते हैं।

कर्नाटक से कांग्रेस के लिए सबक

भाजपा ने हिजाब विवाद, हलाल, बीफ पर प्रतिबंध को पहले मुद्दा बनाया, जो चुनाव के आखिर तक बजरंग बली की जय तक पहुंच गया। प्रधानमंत्री मोदी ने सारी मर्यादा तक पर रखते हुए लोगों से बजरंग बली की जय बोल कर वोट देने कहा, और चुनाव आयोग को इसमें कुछ गलत भी नहीं दिखा। बजरंग बली की जय के जवाब में अगर दूसरे धार्मिक नारों को उछाला जाता तो क्या हालात नहीं बिगड़ते। गनीमत रही कि ऐसा कुछ नहीं हुआ। भाजपा नेताओं की धमकियों और घुड़कियों के बावजूद कर्नाटक में माहौल शांत और सद्भावपूर्ण है। केरल स्टोरी का जवाब कर्नाटक स्टोरी के रूप में देश के सामने आ चुका है कि नफरत और झूठ का कारोबार अधिक वक्त तक नहीं चल सकता। नफरती कारोबार के शेयर पिछले 9 सालों में देश में खूब बढ़े हैं, लेकिन राहुल गांधी ने इस दुकान के शटर गिराने में काफी हद तक सफलता प्राप्त कर ली है। कर्नाटक चुनाव में जीत का सेहरा कांग्रेस की प्रदेश इकाई, स्थानीय कार्यकर्ताओं, नेताओं और केन्द्रीय नेतृत्व को जाता है। लेकिन राहुल गांधी इस जीत की भूमिका अक्टूबर 2022 में ही बांध चुके थे, जब भारत जोड़ो यात्रा लेकर वे इस राज्य में पहुंचे थे और करीब 21 दिनों में 7 जिलों से होते हुए 5 सौ किमी का सफर किया था। अब कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने खुलासा किया है कि जिन जिलों से श्री गांधी की यात्रा गुजरी उन जिलों की 15 सीटें कांग्रेस ने जीती हैं। जबकि पिछली बार यानी 2018 में कांग्रेस के पास इन जिलों की केवल 5 सीटें थीं। कांग्रेस की इस जीत का श्रेय निर्विवाद तौर पर राहुल गांधी को जाता है। क्योंकि उन्होंने जनता के बीच जाकर पार्टी की पकड़ मजबूत की। भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी ने कोई जुमलेबाजी नहीं की, हवा-हवाई दावे नहीं किए। लोगों के बीच, उन्हीं के अपने बन कर रहे। उनकी समस्याओं और दुखों को साझा किया। गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई ये तो आम समस्याएं हैं, जो सभी को नजर आती हैं। राहुल गांधी ने इससे आगे बढ़कर महिलाओं के संघर्षों को समझा, सुरक्षा बलों में शामिल जवानों के परिजनों की पीड़ा को महसूस किया, युवाओं की कुंठा को अभिव्यक्त होने दिया। यानी हर तरह से राहुल गांधी आम लोगों से जुड़ते रहे और उसी का प्रतिफल कर्नाटक चुनाव की जीत में नजर आता है।

कांग्रेस खुश है। पार्टी कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद हैं। भावी जीत के सपने देखने शुरु हो चुके हैं और 2024 में राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे, ऐसे बयान भी आने लगे हैं। चुनाव दर चुनाव हारने के बाद कांग्रेस में निराशा छाने लगी थी। उसके कई बड़े-छोटे नेता पार्टी छोड़कर वैसे ही चले गए, जैसे डूबते जहाज से चूहे निकल कर भागते हैं। सत्ता सुख और पद की लालसा में बहुत से नेताओं ने भाजपा के भगवा गमछे को ओढ़ लिया। ऐसे ही नेताओं के कारण आज की राजनीति में विचारधारा अप्रासंगिक बना दी गई है। लेकिन कर्नाटक चुनाव में जनता ने साबित कर दिया कि लोकतंत्र में विचारधारा की कितनी प्रासंगिकता और महत्व है। भाजपा ने हिजाब विवाद, हलाल, बीफ पर प्रतिबंध को पहले मुद्दा बनाया, जो चुनाव के आखिर तक बजरंग बली की जय तक पहुंच गया। प्रधानमंत्री मोदी ने सारी मर्यादा तक पर रखते हुए लोगों से बजरंग बली की जय बोल कर वोट देने कहा, और चुनाव आयोग को इसमें कुछ गलत भी नहीं दिखा। बजरंग बली की जय के जवाब में अगर दूसरे धार्मिक नारों को उछाला जाता तो क्या हालात नहीं बिगड़ते। गनीमत रही कि ऐसा कुछ नहीं हुआ। भाजपा नेताओं की धमकियों और घुड़कियों के बावजूद कर्नाटक में माहौल शांत और सद्भावपूर्ण है। केरल स्टोरी का जवाब कर्नाटक स्टोरी के रूप में देश के सामने आ चुका है कि नफरत और झूठ का कारोबार अधिक वक्त तक नहीं चल सकता। नफरती कारोबार के शेयर पिछले 9 सालों में देश में खूब बढ़े हैं, लेकिन राहुल गांधी ने इस दुकान के शटर गिराने में काफी हद तक सफलता प्राप्त कर ली है। कर्नाटक चुनाव में जीत का सेहरा कांग्रेस की प्रदेश इकाई, स्थानीय कार्यकर्ताओं, नेताओं और केन्द्रीय नेतृत्व को जाता है। लेकिन राहुल गांधी इस जीत की भूमिका अक्टूबर 2022 में ही बांध चुके थे, जब भारत जोड़ो यात्रा लेकर वे इस राज्य में पहुंचे थे और करीब 21 दिनों में 7 जिलों से होते हुए 5 सौ किमी का सफर किया था। अब कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने खुलासा किया है कि जिन जिलों से श्री गांधी की यात्रा गुजरी उन जिलों की 15 सीटें कांग्रेस ने जीती हैं। जबकि पिछली बार यानी 2018 में कांग्रेस के पास इन जिलों की केवल 5 सीटें थीं। कांग्रेस की इस जीत का श्रेय निर्विवाद तौर पर राहुल गांधी को जाता है। क्योंकि उन्होंने जनता के बीच जाकर पार्टी की पकड़ मजबूत की। भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी ने कोई जुमलेबाजी नहीं की, हवा-हवाई दावे नहीं किए। लोगों के बीच, उन्हीं के अपने बन कर रहे। उनकी समस्याओं और दुखों को साझा किया। गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई ये तो आम समस्याएं हैं, जो सभी को नजर आती हैं। राहुल गांधी ने इससे आगे बढ़कर महिलाओं के संघर्षों को समझा, सुरक्षा बलों में शामिल जवानों के परिजनों की पीड़ा को महसूस किया, युवाओं की कुंठा को अभिव्यक्त होने दिया। यानी हर तरह से राहुल गांधी आम लोगों से जुड़ते रहे और उसी का प्रतिफल कर्नाटक चुनाव की जीत में नजर आता है। राहुल

गांधी के कारण जगह-जगह पर कांग्रेस के बड़े नेता भी जमीन पर उतरे और लोगों के बीच गए। अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में कांग्रेस जब अपने स्तर पर संघर्ष कर रही थी, तो गांधीजी ने इस बात को पहचाना था कि कांग्रेस का अभिजात्य चोला उसे आम जनता से जोड़ नहीं पाता है, ऐसे में ब्रिटिश शासन के खिलाफ हर लड़ाई अधूरी और अनिर्णायक रहेगी। तब गांधीजी ने अपने प्रयासों से कांग्रेस को आम लोगों से जोड़ा और अपनी लड़ाई में महिलाओं को भी प्रथम पंक्ति में लिया। अब यही काम राहुल गांधी ने किया है। 10 साल के यूपीए शासनकाल में कांग्रेस और आम जनता के बीच दूरी आ गई थी, जिसका फायदा भाजपा ने उठाया और खाली स्थान को अपनी सत्ता बनाने में इस्तेमाल किया।

यूपीए शासन के दौरान मनरेगा, मध्याह्न भोजन, सूचना का अधिकार जैसी कई जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू किया गया, इसके बावजूद जनता के बीच कांग्रेस की पैठ कम होती गई। क्योंकि कई कांग्रेस नेताओं पर सत्ता का दंभ चढ़ गया था। जिसकी वजह से वे जनता से कटते गए। इसका नुकसान सबसे अधिक 2014 में हुआ, जब कांग्रेस अपने अच्छे कामों के बावजूद जनता के बीच विश्वसनीयता कायम नहीं रख पाई। भाजपा झूठे वादों, जुमलेबाजी, हिंदुत्व, राष्ट्रवाद के उन्माद और मीडिया की मदद से सत्ता पर आ गई, इसके बाद कई चुनावों में कांग्रेस की हार हुई। कहीं हार नहीं भी हुई, तो बड़ी पार्टी होने के बावजूद कांग्रेस ढीले-ढाले रवैये के कारण सत्ता बनाने से चूक गई। गोवा इसका बड़ा प्रमाण है।

कर्नाटक चुनाव और उससे पहले हिमाचल प्रदेश के चुनाव में कांग्रेस ने ऐसी कोई गलती नहीं की। प्रियंका गांधी ने दोनों राज्यों में प्रचार में सक्रिय भूमिका निभाई, इसके अलावा स्थानीय नेताओं को साथ लेकर पार्टी ने काम किया। लोगों की जरूरतों को पहचान कर उस हिसाब से चुनावी रणनीति बनाई और इसका लाभ कांग्रेस को मिला। अब जल्द ही मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव हैं, फिर अगले साल कुछ और विधानसभा चुनाव होने हैं। इन सबमें कांग्रेस को ऐसी ही मेहनत, रणनीति और जनता से जुड़ाव की जरूरत होगी। एक-दो जीत के कारण अगर पार्टी नेताओं पर गुरूर चढ़ा कि हमने तो भाजपा का किला दरका दिया या मोदी लहर को रोक दिया, तो कांग्रेस को इसका नुकसान भी हो सकता है। वैसे भी विधानसभा चुनावों का असर लोकसभा चुनाव पर पड़े, यह जरूरी नहीं है। 2018 में हिंदी पट्टी के तीन राज्य जीतने के बावजूद कांग्रेस 2019 के आम चुनाव नहीं जीत पाई थी। सफलता तो तभी मिलेगी, जब नगरीय निकायों से लेकर, विधानसभा और आम चुनाव तक हर मुकाबले को पूरी शिद्दत से लड़ा जाए, जीतने की सारी कोशिश की जाए। कर्नाटक में इसी जज्बे ने कांग्रेस को जीत दिलाई, यह जज्बा अब आगे बरकरार रहना चाहिए।

विचार

आतंकिस्तान में गदर

पड़ोसी मुल्क के बारे में तो यही कहा जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद धूं-धूं कर जले पाकिस्तान में शहबाज सरकार इमरजैंसी लगाने की तैयारी कर रही है। लेकिन इस संबंध में शहबाज के मंत्रियों के स्वर अलग-अलग हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद से ही कंगाल हो चुके आतंकिस्तान में गदर मचा हुआ है। सेना और पुलिस की गोलियों से लाशें बिछ रही हैं और शहर जल उठे हैं। इमरान खान की पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ के कार्यकर्ता और समर्थक पूरे पाकिस्तान में हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं। जिस तरह का विरोध देखने को मिल रहा है उसका अंदाजा तो पाकिस्तान सेना और शहबाज सरकार को भी नहीं था। पाकिस्तान में गृहयुद्ध की आशंका तो काफी पहले से ही व्यक्त की जा रही थी। पाकिस्तान के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब जनता ने सेना के मुख्यालय में घुसकर हमला किया है। लाहौर के आर्मी कैंप में तोड़फोड़ की गई है। जहां तक कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के मुख्यालय को भी निशाना बनाया गया।

पाकिस्तान के आवाम में पाकिस्तानी सेना के प्रति जबर्दस्त आक्रोश देखने को मिल रहा है। आक्रोश का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान के जनरलों और शहबाज शरीफ के घरों को भी निशाना बनाया गया है। जहां तक की लोगों ने कायदे आजम मोहम्मद अली जिन्ना के आवास को भी जलाकर राख कर दिया। आक्रोश को शांत करने के लिए न तो पाकिस्तानी सेना के पास कोई रणनीति है और शहबाज शरीफ सरकार असहाय दिख रही है। इमरान खान की गिरफ्तारी और उसके बाद पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी रिहाई के आदेश, तोशाखाना मामले में कोर्ट द्वारा निचली कार्रवाई पर रोक और अल कादिर ट्रस्ट मामले में हाईकोर्ट द्वारा जमानत देने के घटनाक्रम और सभी मामलों में जमानत देने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि पाकिस्तान की न्यायपालिका का विपक्ष खासतौर पर इमरान खान के प्रति रुख नरम है। इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद की कार्रवाई को लेकर पाकिस्तान सेना में भी फूट पड़ चुकी है। राजनीतिक दलों के नेता एक-दूसरे के खिलाफ आग उगल रहे हैं। इन सब परिस्थितियों में लोकतांत्रिक प्रतिष्ठान कमजोर पड़ चुके हैं। सेना कब का तख्ता पलट कर चुकी होती, लेकिन अब वह कंगाल हो चुकी अर्थव्यवस्था का बोझ ढोने को तैयार दिखाई नहीं दे रही।

शहबाज सरकार और न्यायपालिका में भी पूरी तरह से ठनी हुई है। इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान जिस तरह आग की लपटों में घिरा उसे देखकर यही कहा जा सकता है कि सरकार स्थिति का आंकलन करने में नाकाम साबित हुई। क्रिकेटर से राजनीतिज्ञ बने इमरान खान पर भ्रष्टाचार और हत्या तथा हत्या के प्रयास के गंभीर आरोप हैं लेकिन सरकार इमरान खान को गिरफ्तार करने में विफल रही थी। हैरानी की बात तो यह है कि इमरान खान की गिरफ्तारी पाकिस्तानी सेना के रेंजर्स ने की। इसका अर्थ यही है कि पाकिस्तानी सेना ने एक बार फिर अपना वर्चस्व दिखाया है। पाकिस्तान की सेना ने बार-बार लोकतंत्र को अपने बूटों तले रौंदा है। आजादी के बाद से ही पाकिस्तान का राजनीतिक इतिहास पूर्व प्रधानमंत्रियों के खून से रंगा है। पाकिस्तान में लोकतांत्रिक ढंग से चुने गए जिन हुक्मरानों ने सेना को चुनौती देने की हल्की सी भी कोशिश की उन्हें दूध में से मक्खी की तरह सत्ता से निकाल कर फैंक दिया गया। क्रिकेट की पिच से सियासत की पिच पर एंट्री करने वाले इमरान खान का भी ऐसा ही हाल हुआ। कभी फौज के लाडले खान अब उसी सेना की आंखों में चुभ रहे थे। इमरान खान और उसके समर्थकों ने सेना और आईएसआई जैसी पाकिस्तान की ही ताकतवर संस्थाओं को चुनौती देने की कोशिश की। उसने उनके सियासी खात्मे की पटकथा लिख दी। सत्ता में रहते हुए इमरान खान का टकराव पाकिस्तानी सेना के चीफ जनरल बाजवा से हो गया था। इमरान खान लगातार पाकिस्तानी फौज को निशाना बना रहे थे और अपनी तकरीरों में फौज और आईएसआई के जनरलों के खिलाफ आरोपों की बौछार कर रहे थे। लोकप्रियता के जहाज पर सवार इमरान रुकने को तैयार नहीं थे लेकिन अंततः फौज ने ही उन्हें दबोच लिया। पाकिस्तान के जलने के पीछे एक नहीं अनेक कारण हैं। पाकिस्तान में वैसे भी बेतहाशा महंगाई और विभिन्न सामानों की किल्लत के कारण लोगों की नाराजगी चरम पर पहुच चुकी है। महंगाई का आलम यह है कि लोगों के लिए अपनी सामान्य जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो गया है। ऐसे में इमरान की गिरफ्तारी ने आग में घी डालने का काम किया है। आईएमएफ की ओर से पाकिस्तान सरकार को अभी तक लोन नहीं मिल सका है। आईएमएफ का कहना है कि पाकिस्तान सरकार की ओर से शर्तें पूरी नहीं की गई हैं। कुल मिलाकर पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता फैल चुकी है। आर्थिक स्थिति पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। पाकिस्तान का वजूद खतरे में दिखाई दे रहा है। ऐसे में पाकिस्तान के आवाम पर दुनियाभर की नजरें लगी हुई हैं।

साहित्य

झरोखा

मैं मदमस्त भँवरा मैं मदमस्त...

अनुभव शर्मा

मैं मदमस्त भँवरामैं मदमस्त
भँवरा,
तू गुलाब की कली।
स्वप्न परी कोई स्वर्ग से,
आ गयी मेरी गली।
मैं मदमस्त.....

देखा जब मैंने उसे,
कमाल वो कर गयी।
एक निगाहें अंदाज से,
वार हजारों कर गयी।
मैं मदमस्त.....

घूम रहा आकाश में,
बनकर भँवरा दीवाना।
मिलने को उस कली से,
मचल रहा था परवाना।
मैं मदमस्त.....

फिजाओं में हवाओं में,
बात ये उड़ने लगी।
चर्चा गली-गली में,
सरे आम होने लगी।
मैं मदमस्त.....

उस कली को उसने,
मन मीत अपना मान लिया।
गीत लिखे गजलें लिखी,
प्रीत का स्वर सुना दिया।
मैं मदमस्त.....

महक उठा उपवन सारा,
इन दोनों के संगम से।
प्रेम को परिभाषित किया,
इस अद्भुत जोड़े ने।
मैं मदमस्त.....

राशिफल

मेष:- समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

वृषभ:- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

मिथुन:- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली होगी।

कर्क:- भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कायरे में आलस्य का त्याग करें।

सिंह:- पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन के लिए समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

कन्या:- परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

तुला:- कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

वृश्चिक:- स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

धनु:- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

मकर:- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

कुंभ:- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

मीन:- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

विनम्रता और विनय माननीय व्यक्तित्व को श्रेष्ठ बनाते हैं

संजीव ठाकुर

मनुष्य जीवन में सफलता पाने का सदैव प्रयास करता रहता है और यह अत्यंत आवश्यक भी है क्योंकि सफलता और सार्थकता जीवन के पर्याय जो हैं। मनुष्य मूलता लोभी तथा लालची होकर स्वार्थ से ओतप्रोत भी होता है और इसी कारण स्वार्थ के वश में यदि वह कुछ प्राप्त कर लेता है तो उसमें अहंकार की भावना भी आ जाती है। विनम्रता मनुष्य को समाजिक प्रक्रिया में उसके द्वारा ग्रहण किया गया एक विशेष गुण होता है। मनुष्य जैसे जैसे समाज और संभ्रांत लोगों के संपर्क में आता है उसमें नए गुणों का संचार होता है और अहंकार तथा लालच की भावना का विलोप होता जाता है, समाज में उसकी संरचना को मजबूत करने के लिए सहिष्णुता, सौहाद्र,करुणा और सहयोग की भावना के साथ अन्य सद्गुणों को समाहित कर वह जीवन प्रक्रिया प्रारंभ करता है। मनुष्य की इन्हीं खूबियों के समेकित स्वरूप को विनम्रता तथा सद्गुण के रूप में देखा जाता है।

समाज में विनम्र व्यक्ति सदैव अपने व्यवहार के कारण लोकप्रिय, सर्वस्वीकार्य होता है उसकी बातें लोग ध्यान से सुनते भी हैं और उसको यथा योग सम्मान भी दिया जाता है। विनम्रता समाज में स्थापित लोगों द्वारा ग्रहण किया गया एक गुण होता है और यही कारण है कि कुछ व्यक्ति अपनी अज्ञानता के कारण, कुछ ना सीखने की प्रवृत्तिवश विनम्रता ग्रहण नहीं कर पाते हैं और कुएं के कूप मंडूक मेंढक की तरह व्यवहार करते हैं, समाज में स्थापित व्यक्ति अपनी विनम्रता का बखान नहीं करते, विनम्रता उनके व्यक्तित्व से झलकती है। ज्ञानी ध्यानी लोग सार्वजनिक प्रशंसा को भी साधारण सी बात समझ कर उसे स्वीकार नहीं करते हैं और अपने ज्ञान और कर्तव्य से अपने व्यक्तित्व को और आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं। दार्शनिक सुकरात का ही उदाहरण लें तो वे हमेशा कहते थे कि मुझे कुछ भी ज्ञान नहीं है यह उनका महान होने का एक साधारण लक्षण था। ऐसा कहा जाता है की ज्ञानी और समृद्ध व्यक्ति अपने ज्ञान तथा समृद्धि का दंभ न भर कर उसका समुचित उपयोग समाज और देश के विकास के लिए करते हैं और मनुष्य के जीवन की आधी जंग विनम्रता और ज्ञान की सदाशयता से विजीत की जा सकती है। ज्ञान और नम्रता उपलब्धि सार्वजनिक हित के बिना निरर्थक है। फलों से लगा हुआ पेड़ जिस तरह झुक जाता है उसी तरह महान ज्ञानी व्यक्ति अपनी विनम्रता से और समाज उपयोगी हो जाता है। कुल मिलाकर विनम्रता मनुष्य के व्यक्तित्व को निखारती है और उसके व्यवहार में चार चांद लगाने का काम भी करती है। इसके विपरीत अज्ञानी व्यक्ति विचारों की स्वीकार्यता नगण्य होती है वह कुछ सीखता नहीं चाहता और समाज में तिरस्कार खेलने का प्रमुख अवयव बन जाता है। विनम्रता को आत्मसात करने वाला व्यक्ति नए नए विचारों का स्वागत कर उसे सीखने का प्रयास करता है परिणाम स्वरूप उसके आचार व्यवहार में निखार आने लगता है। भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम की विनम्रता ने उन्हें देश में सर्वोपरि व्यक्ति बनाया था। और आपको यह बता दें कि ज्ञान प्राप्त करने वाला व्यक्ति केवल सूचनाओं का भंडार ही नहीं होता बल्कि वह विनयशील भी हो जाता है और उसकी यह विनय शीलता उसे समाज में प्रमुख स्थान दिलवाती है। मनुष्य के जीवन में आती कठिनाइयों तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य की विनम्रता, साहस, उच्च मनोबल और विनय शीलता हमेशा विजयी बनाती है।

विनम्रता मनुष्य में किसी भी पद के लिए स्वीकार्यता प्राप्त करने की ऊर्जा शक्ति प्रदान करती है, वह उच्च पद को प्राप्त भी कर लेता है वह समाज में योग्यता हेतु एक स्वीकार्य व्यक्तित्व बन जाता है और लोग उसका अनुकरण अनुसरण करते हैं। विनयशीलता एवं विनम्रता ही व्यक्तित्व को बहुत ऊंचा और ऊंचा करने में सहायक है, विनम्रता से यह बात तो निश्चित है की अहंकार और घमंड बहुत दूर हो जाते हैं और व्यक्ति सरल सीधा और ज्ञान की पराकाष्ठा को प्राप्त कर लेता है, ज्ञानी व्यक्ति समाज में सदैव पूजनीय होते हैं। ज्ञानी और विनम्र व्यक्ति सदैव आत्म संतुष्टि को प्राप्त करता है। विनम्रता मनुष्य के जीवन में उसे सदैव अग्रसर होने के लिए प्रेरित करती है और वज्ञान के प्रति उसकी आकांक्षा प्रबल होती रहती है। यह तो सर्वविदित है कि ज्ञान प्राप्त करने के लिए उम्र कभी बाधा नहीं रही है। ऐसा समाज में अक्सर देखा गया है कि विनम्रता से ओतप्रोत व्यक्तित्व नेतृत्व करने की क्षमता वाला होता है और अपने विचार सुविचार को समाज में जनमानस को जबरिया थोपने की बजाए उन्हें अपने सुझाव से युक्त कर समस्याओं से जूझने के लिए परिपक्व एवं मजबूत बनाता है। महात्मा गांधी जी ने स्वतंत्रता के आंदोलन में सत्य और अहिंसा को अपना साधन घोषित करते हुए जनमानस के साथ इसी अस्त्र को लेकर देश की स्वतंत्रता प्राप्त की थी। यह भी सत्य है की सत्य अहिंसा विनम्र तथा विनय शील व्यक्ति के बड़े ही प्रभावी तथा महत्वपूर्ण गुण तथा अंग होते हैं। विनम्र और विनय शील व्यक्ति के साथ व्यक्तित्व को लेकर कोई भ्रम अशांति अथवा संशय नहीं रहता है क्योंकि उनके साथ ना किसी की प्रति श्रद्धा न द्वेष ना ईर्ष्या ही होती है, वह इन सब से दूर रहकर समाज तथा देश के विकास के चिंतन में लगे होते हैं, विनम्रता को कमजोरी समझने का मुगालता नहीं पालना चाहिए क्योंकि विनम्र व्यक्ति कुछ क्षण के लिए कमजोर जरूर हो सकता है पर उसकी मानसिक दृढ़ता और मनोबल के कारण वह व्यापक और कठोर निर्णय लेकर बड़े से बड़े अवरोध को अपने तथा समाज के लिए दूर कर सकता है यही कारण है कि गांधी जी ने विनम्रता सत्य अहिंसा के साथ अंग्रेजों को देश से भगा कर देश को स्वतंत्रता दिलवाई थी। यह भारतीय संस्कृति तथा भारतीय जनमानस की सहिष्णुता और विनम्रता ही है जिसके फलस्वरूप वह हजारों वर्ष से निरंतर नश्वर बनी हुई है। अहंकार, घमंड, अस्थाई क्षणभंगुर होते हैं और विनम्रता विनय शीलता जीवन में आने वाले विघ्न खुद-ब-खुद खत्म हो जाते हैं। किसी भी राष्ट्र संस्कृति और समाज को शास्वत स्थापित रहने के लिए उसे विनम्र ,सहिष्णु और सदाशयी होने की आवश्यकता होती है। कुल मिलाकर व्यक्तित्व समाज तथा देश के लिए विनम्रता सहिष्णुता सदैव महान अवयव होते हैं।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एबीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य ने किया बा विद्यालय का निरीक्षण

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

उप्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी ने डीपीओ संजय कुमार निगम के साथ सोमवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय राजापुर का औचक निरीक्षण कर जमीनी हकीकत जानी। उन्होंने वहां की न केवल मूलभूत आवश्यकताओं की पड़ताल की बल्कि शैक्षिक गुणवत्ता परखी।

सदस्य द्वारा पूंछे गए सवालों का बालिकाओं ने बेबाकी के साथ जवाब दिया। उन्होंने शैक्षिक गतिविधियों, भोजन आदि की व्यवस्थाओं का भली-भांति जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षिकाओं को निर्देश दिया कि बालिकाओं को रचनात्मक व सुरुचिपूर्ण ढंग से पढ़ाए। उन्होंने बालिकाओं सिर्फ कई प्रश्न करके उनकी शैक्षिक गुणवत्ता जांची। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की उपस्थिति स्टॉक सहित विभिन्न पंजिकाओ का अवलोकन करके संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।उन्होंने निर्देश दिए कि बालिकाओं को गुणवत्ता वाला पौष्टिक भोजन परोसा जाए। आयोग के सदस्य ने बालिकाओं की सभी मूलभूत आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाए। आयोग के सदस्य ने बीएसए को निर्देश दिया कि विद्यालय का भवन छोटा और सकरा है। इसके लिए अतिरिक्त कक्ष की व्यवस्था की जाए, ताकि बालिकाओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

बाल आयोग सदस्य ने जिला अस्पताल में देखे प्रबंध, मरीजों से किया संवाद

सोमवार को उप्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य श्याम त्रिपाठी ने जिला चिकित्सालय ओयल में व्यवस्थाओं को देखा। मरीजों से संवाद करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद आयोग के सदस्य जिला अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचे। उन्होंने इमरजेंसी में स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद ओपीडी में डॉक्टरों और स्टाफ की मौजूदगी को परखा। यह भी देखा कि स्वास्थ्य विभाग मरीजों के इलाज को लेकर कितना गंभीर है। कई मरीजों से इलाज और दवा की उपलब्धता के बारे में पूछा। मरीजों ने जवाब हां में दिया तो आगे बढ़ गए।आयोग के सदस्य ने सीएमएस से स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी ली एवं जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ जिला प्रोवेशन अधिकारी संजय कुमार निगम मौजूद रहे।

आयोग के सदस्य ने ली अफसरों की बैठक, दिए निर्देश

उप्र राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी ने अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सोमवार शाम कलेक्ट्रेट में अफसरों की बैठक ली, संबंधित को जरूरी निर्देश निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाए जाने के लिये सम्बन्धित अधिकारियों से योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की। आयोग के सदस्य के पूछने पर डीपीओ संजय निगम ने बताया कि सीएम बाल सेवा योजना के तहत 102 लाभार्थियों को चार हजार की मासिक पेंशन दी जा रही। वही 32 लाभार्थी बच्चों को लैपटॉप वितरित किए। सीएम बाल सेवा योजना सामान्य के तहत 803 लाभार्थी बच्चों को ?2500 प्रति माह उनके खाते में अंतरित की जा रही है। एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत 2031 पहरी क्लब का गठन किया गया। बीएसए ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत प्रथम चरण में 185, द्वितीय चरण में 188 बच्चों को विभिन्न निजी स्कूलों में निशुल्क शिक्षा के लिए प्रवेश दिलाया गया। नशीली दवाओं की मानिटरिंग के साथ-साथ रोकथाम के लिए मेडिकल स्टोर्स पर 442 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। कोटपा एक्ट के प्रचार प्रसार के लिए होल्डिंग्स भी लगाई गई। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी वीरपाल ने पोस्ट मैट्रिक, प्रीमैट्रिक छात्रवृत्ति की प्रगति बताइ। मदरसों की संख्या एवं उनके निरीक्षण के बारे में जानकारी दी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी ने बताया कि गत वर्ष 67 निरीक्षण किए। जिनमें 119 किशोर एवं बाल श्रमिकों को चिन्हित किया। डीपीओ सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि 05 ब्लॉकों में एसएसजी महिलाओं एवं शेष ब्लॉकों में नेफेड से पोषाहार की सप्लाई की जा रही। जिले में 3556 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। बैठक में बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, उप जिलाधिकारी सदर श्रद्धा सिंह, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडे, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी वीरपाल, डीपीओ सुनील श्रीवास्तव, संजय निगम सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

लूटे गये दो मोबाइल व एक अवैध तमंचा सहित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।

15 मई 2023 को कोतवाली सदर पुलिस द्वारा 03 नफर अभियुक्त पुष्प कुमार उर्फ पूसू पुत्र त्रिभुवन वर्मा निवासी ग्राम रूखिया थाना खीरी जनपद खीरी, लवकुश कुमार शुक्ला पुत्र रामभुखन शुक्ला निवासी ग्राम कौरैय्या धारा थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी,मनीष कुमार गौर पुत्र सतीश कुमार गौर निवासी ग्राम कौरैय्या थाना कोतवाली सदर जनपद लखीमपुर खीरी को सफल अनावरण करते हुए लूटे गये दो अदद मोवाइल व 4650/- रूपयो व घटना मे प्रयुक्त मो0सा0 P-31 AQ 3145 सी0डी0 डिल्क्स तथा एक अदद नाजायज तमंचा 12 बोर, एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर व एक अदद चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियुक्त पुष्प कुमार उर्फ पूसू पुत्र त्रिभुवन वर्मा निवासी रूखीया थाना व जनपद खीरी व धारा 4/25 आर्म्स एक्ट बनाम अभियुक्त लवकुश कुमार शुक्ला पुत्र रामभुखन शुक्ला निवासी ग्राम कौरैय्या थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी के विरूद्ध पंजीकृत मुकदमा करते हुए अभियुक्तों का चालान मा0 न्यायालय भेजा गया है।

इस मौके पर गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 चेतन प्रकाश तोमर, चौकी प्रभारी एल0आर0पी0, कोतवाली सदर,उ0नि0 कमलेश कुमार राजभर चौकी प्रभारी रामापुर, कोतवाली सदर, हे0का0 निसार अहमद, कोतवाली सदर,हे0का0 घनश्याम यादव, हे0का0 विजय शर्मा, का0 शशिकान्त,का0 विकास चौहान, का0 हेमेन्द्र कुमार, का0 अमरजीत सिंह, कोतवाली सदर मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

118 लीटर अवैध कच्ची शराब व एक अवैध भट्टी सहित 7 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज। 15 मई 2023 को थाना ईसानगर पुलिस द्वारा धन्नी भार्गव पुत्र इन्दल भार्गव नि0 गोपालापुर थाना ईसानगर खीरी,पांचू पुत्र सोहन नि0 गोपालापुर थाना ईसानगर खीरी, केशवराम पुत्र शंकर दयाल नि0 गोपालापुर थाना ईसानगर खीरी, बुद्धराम पुत्र सोहनलाल भार्गव नि0 गोपालापुर थाना ईसानगर खीरी, छोटेलाल भार्गव पुत्र सोहनलाल भार्गव नि0 गोपालापुर थाना ईसानगर खीरी, मूलचन्द भार्गव पुत्र सुन्दर भार्गव नि0 गोपालापुर थाना ईसानगर खीरी, रामजस पुत्र मोहनलाल नि0 लोनियनपुरवा मजरा लौकाही थाना ईसानगर जनपद खीरी को अलग अलग स्थानो से कुल 118 ली0 अवैध कच्ची शराब व एक अदद शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया । मौके से 1500 कि0ग्रा0 लहन नष्ट किया गया । जिसमे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई । इस मौके पर पुलिस टीम में उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र कुमार सिंह थाना ईसानगर,उ0नि0 श्री राहुल सिंघल,हे0का0 तिलेश्वर सिंह,का0 शिवचन्द यादव,का0 राहुल यादव,का0 राहुय कुमार,का0 अक्षय राणा,का0 अंकित राठी,का0 शिवम कुमार,का0 भूपेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

हारजीत की बाजी लगाते चार जुआड़ी पुलिस के हत्थे चढ़े

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। सार्वजनिक स्थान पर हार जीत की बाजी लगा रहे चार जुआरियों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 2700 रुपये बरामद किए। पुलिस ने चारों को कोतवाली लाकर उनके खिलाफरिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली प्रभारी कुलदीप तिवारी को सूचना मिली कि नगर के पुराने बस स्टैंड के पास स्थित एक होटल के पाास कुछ लोग हार जीत की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने पुलिस फोर्स को मौके पर भेजा। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही जुआरियों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने मौके से रिजवान निवासी भवानीराम, जीशान व चांदबाबू निवासीगण काशीनाथ, ख्वाजा हसन निवासी ग्राम संधी थाना आटा को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके पास से ताश की गड्डी, 2710 रुपये नगद और मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस चारों को पकड़कर कोतवाली ले आई। जहां उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

पत्नी ने पति की प्रताड़ना से त्रस्त होकर दी पुलिस को तहरीर

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। पत्नी के साथ गाली, गलौज व मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी नेहा ने पुलिस को बताया कि उनके पति सुरेंद्र कुमार आए दिन उसे परेशान करते रहते हैं। लड़ाई झगड़ा कर मारपीट करते हैं। जिसका परिवार में बुरा असर पड़ रहा है। कई बार समझाने का प्रयास किया लेकिन उन पर कोई असर नहीं हो रहा है। पीड़िता का आरोप है कि सोमवार की सुबह वह घर के काम कर रही थी। तभी पति वहां आए और गाली, गलौज करने लगे। जब उसने समझाना चाहा तो मारपीट करने लगे। जिसमें उसे चोटें आई हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

बच्चों को अमर बलिदानी शहीदों के इतिहास के बारे में बताएं : मनमोहन

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

अमर शहीद कॅप्टन मनोज पाण्डेय सेवा सस्थान द्वारा स्थानीय ईदगाह स्थित अवनेन्द्र विक्रम सिंह के आवास पर बैठक की गयी। अतिथी में शहीद कॅप्टन पाण्डेय के छोटे भाई विधान सभा मार्शल मनमोहन पांडेय उपस्थित रहे। अतिथी का स्वागत संजय शुक्ला के द्वारा माल्यार्पण कर हुआ। बैठक के दौरान 25 जून को शहीद कॅप्टन मनोज पाण्डेय की जयंती मनाए जाने पर चर्चा की गयी। इस दौरान अतिथी मनमोहन पांडेय ने कहा कि कि आज की जो वर्तमान परिस्थिति है शिक्षा व्यवस्था है जिसमें हम क्रांतिकारी बलिदानी को भूलते जा रहे हैं अपने बच्चों को इन अमर बलिदानी शहीदों के इतिहास के बारे में अवश्य बताएं। इस दौरान अवनेन्द्र विक्रम सिंह, स्नजय शुक्ला, आकाश राय,अमित अग्निहोत्री, विष्णु पाण्डेय,आशीष गुप्ता, अंजनी मिश्रा, अरुण गुप्ता, दीपक सिंह, विपिन शुक्ल, आकाश मिश्रा, आदि उपस्थित रहे।

विभिन्न प्रतियोगिताओं व आकर्षण के साथ जेसीआई ने मातृदिवस मनाया

लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।

नगर के सौभाग्य पैलेस मे जेसी सौरभ गुप्ता की अध्यक्षता, जेसी पूजा पुरी चेयर पर्सन जेसीरेट शालिनी टंडन के कुशल निर्देशन में संपन्न हुई, जेसीरेट शाखा द्वारा कई मनोरंज प्रतियोगिताएं ऑन द स्पॉट क्विज में मुक्ति अग्रवाल प्रथम रचना अग्रवाल द्वितीय दर्शिका गुप्ता तृतीय रही, डांस परफॉर्मेंस जेसी परिवार की ओर से मदर चाइल्ड गॉट टेलेंट में जेसीरेट ऋचा शेखर जेजे नेहा शेखर प्रथम, जेसी रचना अग्रवाल, जेजे दर्श व अथर्व अग्रवाल द्वितीय, जेसी मुक्ति अग्रवाल, जेजे विराज तृतीय, जेसीरेट दर्शिता गुप्ता डीजे लक्ष गुप्ता जेजे आर्यन गुप्ता जेसीरेट मुदिता अग्निहोत्री सांत्वना रही जेसी गॉट टैलेंट में जेसी राम मोहन गुप्त, जेसी आई सीनेटर विशाल सेठ, जेसीरेट सचिन अग्रवाल जेसी आलोक शुक्ला की सहभागिता रही विशेष प्रस्तुति जेसी मीता गर्ग एवं जेसीरेट मंजू बरनवाल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में निर्णायकों की भूमिका का सफलतम निर्वहन जेसीरेट सोनी गुप्ता जेसीरेट आरती सिंह के द्वारा की गई, खेल प्रतियोगिता जेसीरेट समीक्षा टंडन, जेसीरेट गजल गुप्ता ने की, कार्यक्रम का सुंदर संचालन जेसीरेट शालिनी टंडन व पूजा पुरी ने किया।

कार्यक्रम के सुव्यवस्थित संयोजन में जेसी पूजा पुरी, शालिनी टंडन, मुक्ति अग्रवाल, गजल गुप्ता, रचना अग्रवाल, कवलजीत चावला, समीक्षा टंडन, मीता गर्ग आदि का विशेष योगदान रहा।जेसी अमनदीप राणा जेसी मुदिता अग्निहोत्री को जेसी आई लखीमपुर की सदस्यता ग्रहण कराई गई! कार्यक्रम में जेसी परिवार के जेसी राम मोहन गुप्त, राजेश पटेल, तुषार गर्ग, अर्जित, योगेश जोशी, दिनेश कुमार गुप्त, अमर सिंह, कुलदीप गुप्ता,विकास टंडन, कनिष्क बरनवाल, अनिल अग्रवाल, मनीष बरनवाल, दिलीप बरनवाल, मीता गर्ग, जेसीरेट पारुल पटेल, नीरजा गुप्ता,शिल्पी बरनवाल, मंजू बरनवाल, अलका अग्रवाल, ज्योति जोशी, उपमा अग्रवाल, सोनी गुप्ता, रचना अग्रवाल, जूनियर जेसी हर्षित जे जे दक्ष अथर्व नव्या श्रेयन शिवन्या आदि उपस्थित रहे।

चार माफियाओं पर डीएम के आदेश पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

- सभी आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई के साथ सम्पत्ति की जब्त
- अपराध से अर्जित 4 ट्रक, 1 स्कार्पियों भी की गयी जब्त

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

सोमवार को जिलाधिकारी के आदेश मिलते ही माधौगढ़ एसडीएम व सीओ की मौजूदगी में डुगडुगी पिटवा कर रेढ़र थाना क्षेत्र में कुर्की की कार्रवाई की गई। जिसमें चार ट्रक व एक स्कॉर्पियो सहित पांच वाहनों की जब्तीकरण की कार्रवाई धारा 14 (1) की कार्यवाही हेतु जिला मजिस्ट्रेट जालौन द्वारा आदेशित किया गया था।

माधौगढ़ एसडीएम अंगद सिंह, सीओ उमेश पांडेय, कोतवाल विमलेश कुमार,रेढ़र एसओ वरूण प्रताप सिंह द्वारा डुगडुगी पिटवाकर कुर्की की कार्रवाई की गई। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि चार ट्रक ओर एक स्कार्पियो की कुर्की की कार्रवाई की गई है। जिसकी कीमत दो करोड़ 10 लाख रूपये है। कुर्क किए गए वाहनों में एक ट्रक गणेश शुक्ला कानपुर, एक ट्रक उमेश पाल अलीगढ़, दो ट्रक राजीव कुमार दुबे कन्नौज, स्पार्कियो सिवेन्द्र सिंह औरैया की है। यह सभी अवैध तरीके से मौरम कारोबार से जुड़े बताये जाते हैं। इससे पहले गल्ला मंडी परिसर पर प्रशासन ने दो बार ट्रकों की कुर्क की कार्रवाई की जा चुकी है। संयुक्त टीम द्वारा पूर्व में माधौगढ़ थाने में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 142/22 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में संलिस अभियुक्तों द्वारा अवैध तरीके से अर्जित की गयी सम्पत्ति लगभग दो करोड़ रुपये की बतायी जा रही है। सोमवार को कुर्क की तीसरी कार्रवाई है। इससे पहले 9 ट्रक 4 करोड़ 50 लाख रूपये व 7 ट्रक व आल्टो कार 3 करोड़ 50 लाख रूपये सहित 8 करोड़ रूपये की कीमत के वाहनों की कुर्की की जा चुकी है। माधौगढ़ में जब्त वाहनों की कुर्की की तीसरी कार्रवाई है। जब्त किये गये वाहनों के ट्रक नंबर यूपी 77 एटी 1080, ट्रक नंबर यूपी 81 सीटी 1040, ट्रक नंबर यूपी 84 टी 6210, ट्रक नंबर यूपी 84 टी 7090 के साथ ही एक स्कार्पियों कार नंबर यूपी 74 एसी 9495 शामिल हैं।

मानव श्रृंखला बना मां शब्द लिख किया प्रेम का इजहार

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। आनंदी बाई की छात्राओं ने अनोखे अंदाज में मातृ दिवस दिया। छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मां शब्द लिखा और मां के प्रति अपने प्रेम का इजहार किया। नगर में स्थित आनंदीबाई हर्ष बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं और शिक्षिकाओं ने ने मातृ शक्ति को नमन करके मानव श्रंखला के द्वारा मां शब्द लिखकर मां के प्रति अपने प्रेम को प्रदर्शित किया। इस अनोखी पहल को वहां मौजूद लोगों ने जमकर सराहा। प्रधानाचार्या सुनीता शर्मा ने कहा कि मां वह है जो हमें जन्म देती है, यही कारण है कि संसार में हर जीवनदायनी वस्तु को मां की संज्ञा दी गई है। यदि हमारे जीवन के शुरुआती समय में कोई हमारे सुख-दुख में हमारा साथी होता है तो वह हमारी मां ही होती है। मां हमें कभी इस बात का एहसास नही होने देती की संकट के घड़ी में हम अकेले हैं। इसी कारणवश हमारे जीवन में मां के महत्व को नकारा नहीं जा सकता है। प्रबंधिका संध्या हर्षे ने कहा कि मां शब्द में ही पूरी सृष्टि समाई है। हालांकि मां के लिए कोई एक दिन नहीं होता हर दिन मां का दिन है। लेकिन इस विशेष दिन को मां के प्रति प्रेम प्रदर्शित करना गौरवांवित कर देता है। उन्होंने अपने जीवन में सफलता पूरा श्रेय अपनी मां को दिया।

चार उप जिला मजिस्ट्रेटों के कार्यक्षेत्र बदले

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज। चुनाव आचार संहिता हटने के बाद जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने सोमवार को चार उप जिला मजिस्ट्रेटों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुये आईएएस अभिषेक कुमार ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कालपी से हटाकर उरई का ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी बनाया है। जबकि उरई में तैनात रहे उप जिलाधिकारी राजेश सिंह को उप जिलाधिकारी न्यायिक कोंच भेजा गया है।

अभी तक कोंच के उप जिलाधिकारी रहे कृष्ण कुमार सिंह को उप जिलाधिकारी कालपी बनाया गया है जबकि अंगद सिंह उप जिलाधिकारी माधौगढ़ को उप जिलाधिकारी कोंच बनाया गया है। शिवनारायण उप जिलाधिकारी न्यायिक कोंच को उप जिलाधिकारी माधौगढ़ के पद पर स्थानांतरित किया गया है।

जनपद का सबसे आकर्षक सभागार लगभग पूर्ण

- वेद व्यास सभागार में एक सैकड़ा से अधिक लोगों के बैठने की होगी व्यवस्था

कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।

जनपद जालौन के तहसील कालपी का विगत समय से चौमुखी विकास निरंतर हो रहा है। आईएएस अभिषेक कुमार द्वारा उप जिलाधिकारी का कार्यभार संभालते ही तहसील प्रांगण में भव्य गेट, कोर्ट में फैकल्टीज, एवं तहसील के सभागार का फर्नीचर, पर्दे आदि का कार्य शुरू हो गया था।

आपको बता दें कि कालपी तहसील का सभागार जनपद जालौन का सबसे एतिहासिक और सबसे अधिक कर्मचारियों की क्षमता वाला सभागार होगा। उप जिलाधिकारी कालपी अभिषेक कुमार ने बताया कि कालपी तहसील में बनाए जा रहे इस सभागार की क्षमता 100 से अधिक कर्मचारियों की होगी सभागार में नये एवं उच्च गुणवत्ता वाले फर्नीचर का प्रयोग किया जा रहा है साथ ही साथ इस सभागार में इलेक्ट्रॉनिक माइक की भी व्यवस्था होगी तथा इसका नाम वेद व्यास सभागार रखा जाएगा। उन्होंने बताया चूंकि कालपी नगरी महर्षि वेद व्यास की नगरी के रूप में प्रचलित है। इसीलिए सभागार का नाम महर्षि वेद व्यास के ऊपर रखा जाएगा। गौरतलब है कि सभागार का कार्य लगभग पूरा होने वाला है और कार्य पूरा होने के बाद जल्द ही कालपी तहसील के कर्मचारियों को भव्य सभागार देखने को मिलेगा।

रंगबाजी को लेकर दो पक्षों में मारपीट, तीन पर शांतिभंग की कार्रवाई

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। रंगबाजी को लेकर दो पक्षों के बीच हो रहे झगड़े की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगतपुरा में एक पक्ष के कुंवर सिंह व लाल सिंह एवं दूसरे पक्ष के निरंकार के बीच रंजिश क चलते झगड़ा हो रहा था। वाद विवाद से शुरू हुआ झगड़ा गाली, गलौज से होकर मारपीट तक पहुंच गया। ग्रामीणों ने समझाने का प्रयास किया न मानने पर उन्होंने झगड़े की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस तीनों को पकड़कर कोतवाली ले आई। जहां उनके खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई।

भाविप ने बालिका कालेज में लगवाया वाटर कूलर

- एसडीएम ने वाटर कूलर का लोकार्पण किया

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा द्वारा नगर के जालौन बालिका इंटर कॉलेज में वाटर कूलर लगवाया गया। जिसका लोकार्पण एसडीएम ने किया। गर्मी के मौसम में पेयजल की अधिक आवश्यकता पड़ती है। यदि ठंडा पेयजल मिलता है तो शरीर को राहत पहुंचती है।

गर्मी के मौसम में छात्राओं को ठंडा व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा सामने आई है। परिषद द्वारा नगर के जालौन बालिका इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं को ठंडा व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वाटर कूलर लगवाया गया है। परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष के जन्म दिवस पर सोमवार को विद्यालय परिसर में लगे वाटर कूलर का लोकार्पण एसडीएम सुरेश कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि लोगों की समस्याओं को समझना और उसी के अनुसार समस्या का निदान सच्ची समाजसेवा है। परिषद द्वारा लगवाए गए वाटर कूलर का लाभ निश्चित ही छात्राओं व स्टॉफ को मिलेगा। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. सीपी गुप्ता, शाखा अध्यक्ष डॉ. वेदप्रकाश शर्मा, सचिव अनुराग बहरे, महिला संयोजिका निशा माहेश्वरी, वित्त सचिव श्याम किशोर, महेशचंद्र सिंघल, गिरीश गुप्ता, दीपक मित्तल, मधु पांडेय आदि मौजूद रहीं।



तीसरी बार सभासद निर्वाचित हुए पिकू गुप्ता

- दो अलग-अलग वार्डों से रह चुके हैं सभासद

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

नगर पालिका परिषद सीतापुर के वार्ड संख्या 16 तरीनपुर से भाजपा प्रत्याशी राकेश गुप्ता 'पिंकू' ने वार्ड सभासद के पद पर जीत दर्ज करने में सफलता हासिल की है। पिंकू तीसरी बार सभासद निर्वाचित हुए हैं। इसके अलावा पिंकू गुप्ता के नाम एक अनोखा रिकॉर्ड भी दर्ज है। पिंकू गुप्ता इस निकाय के ऐसे सभासद हैं, जो दो अलग-अलग वार्डों से चुनाव जीतने में सफल रहे हैं। वार्ड संख्या 16 के सभासद पद के चुनाव में तीन मीडिया कर्मियों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। इस बार के चुनाव में पिंकू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी व निर्दलीय प्रत्याशी कामिल को 400 से अधिक मतों से शिकस्त दी है।

इस बार के चुनावी समर में कुल सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। जिसमें से वरिष्ठ पत्रकार राजीव गुप्ता 'तेजू' के परिवारीजन एवं भाजपा प्रत्याशी राकेश गुप्ता 'पिंकू' ने 1032 मत हासिल किए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी व निर्दलीय प्रत्याशी कामिल को 631 मत ही मिल सके। इसके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी विश्वनाथ को 528, पत्रकार संदीप श्रीवास्तव के भाई एवं निर्दलीय प्रत्याशी आलोक श्रीवास्तव को 326, फोटो जर्नलिस्ट योगेश श्रीवास्तव के भाई एवं निर्दलीय प्रत्याशी शुभाशीष श्रीवास्तव गुल्लू को 66, नितिन जौहरी को 33 और नीतू पाल को महज सात मतों से ही संतोष करना पड़ा। सनद रहे कि वार्ड संख्या 16 के मूल निवासी पिंकू गुप्ता पूर्व में इस वार्ड के अलावा वार्ड संख्या 13 ऊंचा टीला से भी सभासद रह चुके हैं।

गजब! दो माह से नगर में चल रहा होर्डिंग लगाने का अवैध कारोबार

- होर्डिंग माफिया की टेंडर अवधि खत्म होने के बाद भी लोगों को कर रहा भ्रमित
- नगर पालिका के जिम्मेदारों की सहभागिता से फलफूल रहा गोरखधंधा

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

बुंदेलखंड में एक कहावत है अधिकारी मेहरवान तो गधा पहलवान। जो आज कल नगर पालिका परिषद उरई के जिम्मेदार अधिकारियों पर शत प्रतिशत सटीक बैठती है। जो राजस्व को चूना लगवाकर नगर में अवैध होर्डिंग लगवाने का माफिया के इशारों पर चलते नजर आ रहे है। हैरानी की बात तो यह है कि पिछले वर्ष जिस फर्म के नाम पर होर्डिंग का ठेका हुआ था उसके द्वारा अभी तक पालिका कार्यालय में राजस्व भी जमा नहीं किया है। ऐसा पालिका के सूत्र बतलाते हैं। अगर देखा जाए तो उरई नगरीय क्षेत्र में होर्डिंग और फ्लेक्स की साइट से राजस्व वसूली का ठेका पिछले वर्ष ए टू जेड प्राइवेट लिमिटेड प्रॉपर्टी राजेश भारती की फर्म के नाम हुआ था। सूत्रों की माने तो उसमें जिले भर के होर्डिंग माफियाओं ने मिल के लिया था। टेंडर लेने वालों ने नियमों की अनदेखी करके पूरे शहर में होर्डिंग की साइटों को लगाकर शहर की खूबसूरती को ही बदनुमा कर जगह-जगह लकड़ी की बल्लियों के सहारे होर्डिंग टंगवाकर अपना आर्थिक हित साधते रहे। फिर चाहे नगर के चौराहे हो या फिर नगरीय क्षेत्र की मुख्य सड़क ही क्यों न हो। इस तरह के अवैध तरीके से लगाये गये होर्डिंग एक ओर नगर को बदसूरत बनाती है तो वहीं दूसरी ओर ट्रैफिक जाम लगाने में भी सहायक हो जाती है। नगरीय क्षेत्र में अवैध हॉर्डिंग साइट्स ने कोई कसर नहीं छोड़ी अब हालात यह है। ए टू जेड प्राइवेट लिमिटेड प्रॉपर्टी राजेश भारती का ठेका 31 मार्च को खत्म हो चुका है फिर भी आप देख सकते हैं कि शहर के विभिन्न स्थानों पर मच्छर चौराहा, कालपी रोड, कोच रोंड आदि हॉर्डिंग की साइटों पर लिखा हुआ है के विज्ञापन के लिए संपर्क करें अमित भारती के नाम का प्रयोग करते हुये नगरीय क्षेत्र में इस तरह वाक्य लिखे कभी भी देखे जा सकते हैं।

नगर को बदसूरत बनाने में बने सहायक

अपने प्रचार प्रसार के लिये होर्डिंग लगवाने वाली पार्टियां भी इस बात को नहीं जानती कि होर्डिंग का ठेका खत्म हो चुका है और कभी भी नगर पालिका का बुलडोजर इन पर चला सकता है लेकिन वही बात है सैंया भए कोतवाल तो डर काहे का सेटिंग के खेल में मस्त नगर पालिका परिषद उरई के हुक्मरानों ने जब यह सोच लिया है कि भैया भारती प्राइवेट लिमिटेड को मालामाल कर दिया जाएगा तो फिर क्या डर और कहीं भी हो बल्ली लगाकर जहां पर भी जगह मिले उसे अपनी साइट बना लो ओर जब तक मर्जी हो संबंधित व्यक्ति या फर्म की होर्डिंग लगी रहती है। यह स्थिति तब है जब देश के प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगरीय निकायों को अच्छा खासा बजट आवंटित करती है ऐसी स्थिति में नगरीय क्षेत्र में स्वच्छता के नाम पर अवैध तरीके से लगायी गयी होर्डिंग अभियान को पलीता लगाने में सहायक बनी नजर आ रही है।

पिछले वर्ष का होर्डिंग राजस्व भी नहीं किया पूरा जमा

उरई नगर पालिका सूत्रों की माने तो पिछले वर्ष होर्डिंग का ठेका 6 लाख रुपये का हुआ था जिसका आंशिक हिस्सा ही राजस्व के रूप में जमा हुआ बाकी पालिका अभी टैक्स जमा नहीं हुआ फिर भारती फ्लेक्स का अविध व्यापार पालिका परिषद के उच्च अधिकारियों मिलीभगत से चल रहा है। साथ ही जिले की ईमानदार जिलाधिकारी व उच्च आला अधिकारियों को जब पता चलेगा के ठेका खत्म होने के बावजूद लगातार नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार और ठेकेदार चला रहे हैं उन पर कार्रवाई होना तो निश्चित है।

नवनिर्वाचित पार्षदों का पार्टी कार्यालय पर हुआ स्वागत

अयोध्या, समृद्धि न्यूज़

समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर सोमवार को पार्टी की महानगर कमेटी के पदाधिकारियों ने नगर निगम में पार्टी के नवनिर्वाचित पार्षदों का पर भव्य स्वागत किया गया।इसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने तथा संचालन महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया।महानगर प्रवक्ता एडवोकेट राकेश यादव ने बताया कि स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव मौजूद रहे।

इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन,जय शंकर पांडेय,मेयर प्रत्याशी डॉ आशीष पांडेय दीपू ने सभी नवनिर्वाचित पार्षदों लक्ष्मण घाट से प्रिया शुक्ला,अश्वनी पुरम से जगत नारायण यादव,हनुमंत नगर से मोहम्मद राशिद सलीम घोसी,सुभाष चंद्र बोस से अर्जुन यादव सोमू,साकेत नगर से कौसर पत्नी मंसूर अहमद,कौशलपुरी से धर्मवीर,अशफाक उल्ला खां से अखिलेश पांडेय,परमहंस रामचंद्र दास से कृष्ण गोपाल यादव, चौधरी चरण सिंह से मुकेश कुमार कोरी,पुरुषोत्तम नगर से श्रीमती ज्ञानमती,बड़ी देवकाली से सर्वजीत यादव, लक्ष्मी सागर नगर से वकार अहमद, चंद्रशेखर नगर से विशाल पाल, अग्रसेन नगर से श्रीमती शाहनूर बानू,राम मनोहर लोहिया से राम भवन यादव, सरदार पटेल से श्रीमती इंदिरा वती यादव और दशरथ कुंड से श्रीमती ज्ञानमती यादव का माल्यार्पण कर स्वागत किया।इस मौके पर पूर्व मंत्री श्री पांडेय ने सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को बधाई और शुभकामना देते हैं कहा कि सभी पार्षद अपने अपने क्षेत्रों मे अपने वार्ड वासियों से मिलकर उनका धन्यवाद करते हुए किए गए वादों को पूरा करने का काम करें जिससे अयोध्या का पूर्ण रूप से विकास हो सके।जिलाध्यक्ष श्री यादव ने सभी पार्षदों को बधाई देते हुए उनको जनहित के मुद्दे को उठाने के लिए कहा।इस मौके पर डॉ आशीष पांडे दीपू ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि हम जनता के बीच में जाएंगे और आप लोगों के साथ उनकी समस्याओं और नगर निगम के विकास के लिए जो भी कार्य होगा,उसे आप लोगों के साथ मिलकर करने का प्रयास करेंगे।महानगर अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने स्वागत समारोह में आए हुए सभी पार्षदों को धन्यवाद देते हुए कहा कि जनता के मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करने और नगर निगम को सुंदर स्वच्छ और अयोध्या को विकास पर ले जाने का काम करें।स्वागत समारोह में जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष श्री चंद यादव, रामअचल यादव, मोहम्मद हलीम पप्पू, बलराम मौर्या, बब्बन प्रधान, महिला महानगर अध्यक्ष सरोज यादव , महासचिव अपर्णा जयसवाल, पंकज पांडेय, सूर्यभान यादव, मंजीत यादव, शैलेंद्र श्रीवास्तव, शाहबाज लकी व इश्तियाक खान आदि ने सभी नवनिर्वाचित पार्षदों का मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर भव्य स्वागत करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

पराविधिक स्वयंसेवकों के लिए किन्नर समाज से मांगा गया प्रार्थना पत्र

अयोध्या। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की पराविधिक स्वयं सेवक योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अधीन जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष की अनुमति से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में किन्नर पराविधिक स्वयं सेवकों का चयन किया जाना है।इस संबन्ध में उभयलिंगी समुदाय से ऐसे किन्नर को विधिक सेवा जन समूह को उपलब्ध कराने जो किन्नर समाज के विकास व सामाजिक उत्थान हेतु इच्छुक हो,को पराविधिक स्वयं सेवक के रूप में चयन किया जायेगा।यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शैलेंद्र सिंह यादव ने दी।उन्होंने बताया कि किन्नर के अतिरिक्त अन्य कोई व्यक्ति आवेदन हेतु पात्र नहीं होंगे।उन्होंने किन्नर समाज से अनुरोध है कि जो किन्नर पराविधिक स्वयं सेवक के अर्न्तगत चयनित होना चाहते हैं वे अपना प्रार्थना पत्र आगामी 09 जून को शाम पांच बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

गोरखपुर-वाराणसी नेशनल हाईवे पर सड़क हादसा

गोरखपुर। गोरखपुर वाराणसी नेशनल हाइवे 29 पर खड़ी मारुती ग्रांड विटारा के पीछे तेज रफ़्तार से आ रही टेम्पू के जोरदार टक्कर से टेम्पू ही पलट गई जिसमे सवार सात लोगों चोट आई। हादसा बेलीपार थाना क्षेत्र के डवरपार चौराहे पर सोमवार करीब दो बजे की है। मारुती कार ग्रांड विटारा से अरविंद सिंह अपने घर हाटा (बडहलगंज) से परिवार को लेकर गोरखपुर जा रहे थे। बच्चे को उल्टी आने के कारण मारुती रोक पानी से कुल्ला करा रहे थे। तब तक तेज रफ़्तार से आ रही टेम्पू क्क3 तळ्ळ 5551 के जोरदार टक्कर से टेम्पू खुद पलट गई.जिससे ड्राइवर राम प्रवेश समेत सवार सात पैसेंजर को चोट आई जिसमे तीन लोगो गंभीर चोट लगी है। जिन्हे ग्रामीणों के मदद से अस्पताल भेज दिया गया।घायल सातों व्यक्ति भंडारी थे जो कौड़ीराम से गोरखपुर मांगलिक कार्यक्रम में खाना बनाने जा रहे थे।

चालीस हजार की नकदी सहित लाखों का माल चोर ले उड़े

हैदरगढ़ बाराबंकी। थाना लोनी कटरा अंतर्गत मोहम्मदपुर गांव स्थित एक घर में हुई चोरी में चोर 40,000 की नगदी सहित लाखों रुपए के जेवर लेकर चंपत हो गए। गांव निवासी शारदा सिंह पुत्र जय लाल सिंह ने बताया कि बीती रात वह अपनी पत्नी और पुत्र पुत्री के साथ घर में सो रहे थे कि तभी घर के पीछे स्थित जीना से उतर कर कमरे में आए अज्ञात चोरों ने कमरे में जाकर वहां रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर ?40000 की नकदी के अलावा चैन हार कंगन मांग बेदी अंगूठी मंगलसूत्र झुमकी हाफ पेटी पायजेब पायल सहित लाखों रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया और चंपत हो गए। पीड़ित ने बताया कि सुबह 3:00 बजे बाथरूम के लिए पुत्री के उठने पर चोरी का पता लगा दरवाजा खुला हुआ था और समान बिखरा पड़ा था जिसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई । मौके पर आई पुलिस में छानबीन की और थाना लोनीकटरा में तहरीर देने की बात कही। तहरीर के आधार पर पुलिस छानबीन कर रही है।

17 को हो बार एसोसिएशन में शपथ ग्रहण

बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह दिनांक 17 मई को बार सभागार में 1:30 आयोजित होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद न्यायाधीश रवींद्र नाथ दुबे एवं विशिष्ट अतिथि प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय दुर्ग नारायण सिंह, प्रधान न्यायाधीश एम0ए0सी0टी न्यायालय सूर्य प्रकाश शर्मा, बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश सह-अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, सदस्य बार कांउसिल आफ उ0प्र0 अखिलेश अवस्थी, जिला अधिकारी बाराबंकी अविनाश कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह मौजूद होंगे। उक्त जानकारी बार महामंत्री शाहीन अख्तर ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन आज दे सकते हैं बड़ी सौगात

चोपन/ सोनभद्र। - निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय निषाद का आगमन कल वैरियर पर निषाद राज पार्क में सुबह 11 बजे होने जा रहा

है जिसको लेकर उत्साहित निषाद पार्टी के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जी जान से जुटे हुए हैं। गौरतलब हो कि निषाद पार्टी ने नगर निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जीत अपने नाम की है जिसके बाद कार्यकर्ताओं में काफी जोश देखने को मिल रहा है वहीं चुनाव प्रचार के दौरान चोपन में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा था कि आप लोग संगठित होकर अपने एनडीए के प्रत्याशी उस्मान अली को जिताइये उसके बाद मै पुनः आऊंगा इससे कयास लगाया जा रहा है कि कल उनके द्वारा मंच से नगरवासियों को कुछ बड़ी सौगात मिल सकती है वहीं निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोष शाहनी ने बताया कि पूरे कार्यकर्ता अतिउत्साह में हैं और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जी जान से लगे हुए हैं।

बाराबंकी में बढ़ी चोरियां, सगे भाइयों के घर 10 लाख की हुई बड़ी चोरी

रामनगर बाराबंकी। थाना रामनगर के अंतर्गत ग्राम गर्री में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो सगे भाइयों के मकानों पर धावा बोलकर घरों के अंदर रखी हजारों की नगदी तथा 10 लाख से अधिक कीमत के सोने चांदी के जेवरातो पर हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।प्राप्त विवरण के अनुसार थाना रामनगर के ग्राम गर्री में बीते रविवार की रात अज्ञात चोर शैलेंद्र सिंह के मकान के पिछवाड़े से छत पर चढ़कर जीने का ताला तोड़कर मकान के अंदर घुस गए कमरों का ताला तोड़कर अलमारी व बक्शो में रखें सोने के दो मंगलसूत्र तीन हार तीन जोड़ी झाला चार चैन छह अंगूठी चार कंगन हाथ पेटी पायजेब नथुनी एक जोड़ी पायल तथा दस हजार रुपये चुरा ले गए। यही नहीं चोरों ने उनके भाई संतोष सिंह के घर को निशाना बनाते हुए अलमारी व बक्शो का ताला तोड़कर उसके अंदर रखे सोने का हार चेन झुमके पाँच अँगूठी चार जोड़ी पायल व पंद्रह हजार रुपए की चोरी कर ले गए।

सूचना

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2007 का मूल प्रमाण पत्र व सह अंक पत्र जिसका अनु0 1288163 है, जो वास्तव में कहीं खो गया है।

शशीप्रभा पुत्री संतोष बिहारी निवासी मोहल्ला 1/83 जाफरी कोतवाली फतेहगढ़, जिला फर्रुखाबाद।

गोरखपुर के लाल ने शहर का नाम किया रोशन

एसएससी के तहत कैग की परीक्षा में हासिल की सफलता

गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़

गोरखपुर के बेतियाहाता निवासी अनिल कुमार सोनकर के पुत्र अविनेश कुमार सोनकर ने एसएससी स्टाफ सर्विस कमिशन के तहत आयोजित केग 2023 की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए लेखा अधिकारी के पद पर नियुक्ति पाने में सफलता हासिल की है। बेटे की इस सफलता पर जहां मां-बाप उत्साहित हैं वही मोहल्ले के लोगों ने भी इस बात की प्रशंसा करते हुए अविनेश को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया है वही माता पिता ने बेटे की इस सफलता पर मोहल्ले में मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाई है। पिता अनिल सोनकर का कहना है कि हमने अपने जीवन में कुछ खास नहीं किया लेकिन बच्चों की पढ़ाई के पीछे जो त्याग था यह उसी का असर है। अविनेश की माता रीता सोनकर जो एक हाउसवाइफ हैं, उनका कहना है कि मैं क्या कहूं बस मेरा जो कर्तव्य था वह मैंने पूरा किया। बाकी बच्चों की मेहनत और उनकी लगन शीलता ही उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाई है। मेरा आशीर्वाद सदा उनके साथ है। अवनेश की बड़ी बहन भी बैंक कर्मचारी है वही दूसरी बहन मुंबई में रहकर तैयारी कर रही हैं। अविनेश का कहना है कि सफलता का एक मात्र फार्मूला लगातार प्रैक्टिस करना है और खुद को सफलता के पीछे झोकमा ही इसका एक मूल मंत्र है। सफलता के पीछे कहीं ना कहीं माता-पिता का आशीर्वाद और उनकी प्रेरणा भी काम आती है क्योंकि शुरुआत में मैंने पढ़ाई में इतनी रुचि नहीं दिखाई थी। लेकिन धीरे-धीरे माता-पिता की मेरे प्रति अपेक्षा और विश्वास को देखते हुए मैंने ठाना कि मुझे कुछ करना है और मैंने मेहनत करनी शुरू की, अंत में यह सफलता प्राप्त की है हालांकि शुरुआती सफलता है घर की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है इसलिए मैंने फिलहाल नौकरी ज्वाइन की है, मेरी उम्र भी महज 22 वर्ष है, मैं इससे और आगे जाना चाहता हूं।

समाजसेवा का फल मिला सूरज वर्मा को, पहली बार में ही चुने गए सभासद

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

जिनके हौसलों में उड़ान होती है उनके लिए कोई मंजिल हासिल करना असंभव नहीं होता है, यह कहावत चरितार्थ कर दिखाया है युवा भाजपा नेता शिवा वर्मा सूरज ने। पिछले 10 वर्षो से ब्रह्मनान वार्ड की जनता की सेवा में तन मन धन से लगे शिवा वर्मा ने आखिरकार सभासद पद के चुनाव में विजयश्री हासिल कर ली शनिवार को संपन्न हुई मतगणना में अपनी चाची रितु वर्मा को 448 मतदाताओं का समर्थन दिला कर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राबिया खान पत्नी रजा खान 365 मत को 89 मतों से हरा दिया। विजयश्री हासिल करने के बाद से ही समर्थकों का चुनाव कार्यालय पर जमावड़ा लगा हुआ है समर्थक फूल मालाएं पहनाकर और बधाई देकर उनकी हौसला अफजाई कर रहे हैं बधाई देने वालों में रोहित मिश्रा शिवम सिंह सूरज शुक्ला शुभम गुप्ता रामकृपाल मौर्य राम गोपाल मौर्य हिमांशु मौर्य आलोक शर्मा सहित बड़ी संख्या में समर्थक शामिल रहे।

पप्पू सिद्दीकी ने हार कर भी हैदरगढ़वासियों के जीता दिल

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

चुनाव हारने के बाद भी पप्पू सद्दीकी ने मतदाता व समर्थकों का बहुत-बहुत आभार प्रकट किया और उन्होंने कहा कि चुनाव अपनी जगह पर है मैं हमेशा की तरह आप सब लोगों की सेवा के लिए उपस्थित रहूंगा।

नगर निकाय चुनाव में भले ही जीत निर्दलीय प्रत्याशी आलोक तिवारी की हुई हो परंतु पप्पू सिद्दीकी ने हैदरगढ़ की जनता का दिल जीत लिया। हैदरगढ़ नगर पंचायत से पहली बार चुनाव लड़ रहे पप्पू सिद्दीकी ने दमदार चुनाव लड़ा।

ज्ञात हो कि पप्पू सिद्दीकी समाजवादी पार्टी से लगातार जुड़े रहे हैं वह समाजवादी पार्टी के सिंबल पर ही चुनाव लड़ना चाहते थे उन्हें झूठे तौर पर समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार घोषित भी किया गया था परंतु बाद में बड़े कद्दावर नेताओं की वजह से उनका टिकट काटकर अय्यूब कुरैशी को समाजवादी पार्टी प्रत्याशी घोषित किया गया। जिसके बाद पप्पू सिद्दीकी व उनके समर्थकों द्वारा जबरदस्त हंगामा किया गया और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव के विरुद्ध नारेबाजी की यहां तक कि इस्तीफा देने की भी बात सामने आई थी। लोगों ने यह समझा टिकट कट जाने के बाद पप्पू सिद्दीकी अब चुनाव नहीं लड़ेंगे परंतु वह अपने समर्थकों एवं आम जनमानस का झुकाव अपनी और देखते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ गए। निर्दलीय चुनाव लड़ रहे श्री सिद्दीकी का यहां के वरिष्ठ राजनीतिज्ञो द्वारा विश्लेषण किया गया कि यह 1000 से कम ही मतों में सिमट जाएंगे। श्री सिद्दीकी उन सभी की संभावनाओं को खारिज करते हुए पहली ही बार में 2,000 से अधिक मत प्राप्त किये। यही वजह रही कि समाजवादी पार्टी प्रत्याशी अय्यूब कुरैशी को जीत नहीं मिल पाई। श्री सिद्दीकी को मुस्लिमों के साथ-साथ हिंदुओं का भी भरपूर समर्थन मिला जिससे नगर पंचायत चुनाव में खड़े कई हिंदू प्रत्याशियों को भी खूब घाटा हुआ। चुनाव हारने के बाद भी श्री सिद्दीकी ने मतदाता व समर्थकों का बहुत-बहुत आभार प्रकट किया और उन्होंने कहा कि चुनाव अपनी जगह पर है मैं हमेशा की तरह आप सब लोगों की सेवा के लिए उपस्थित रहूंगा।

कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित, आवेदन की 30 मई अंतिम तिथि

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि भारत सरकार से अधिकृत संस्था 'नीलिट' से मान्यता प्राप्त जनपद स्तर पर कार्यरत वर्ष 2023-24 हेतु ओ-लेबल एंव सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान कराने हेतु इच्छुक संस्थाएं पिछडा वर्ग कल्याण विभाग उ0प्र0 लखनऊ द्वारा जारी बेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन दिनांक 15 मई 2023 से 30 मई 2023 तक किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन के उपरान्त आवेदन की प्रति का प्रिंट आउट प्राप्त कर समस्त अभिलेखों/विवरणों को सलंग्न करते हुये उसकी हार्डकापी निदेशक, पिछडा वर्ग कल्याण उ0प्र0 लखनऊ/जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी बाराबंकी, कार्यालय में दिनांक 30 मई 2023 तक की सायं 5:00 बजे तक उपलब्ध कराये जाने पर ही आवेदन पत्र मान्य किया जायेगा। वर्ष 2023-24 हेतु ओ-लेबल एंव सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिये पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों के लिये संचालित 'ओ' लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु पात्रता की शर्तें निम्नानुसार निहित की गयी है-

1. इस योजना के अन्तर्गत रु0 1.00 लाख वार्षिक ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र दोनों में समान रूप से आय सीमा में आने वाले व्यक्तियों को ओ-लेवल/सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण अनुमन्य होगा।
2. कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिये (102) इंटरमीडिएट न्यूनतम शैक्षिक अर्हता आवश्यक है।
3. प्रशिक्षणार्थी की अधिकतम आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये।
4. प्रशिक्षणार्थी बेरोजगार हो तथा किसी भी शिक्षण संस्थान से छात्रवृत्ति न ले रहा हो। प्रशिक्षण हेतु इच्छुक अभ्यर्थी जनसेवा केन्द्र, लोकवाणी केन्द्र, साईवर कैफे, निजी इन्टरनेट के द्वारा ऑनलाइन आवेदन 16 जून 2023 से 30 जून 2023 तक किया जा सकता है। अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। ऑनलाईन आवेदन करने के उपरान्त आवेदन पत्र की प्रति के साथ समस्त शैक्षिक व अन्य अभिलेखों के सहित हार्ड कॉपी को कार्यालय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, कमरा न0-217, विकास भवन बाराबंकी में दिनांक 30 जून 2023 तक सायं 5.00 बजे तक जमा कर सकते है। उक्त योजनाओं के विस्तृत दिशा-निर्देश/समय सारणी उक्त बेबसाइट पर प्रदर्शित है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन, बाराबंकी में सम्पर्क करें।

मेधावी छात्रों व अभिभावकों को किया गया सम्मानित

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

ग्रामीण क्षेत्र में स्थित श्री सुन्दर लाल दीक्षित इण्टर कालेज औरैला सैदनपुर में बोर्ड परीक्षा 2023 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले हाई स्कूल और इण्टर के मेधावी छात्र छात्राओं व उनके अभिभावकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया । मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक एमएलसी लखनऊ खंड उमेश द्विवेदी ने बच्चो के उत्साह वर्धन में कहा कि विद्यालय छोटा या बड़ा नही होता है विद्यालय- विद्यालय होता है । उन्होंने ने कहा आप सभी बच्चो के हाथों में ही देश के भविष्य की कमान है।

कार्यक्रम का संचालन कमलाकांत पाण्डेय और डॉक्टर आशुतोष कुमार यादव के द्वारा किया और कहा कि सम्मान समारोह बच्चों में उत्साह वर्धन के साथ सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने का कार्य करता है । इस अवसर पर मेधा सम्मान समारोह कार्यक्रम में उपस्थित जनपद में पांचवा स्थान व चौथा स्थान प्राप्त करने वाली हाई स्कूल की छात्रा दीपांशी वर्मा और शिक्षा वर्मा साहित सैकड़ों मेधावी छात्र छात्राओं को मेडल व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक राकेश कुमार दीक्षित ने आए हुए सभी अतिथियों और सम्मानित अभिभावकों को अंग वस्त्र के साथ प्रतीक चिन्ह भेंट कर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य राज कुमार यादव व्यवस्थापक आदित्य दीक्षित, शिक्षक नेता प्रदेश महामंत्री नीता अवस्थी, प्रदेश उपाध्यक्ष तेज कुमार प्रदेश मंत्री बलराम वर्मा, अवधेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, रामेश्वर इन्टर कॉलेज के प्रबंधक बृजेश शुक्ला प्रवक्ता सत्यनाम वर्मा, बविता सिंह,अनिल वर्मा, अकील अहमद, सोनू द्विवेदी, चंद्रेश कुमार, अनुपम, रामू, हिमाशू त्रिपाठी, संजय यादव, रिज़वान अली, दिलशाद, आदि साहित हजारों की संख्या में छात्र छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे।

पैसा इतना कहाँ से आया पूछ रहा संसार...होंठ सिले हैं सबके देखो मौन है चौकीदार...

किसान सभा के सम्मेलन में हास्य कवियों ने सबको हंसाया

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

उत्तर प्रदेश किसान सभा के जिला सम्मेलन के अवसर पर एक कवि सम्मेलन ग्राम डेढुवा में हुआ. जिसमें हास्य-व्यंग्य के कवि जितेंद्र श्रीवास्तव जित्तू भैयाने अपना काव्य पाठ करते हुए पढ़ा..

÷धन कुबेरों से बन बैठा,
आज अदानी यार,
पैसा इतना कहां से आया,
पूछ रहा संसार,
चाल में रहने वाले ने,
ऐसी गणित भिड़ाई,
होंठ सिले हैं सबके देखो,
मौन है चौकीदार..
वही अजय प्रधान ने..

यमराज आए कवि जी के लेने प्राण, हाथ जोड़कर बोला प्रभुजी कीजिए एक काम की कविता सुनाकर..

डां?आलोक कुमार शुक्ला ने काव्य पाठ पढा
रास्ते बदलते नहीं, आदमी बदलते हैं नहीं..
फूलों का सौदा हुआ कंटको के महलों में..
ये चलन चला रहे हैं वही,
जो चलन बदलते हैं..
प्रदीप महाजन ने
भला बताओकैसे बनी भारत महान.
यहाँ तो दो- दो हिन्दुस्तान
इनके घरा है छपरा कोरिया..
उनके हैं भवन आलीशान..
ई तरसे रोटी खातिर..
उई रोज खाएं पकवान..

कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ रचनाकार राष्ट्रवाद को समर्पित देश की कुर्सी पर यदि मटारूआ बैठा होता। हमारी हिंद ने भी आसमां छुआ होता हमारी उर्दू ने भी आसमां चुका होता. गरीब गांव से कोई जज हुआहोता. कवि सम्मेलन में राजकुमार सोनी, नागेंद्र सिंह सरस गोंडवी, वीरेंद्र सिंह, ओ.पी. वर्मा आदि सुप्रसिद्ध कवियों ने कविता पाठ किया..

किसान सभा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने सभी कवियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के स्वागतध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह दद्दू ने सभी का आभार व्यक्त किया. कवि सम्मेलन में किसान सभा के प्रदेश सचिव रामकुमार भारती विनय कुमार सिंह जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश किसान सभा, प्रवीण कुमार, राम नरेश वर्मा, नैमिष, चंद्रशेखर यादव शिवदर्शन वर्मा, बृजमोहन वर्मा, श्याम सिंह आदि प्रमुख थे।

'विजन अमृत काल भारत का 2047'

रोडमैप की रूपरेखा तैयार करने के लिए एक पैनल डिस्कशन आयोजित किया

नई दिल्ली समृद्धि न्यूज़ । जैसा कि भारत इस दशक के अंत तक 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। आज 'विजन अमृत काल भारत का 2047' आयोजित किया। जिसके लिए संवाद की एक सिरीज आयोजित की गई। जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों ने जिसमें - सरकार के मंत्रियों, पॉलिसी मेकर्स, नौकरशाहों, टेक्नोक्रेट्स, सिविल सोसाइटी, ओपीनियन मेकर्स, विषय विशेषज्ञों, विदेशी देशों के राजनायिकों, प्रौद्योगिकीविदों, एसडीजी, पत्रकारों, और मीडिया प्रोफेशनल्स एक मंच पर थे। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री श्याम जाजू (पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा) द्वारा नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में किया गया। श्री प्रणब प्रखर ने इस कार्यक्रम को प्रस्तुत किया। प्रणब बहुआयामी मीडिया प्रोफेशनल हैं। उनके पास टेलीविजन प्रसारण मीडिया में निर्माता, निर्देशक और पत्रकार के रूप में 25 वर्षों का शानदार अनुभव है। वह हार्वर्ड बिजनेस स्कूल, लंदन मेट्रोपॉलिटन यूनिविर्सिटी, बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी और दिल्ली यूनिवर्सिटी स्टूडेंट रहे हैं। प्रणब प्रखर विजन के अध्यक्ष और प्रधान संपादक हैं। प्रणब प्रखर ने कहा इस डायलॉग सिरीज को इस विचार से किया ताकि विभिन्न क्षेत्रों के लोग, विशेषज्ञ, भिन्न-भिन्न विषयों पर एक मंच पर चर्चा कर सकें।

कार्यालय ग्राम पंचायत कुबेरपुर कुतुलूपुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रु0

पत्रांकः-मीमो/ग्रा0पं0/मनरेगा/राज्य पंचम वित्त/केंद्रीय वित्त/ टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक 15/05/2023

अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा/राज्य पंचम वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत कुबेरपुर कुतुलूपुर की स्वीकृत कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 16/05/2023 से दिनांक 22/05/2023 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 15/05/2023 सायं 4 बजे निर्माण समिति द्वारा निविदा खोली जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	मद	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि	निविदा मूल्य
1	साहब सिंह के घर से संजय के घर तक इंटरलाकिंग कार्य	राज्य पंचम वित्त/ केंद्रीय वित्त	2 लाख	2 प्रतिशत	500
2	कृष्णपाल के घर से रामकिशोर के घर तक इंटरलाकिंग कार्य	राज्य पंचम वित्त/ केंद्रीय वित्त	2.22 लाख	2 प्रतिशत	500
3	धरमवीर के घर से राजेन्द्र सिंह के घर तक इंटरलाकिंग कार्य	मनरेगा	398074	2 प्रतिशत	500
4	रतनपुर होली मैदान से नत्थू सिंह के घर तक इंटरलाकिंग कार्य	मनरेगा	397760	2 प्रतिशत	500

नियम व शर्तें:- निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

(संध्या सिंह सोमवंशी) ग्राम प्रधान- कुतुलूपुर कुबेरपुर, राजेपुर

(अशोक कुमार) सचिव- तुलूपुर कुबेरपुर, राजेपुर

कार्यालय ग्रा0पं0 झसी वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0

पत्रांकः मीमो /राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत कार्य/ 2023-24 दिनांक 15/05/2023

निर्माण सामिग्री आपूर्ति हेतु अति अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत झसी विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 16/05/2023 से 22/05/2023 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 22/05/2023 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 16/05/2023 से 22/05/2023 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

क्रं.	कार्य का नाम	मद	सामग्री का विवरण	स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में)	जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1-	मैन सड़क से उदयवीर के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य	राज्य वित्त/ 15वां वित्त	बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार	2.83 लाख	2 प्रतिशत	500
2-	मैन सड़क से शिवदास शाक्य के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य	राज्य वित्त/ 15वां वित्त	बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार	1.29 लाख	2 प्रतिशत	500
3-	तेजराम के घर से दीवारी लाल के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य	राज्य वित्त/ 15वां वित्त	बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार	4.42 लाख	2 प्रतिशत	500
4-	रामसिंह जाटव के मकान से श्रीपाल के मकान तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य	राज्य वित्त/ 15वां वित्त	बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार	2.31 लाख	2 प्रतिशत	500

नियम व शर्ते:- ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (रामदीपक शाक्य) **सचिव (अमित शुक्ला)**

ग्राम पंचायत झसी, विकास खण्ड कमालगंज, फर्रुखाबाद।

नगर पालिका के दस सभासदों को अजेन्द्र गौर ने किया सम्मानित

सभासदों को चुनाव जिताने मे निभायी थी अहम भूमिका

जसवंतनगर। समृद्धि न्यूज

नगर पालिका परिषद के निर्वाचित सभासदो का सोमवार को रामलीला प्रागंण मे सपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक शिवपाल सिंह यादव के वेहद करीबी अजेन्द्र गौर ने फूलमालाओ से उनका भव्य एवं जोशीला स्वागत किया है। विदित हो कि इन सभासदो को चुनाव जिताने मे अजेन्द्र सिंह गौर ने वेहद अहम भूमिका निभायी थी जिसके कारण इन सभी सभासदो को जीत मिली। वार्ड सख्या 5 से नव निर्वाचित सभासद देवेन्द्र कुमार ,वार्ड संख्या 21 से शेष कुमार उर्फ बिल्लू यादव ,वार्ड संख्या 19 से संजीव कुमार ,वार्ड संख्या 15 कमल प्रकाश पाल, वार्ड संख्या 13 अंकित कुमार ,वार्ड संख्या 9 संजय कुमार ,वार्ड संख्या 3 मंजू देवी ,वार्ड संख्या 24 रूचि शर्मा ,वार्ड संख्या 2 घमला देवी के अलावा वार्ड संख्या 8 से निर्विरोध चुने गये प्रमोद कुमार का रामलीला प्रागंण मे स्वागत किया है। नव निर्वाचित सभासदो ने कहा कि उन्हे चुनाव जिताने मे वरिष्ठ सपा नेता अजेन्द्र सिंह गौर ने वेहद अहम भूमिका निभाते हुये मतदाताओ से समर्थन दिलाया जिसके कारण जीत का परचम फहराया सभासदो ने कहा कि वह समाजवादी पार्टी के कर्मठ सिपाही है और पार्टी को मजबूत करने के लिये भरसक प्रयास करेगे। सभासदो ने कहा कि अपने अपने वार्डो मे विकास का खाका तैयार करके नगर को विकसित करने मे अहम भूमिका निभाते हुये नगर पालिका को प्रदेश मे अहम स्थान पर ले जाने के लिये प्रतिबद्ध है। स्वागत समारोह मे मुख्य रूप से निखिल गुप्ता ,रतन पाडेय ,राजीव गुप्ता बबलू ,श्रेषभ यादव मौजूद रहे।

गोवंश को बचाने में ट्रक पलटा ड्राइवर, कंडक्टर घायल

जसवंतनगर/इटावा। अन्ना गोवंश के झुण्ड को बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर पलट जाने से ड्राइवर और कंडक्टर घायल हो गए। विवरण के अनुसार अलख सुबह चार बजकर पैंतालीस मिनट पर आगरा की तरफ़ जा रहे ट्रक को पलट जाने से ड्राइवर हरिओम पुत्र महिलाल 32 वर्ष, कंडक्टर नरेश पुत्र सुजान सिंह 20 साल उमरा धौलपुर राजस्थान जो बालू भरा हुआ ट्रक लेकर आगरा की तरफ़ जा रहे थे जैसे ही ट्रक जमुना बाग नेशनल हाईवे पर पहुंचा तो अन्ना गोवंश के झुण्ड को बचाने के चक्कर में डिवाइडर पर पलट गया जिसमें ड्राइवर और कंडक्टर फंस गए हाईवे पर पैट्रोलिंग क र्रही पुलिस टीम में मौके पर उप निरीक्षक राजेश कुमार, कांस्टेबल रिंकू सोलंकी,अरविंद यादव, जितेंद्र, अंकुश और प्रभात गुप्ता पहुंचे और आरजे जीसी 4357 ट्रक में फंसे ड्राइवर व कंडक्टर को निकालकर घायल अवस्था में 108 एंबुलेंस पायलट राहुल कुमार ईएमटी अनूप सिंह की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर हालात गम्भीर होने के कारण सीएचसी से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

ट्रैक्टर ट्राली चोर गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

इटावा। समृद्धि न्यूज

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर व पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना सिविल लाइन पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली चोर को गिरफ्तार कर तमंचा व कारतूस बरामद किया।

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में रात्रि को थाना सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्रांतर्गत भ्रमणशील थी तभी मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी एक व्यक्ति अवैध असलहा व चोरी के ट्रैक्टर ट्राली को लेकर मंडी की ओर से आईटीआई चौराहे की तरफ आ रहा है सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा आईटीआई चौराहे पर सघनता से संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चैकिंग की जाने लगी तभी एक व्यक्ति महिंद्रा ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ आता दिखाई दिया संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो भागने का प्रयास करने लगा जिसको पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करते हुए घेरकर पकड लिया गया। पकडे गये व्यक्ति अजीत यादव पुत्र रुकुम सिंह निवासी हितपुरा थाना चौबिया की पुलिस टीम द्वारा तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से तमंचा 12 बोर व 4 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किये गये जिसके प्रपत्र दिखाने में असमर्थ रहा तथा बरामद ट्रैक्टर के संबंध में पूछताछ की गयी तो बताया कि यह ट्रैक्टर-ट्रॉली मेरे द्वारा भारत पेट्रोल पंम्प औरैया रोड जनपद जालौन से चोरी की गयी थी। पुलिस टीम द्वारा उक्त ट्रैक्टर- ट्राली की चोरी के संबंध में जनपद जालौन के थाना कोतवाली से जानकारी की गयी तो उक्त के संबंध में थाना कोतवाली जालौन पर मुकदमा पंजीकृत है। इस सफलता में विजय बहादुर सिंह प्रभारी थाना सिविल लाइन, उ.नि. नीरज कुमार शर्मा, का. विभु प्रताप, का. कमरूद्दीन, का. ललित कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

चोरों ने तीन ट्रांसफार्मरों से तेल व कलपुर्जे चोरी किये

जसवंतनगर/इटावा। समृद्धि न्यूज

अलग-अलग गांव में अज्ञात चोरों ने निजी नलकूपों पर रखे हुए तीन ट्रांसफार्मरों का तेल व कलपुर्जे चोरी हो गए।

बताते चलें कि थाना क्षेत्र जसवंतनगर के जौनई चौकी के अंतर्गत गांव नागरी में विजय पांडेय पुत्र अगम कुमार पांडेय के खेतों पर सिंचाई के लिए निजी नलकूप लगवाया गया था जिस पर रखा हुआ ट्रांसफार्मर का तेल और कॉपर क्वाइलों को रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। वहीं नागरी गांव से 2 किलोमीटर दूर बलरई थाना क्षेत्र के महामई गांव में दो ट्रांसफार्मर का सामान भी अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। महामई ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नरेंद्र बाबू के निजी नलकूप व मुन्नी देवी पत्नी राम कुमार के निजी नलकूप से भी अज्ञात चोरों द्वारा ट्रांसफार्मर का तेल व ट्रांसफार्मर के अंदर लगे हुए कॉपर क्वाइलों को भी चोरी कर ले गए। तीनों निजी नलकूप मालिकों ने पुलिस व बिजली विभाग को लिखित सूचना दी है। मौके पर पहुँची पुलिस जाँच पड़ताल कर रही है। किसान गोविंद पांडेय का कहना है कि इस समय किसानों के खेतों में जायद उर्द, मूँग, मक्का, बाजरा के साथ साथ जानवरों के लिए हरे चारे की फसलें खड़ी हुई हैं सिंचाई की विकट समस्या हो गई है। जब इस संबंध में विजली विभाग के अधिकारियों से बात की तो उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर चोरी चले जाने के बाद विजली विभाग को डबल नुकसान झेलना पड़ता है क्योंकि एक तो ट्रांसफार्मर चोरी चला गया और उसकी जगह पर नए ट्रांसफार्मर लगवाने पड़ते हैं।

18, 19 व 20 मई को आयोजित होगी विशेष लोक अदालत

महोबा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश के आदेशानुसार 18, 19 व 20 मई को संबंधित सभी न्यायालयों में लघु आपराधिक वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। विशेष लोक अदालत में लघु आपराधिक मामलों के लंबित मामलों का आपसी सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक संख्या मे निस्तारण किया जाना है। सभी से आवाहन किया गया है कि अपने वादो को सुलह समझौते के आधार पर उक्त विशेष लोक अदालत मे अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित कराकर इस अवसर का लाभ प्राप्त करें। यह जानकारी राकेश कुमार गौतम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दी है।

गैंगस्टर एक्ट में वांछित अपराधी गिरफ्तार

इटावा। अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर के निर्देशन, पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के पर्यवेक्षण में थाना पछायगाव पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित इनामिया अपराधी को अवैध तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया।

जनपद के थाना पछांयगाव पर गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित वाछित अभियुक्त विकास यादव पुत्र सुभाष पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा 10,000 रूपये का इनाम घोषित किया गया था।जनपद मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित/ इनामियां अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में थाना पछायगांव पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी तभी मुखबिर की सूचना के आधार पर गैंगस्टर एक्ट में वांछित इनामिया विकास यादव पुत्र सुभाष को पुरा मुरोंग की तरफ जाने वाले रास्ते के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त की तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से 1 अवैध तमन्चा 315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये तथा पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार आरोपी के संबंध में जानकारी की गयी तो उसके ऊपर जनपद इटावा, जनपद फरीदाबाद, जनपद आगरा तथा अन्य जनपदों में अभियोग पंजीकृत हैं एवं थाना पछायगाव से गैंगस्टर एक्ट में वांछित व 10,000 रूपये का इनामियां भी है।

खबरें एक नजर में

प्रशिक्षण के लिए 19 ग्रामों के प्रधान, सफाई कर्मी रवाना

महेवा/इटावा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ओडीएफ़ प्लस ग्राम प्रशिक्षण के तहत ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों व सफाई कर्मियों के द्वितीय बेच के प्रशिक्षण हेतु 19 ग्रामों के प्रधान, सफाई कर्मी व पंचायत सहायक ब्लॉक मुख्यालय से बस द्वारा डबरई फिरोजाबाद के लिए रवाना हुये जिन्हें सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्याम वरन राजपूत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । विदित हो कि प्रथम चरण के तहत 19 गाँवो के प्रधान ,पचायत सहायक व सफाई कर्मी गये थे वही आज ब्लॉक की 11 पचायतो के प्रधान, पचायत सहायक व सफाई कर्मी जाएंगे। जयमलपुर, जैतपुर, करोधी, करवाबुजुर्ग, खितौरा, कुड़रिया, कुनैठा, कुशगवा अहिरान, लवेदी, लखना देहात, लुधियानी, मड़ौली, मनियामयू, मेहन्दीपुर, मुकुटपुर, मुडेंनाकला खुर्द, नागरी लोलपुर, नौधना, नवादाखुर्दकला पंचायते शामिल रहीं जिनमे खण्ड प्रेरक मनजीत सिंह के नेतृत्व में प्रधान बलवीर सिंह, अरुण सिंह, संजू कुमारी, राजेश कुमार ,वर्तिका कुमारी , ज्योति, दुर्गेश कुमार आदि शामिल रहे।

आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर राख

इटावा। थाना बकेवर क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम नगला छिदरी में अवकाश प्राप्त शिक्षक रामसेवक दोहरे के पौत्र अंशुल दोहरे के मकान में अचानक आग लग जाने के कारण उसके घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया वहीँ लोगों की सजगता के चलते आग पर जल्द काबू पा लिया गया जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। विदित हो कि ग्राम नगला छिददी निवासी अंशुल दोहरे के घर के बाहर रखे छप्पर में अचानक आग लग गयी जिससे चारपाई ,कपड़े, बरतन , गेहूं के बोरे नगदी सहित अन्य जरूरी सामान जल गया जिसमें करीब 50 हजार का नुकसान है यह आग अचानक आग लगी जिसपर ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद पर काबू पाया व गाव मे कोई बड़ा हादसा नही हो सका ग्रामीणों ने शासन -प्रशासन पीड़ित को आर्थिक मदद देने की माँग की है।

मदरसा अरबिया कुरानिया में हज यात्रियों का हुआ टीकाकरण

इटावा। इस वर्ष जनपद से हज को जाने वाले यात्रियों का टीकाकरण शुरू हो गया है। इसी क्रम में सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गीता राम और पूर्व नगर पालिका चेयरमैन संटू गुप्ता के निर्देशन में मदरसा अरबिया कुरानिया कटरा शमशेर खान में शिविर लगाकर हज यात्रियों को टीका लगाया गया। यह शिविर स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पूर्वाञ्चल हज सेवा समिति के सहयोग से आयोजित किया गया। इस मौके पर मौजूद जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ श्रीनिवास ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार हज को जाने वाले सभी यात्रियों को मेनिंजाईटिस सीजनल इंफ्लुएंजा का टीका लगाया जाता है। जनपद से हज को जाने वाले 50 हज यात्रियों को सोमवार को टीका लगाकर प्रतिरक्षित किया गया। इसके साथ ही यात्रा के दौरान कई जरूरी जानकारी के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया। उन्होंने सभी हज यात्रियों से सहयोग करने की अपील की। इसके साथ ही उन्होने बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव व टीबी मुक्त भारत के लिए विशेष संदेश दिया और हज यात्रियों से प्रार्थना करने का अनुरोध किया। इस मौके अल्पसंख्यक अधिकारी सतीश कुमार वीसीसीपीएम प्रवेश मिश्रा यूनिसेफ संस्था से अनिल तोमर अनिरुद्ध सिंह मौजूद रहे। एएनएम कामिनी प्रभाव और पूर्णिमा क्रांति ने सभी हज यात्रियों को टीका लगाया।

तेज आंधी ने ली दो लोगों की जान, दो गंभीर घायल

जसवंतनगर/इटावा। तेज आंधी पानी ने क्षेत्र में दो लोगों की जान ले ली जबकि गंभीर रूप से घायल एक महिला व एक बालक का उपचार चल रहा है। इसके अलावा कई छुट मुट घायलों की खबर मिल रही है। तेज आंधी के प्रभाव से कई गांव और कस्बे में कुछ विद्युत पोल गिर गए हैं जिससे विद्युत व्यवस्था पूर्णता चरमरा गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शाम तेज आंधी आने से गांव धरवार निवासी सरोजा देवी पत्नी रतिभान उम्र 45 वर्ष आंधी में उड़ कर आई टीन उनके सिर में लगी और सिर का ऊपरी हिस्सा फट गया और तुरंत ही उनकी मौत हो गई। मृतका के तीन बेटे दो बेटियां हैं पति बाहर प्राइवेट नौकरी करता है। इसी गांव की रूपा देवी पत्नी राजबहादुर उम्र 60 वर्ष को भी तेज आंधी में उड़ कर आई चादर की टीन ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे रूपा देवी के सिर हाथ पैर में चोट आई और कुछ जीभ भी कट गई। ग्रामीणों ने आनन फानन में उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गनीमत यह है कि वह खतरे से बाहर है। दूसरी घटना में ग्राम नगला लछी निवासी नेत्रपाल का 10 वर्षीय पुत्र रवि तेज आंधी पानी के दौरान अपने खेत से वापस घर लौट रहा था कि तभी सड़क किनारे खड़ा एक पेड़ उसके ऊपर गिर गया जिससे वह गंभीर घायल हो गया परिवारीजन तुरंत प्राइवेट चिकित्सक के पास ले जा रहे थे रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया और उसकी मौत हो गई। एक अन्य घटना में बलरई गांव का कार्तिक 10 वर्ष पुत्र दीपक बघेल दरवाजे पर खेल रहा था तभी कोई टीन की चादर उड़कर आई जो उसके पैरों में लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका उपचार अभी जारी है।

पीसीएमबी कैटेगरी में ओजस्वी गुप्ता ने किया टॉप



लखनऊ। ओजस्वी गुप्ता पुत्री मनीषा- अखिलेश कुमार गुप्ता निवासी 8 कटरा बल सिंह ,इटावा ने फिजिक्स में 95 केमिस्ट्री में 97 मैथ्स में 97 बायोलॉजी में 95 अंग्रेजी में 92 अंकों के साथ कुल 500 में से 476 अंक पाकर 95.20 फीसद के साथ सेंट मैरी इंटर कॉलेज ,इटावा में पीसीएमबी कैटिगरी सीबीसई 12 में टॉप किया।ओजस्वी ने सीबीएसई दसवीं बोर्ड की परीक्षा भी वर्ष 2021 में 99.20 फीसद के साथ सेंट मैरी इंटर कॉलेज इटावा का नाम रोशन किया था।पीसीएमबी कैटिगरी को ज्यादा कठिन समझकर अधिकांश बच्चे इस कैटिगरी को नहीं लेते हैं ।ओजस्वी ने इससे चैलेंज के रूप में लिया और बिना किसी ट्यूशन के केवल स्कूल टीचर्स के मार्गदर्शन में और सेल्फ स्टडी द्वारा यह सफलता पाई ।

किसान को लाठी डंडों से पीटकर किया लहूलुहान

महोबा। समृद्धि न्यूज

दबंगों ने एक किसान को पीटकर लहूलुहान कर दिया। इससे पीड़ित पक्ष के लोगों में दहशत व्याप्त है। जिले की कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जैतपुर कस्बा के मुहल्ला नयापुरा निवासी लच्छी पुत्र सुलटुवा ने पुलिस चौकी इंचार्ज अरविंद कुमार उपाध्याय दिए शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि उसका 30 वर्षीय पुत्र खेमचंद बेलासागर तालाब में सब्जियां लगाए हुए हैं। बीती रात्रि में रखवाली करने के लिए गया था कि रात्रि में हमलावरों ने लाठी डंडे से जमकर पीटा। जिससे हाथ पैर तोड़ डाले सिर सहित अन्य शरीर में गम्भीर चोटे आई है। बेलासागर तालाब में पड़े घायल को नाव से लाया गया। इसके बाद परिजनों द्वारा हाथ ठिलिया में लिटाकर पुलिस चौकी लाया गया। जहां पुलिस चौकी इंचार्ज ने एंबुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर भेजा। जहां डॉक्टरों की टीम ने इलाज किया गया। गंभीर हालात को देखते हुए महोबा के लिए रिफर कर दिया गया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।घटना से पीड़ित पक्ष के लोगों में भय और दहशत व्याप्त है।

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर पीएम व सीएम को ज्ञापन सौंपेंगे कर्मचारी

उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न

महोबा। समृद्धि न्यूज

उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष एवं जिला संयोजक विनोद सिंह वर्मा की अध्यक्षता में विकासखंड कबरई के सभागार में महोबा संघ की बैठक समस्त पदाधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित की गई। जिसमें संघ के जिलाध्यक्ष विनोद सिंह वर्मा ने बताया कि प्रांतीय संघ के आहवान पर 18 मई को संयुक्त मोर्चा द्वारा पुरानी पेंशन बहाली अधिकार पदयात्रा निकाली जाएगी। जिले के सभी कर्मचारी दोपहर दो बजे समाज कल्याण विभाग में एकत्र हो। पदयात्रा के बाद प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। जिसमें अन्य विभागों के पदाधिकारी व कर्मचारी भी सहभागिता करेंगे। अध्यक्ष ने कहा कि पुरानी पेंशन बुढ़ापे की लाठी है। बैठक में प्रभाकर कश्यप, ब्लाक अध्यक्ष कबरई लखनलाल, जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, महिला मोर्चा की चंद्रकिरन, ब्लाक अध्यक्ष चरखारी सरमनलाल, पनवाड़ी के अमरचंद्र, जैतपुर ब्लाक के अध्यक्ष गंगादीन, रानी चौरसिया, राजकुमारी वर्मा, अंजुम बेगम, मीरा देवी, मंगलदीन, दुलीचंद्र आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

खेलो इण्डिया-2022 मशाल रैली का उद्घाटन डीएम-एसपी ने हरी झण्डी दिखाकर किया

महोबा। समृद्धि न्यूज

खेलों इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 का आयोजन 25 मई, 2023 से 03 जून 2023 तक प्रदेश के जनपद लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, गौतमबुद्धनगर एवं दिल्ली में किया जा रहा है। खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 की लॉन्च सेरेमनी दिनांक 05 मई, 2023 को प्रातः 09:00 बजे जुपिटर हॉल इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान गोमतीनगर लखनऊ में आयोजित की गयी थी। खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 के प्रचार-प्रसार हेतु मशाल रैली दिनांक 05 मई 2023 को इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा मशाल प्रज्वलित कर रैली रवाना की गयी। यह मशाल रैली सम्पूर्ण प्रदेश के विभिन्न जिलों में खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स- 2022 के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जायेगी। जिसके क्रम में जनपद महोबा में दिनांक - 14 मई, 2023 को सायं 07:00 बजे मशाल रैली का आगमन हुआ। दिनांक 15 मई, 2023 को प्रातः 07:00 बजे खेलो इण्डिया 2022 मशाल रैली का स्वागत राम प्रकाश अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), सत्यम अपर पुलिस अधीक्षक, महोबा द्वारा किया गया एवं खेलो इण्डिया-2022 मशाल रैली का उद्घाटन जिलाधिकारी मनोज कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अर्पणा गुप्ता के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 मशाल रैली में सभी सम्मानित अधिकारीगण / गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

विदाई के पहले छात्रा ने महाविद्यालय पहुंचकर दी परीक्षा

महोबा। जिले के विकासखंड जैतपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पुरवा पनवाड़ी निवासी बाबूलाल की पुत्री प्रेमा उर्फ प्रीति का विवाह संपन्न हुआ। उसका रविवार को टीका था। हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार कार्यक्रम चल रहे थे कि सोमवार को सुबह बुंदेलखण्ड नवोदय महाविद्यालय श्रीनगर में राजनीति विज्ञान का पेपर था, 14 मई को बारात आई थी। सोमवार की सुबह विवाह की रस्में चल रही थी बिटिया पेपर देने नहीं आई महाविद्यालय से संपर्क किया गया। बिटिया ने पेपर देने की इच्छा जताई। घर वालों ने भी पेपर देने के लिए जाने दिया। बिटिया भांवरें छोड़ कर पेपर देने आई, बारात तब तक इंतजार करती रही। महाविद्यालय परिवार की ओर से मिठाई खिलाकर बेटी को उपहार स्वरूप साड़ी भेट कर सम्मानित किया गया। कॉलेज के प्राचार्य विश्वनाथ सिंह राघव ने कहा यह बिटिया का साहसिक कदम है और लोगो को भी सीख लेने की जरूरत है। शिक्षा के प्रति जागरूकता की जरूरत है। इस मौके पर महाविद्यालय परीक्षा केंद्राध्यक्ष उमेश यादव,विश्वनाथ सिंह राघव, आशीष मिश्रा, राजकुमार पांचाल, पूजा यादव, किरन नामदेव, सुरेन्द्र तिवारी, पवन, प्रताप, मुन्ना सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

नवनिर्वाचित चेयरमैन ने मंदिर में टेका माथा

गुरसहायगंज समृद्धि न्यूज

नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता ने महिला समर्थकों के साथ सीताराम आश्रम पहुंचकर मंदिर में माथा टेका और सीताराम महाराज का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर का चौमुखी विकास एवं जन सेवा करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य होगा।

सोमवार को नवनिर्वाचित चेयरमैन मुन्नी देवी गुप्ता ने महिला कार्यकर्ताओं एवं अपने पुत्र मयंक गुप्ता के साथ सीताराम आश्रम पहुंचकर चुनाव से पूर्व बोली गई भेंट चढ़ाई। मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लेने के उपरांत उन्होंने कहा कि नगर की जनता ने जिस उम्मीद व भरोसे के साथ उन्हें पालिका सदन तक पहुंचाया है। उनके भरोसे को किसी भी हालत में टूटने नहीं दूंगी। चेयरमैन प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने कहा सर्व समाज के सहयोग से नगर पालिका चुनाव में ऐतिहासिक जीत मिली है। जिसमें हमारे संगठन एवं नगर के प्रबुद्धजनों का भी सहयोग रहा है। उनके सहयोग का मैं हमेशा ऋणी रहूंगा। उधर समधन में नवनिर्वाचित चेयरमैन आसमा बेगम ने जनता जनार्दन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पंचायत समधन की आवाम का कर्ज जीवन पर्यंत भी नहीं उतार सकूंगी। लेकिन हमारी कोशिश रहेगी कि हमारे कार्यकाल में किसी के साथ भी अन्याय ना हो। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ सभी पात्रों को बिना किसी भेदभाव के मिलेगा। नगर का चौमुखी विकास ही हमारा मकसद है। इस दौरान उनके साथ प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी, आकिल हुसैन सिद्दीकी, आफाक हुसैन सिद्दीकी सहित हदीसा बेगम, जायरीन बेगम, फरहीन, नाहिद, अराफत, अयान, नोमान, अदनान, शमशुल सिद्दीकी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

सीताराम आश्रम में नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता एवं समधन में चेयरमैन आसमा बेगम समृद्धि न्यूज

प्राइवेट बस का पहिया चढ़ने से युवक घायल

सौरिख,समृद्धि न्यूज। प्राइवेट बस पर चढ़ते समय युवक का पैर फैसला और बस का पहिया उसके पैरों पर चडगया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से घायल को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जनपद औरैया के थाना एरवाकटरा निवासी दिलीप उर्फरिंकू पुत्र काशीराम किसी काम से सौरिख आया हुआ था वापस जाने के लिए बस की खिड़की पर चडते समय पैर फिसल जाने से नीचे गिर गया तब तक बस का पिछला पहिया युवक के पैर के ऊपर से निकल गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया व परिजनों को सूचना दी डाक्टरों ने गंभीर घायल को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

खबरें चलते-चलते

भाजपा नेता समेत तीन दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कन्नौज,समृद्धि न्यूज। सदर कोतवाली में भाजपा नेता समेत 40 कार्यकर्ताओं के खिलाफठठिया थानाध्यक्ष ने तहरीर दी है। कोतवाली पुलिस ने संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिससे भाजपाइयों में पुलिस के खिलाफआक्रोश पनपने लगा है। ठठिया थानाध्यक्ष कमल भाटी ने भाजपा नेता श्यामजी मिश्रा व उनके 40 अज्ञात साथियों के खिलाफतहरीर दी है। तहरीर में आरोप है कि उनकी ड्यूटी कन्नौज की नवीन मंडी समिति में मतगणना स्थल पर थी। दोपहर 3 बजे श्यामजी मिश्रा बिना किसी वैध पास के अपने 30 से 40 अज्ञात साथियों के साथ आ गए। मतगणना स्थल के गेट पर ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की करते हुए जबरन मेन गेट खोल कर मतगणना स्थल पर पहुंच गए। उत्तेजनात्मक नारे लगाते हुए मतगणना स्थाल पर मतदान अभिकर्ताओं से गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे और उन्हें वहां से भगाने लगे। जिससे मतगणना प्रक्रिया बाधित हुई । मतगणना कार्य में लगे कर्मचारियों व अभिकर्ताओं में भगदड़ मच गई और अफरा-तफरी का माहौल हो गया। जिस कारण अतिरिक्त पुलिस फोर्स बुला स्थिति को नियंत्रित किया जा सका। सदर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 149, 504, 505, 506, 323, 332, 353, 188, 171एफ और 7 सीएल एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

रंजिश के चलते युवक को पीटा

गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज। रंजिश के चलते युवक के साथ गांव के ही चार लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम धीरपुर निवासी अखिलेश यादव पुत्र कश्मीर द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि रविवार की दोपहर वह घर के बाहर बैठा था। तभी गांव के ही सुधीर यादव, शिव शंकर, राम मनोज, पंकज आए और पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज करने लगे। जिसका विरोध करने पर उक्त गणों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

आठ के विरुद्ध दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज। दलित समुदाय के ग्राम प्रधान द्वारा दबंगों को सरकारी जमीन पर कब्जा करने से रोकने पर दबंगों ने उसके साथ जातिसूचक अभद्रता करते हुए मारपीट कर धमकी देने के मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई ना होने पर पीड़ित ने अपर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुगरापुर बांगर ग्राम प्रधान नीतू सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि गांव के ही सुनील यादव, ओम जी, देवेंद्र, राकेश, पप्पू व तीन अज्ञात लोगों ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके फसल बो दी थी और विगत 2 मार्च को उक्त गणों ने सरकारी जमीन पर खड़ी फसल को काट लिया। जब उक्त गणों को मना करने के लिए मजदूर गया तो उक्त गणों ने एक राय होकर जातिसूचक गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस ने एक पर की शांतिभंग की कार्रवाई

गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज। विगत दिनों पूर्व मारपीट के आरोपी को कोतवाली पुलिस द्वारा छापेमारी कर हिरासत में लेकर कार्यवाही की गई है। सोमवार को कोतवाली के उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के ग्राम यादव नगर निवासी प्रशांत यादव को झगड़े की आशंका के चलते हिरासत में लेकर शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

पुलिस ने दहेज लोभी पति समेत सास-ससुर को किया गिरफ्तार

सौरिख,समृद्धि न्यूज। दहेज की मांग को लेकर एक चिकित्सक ने अपनी पत्नी को जान से मारने की नियत से मारा पीटा। मामले में पत्नी ने पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफपुलिस को तहरीर दी थी। मामले में पुलिस ने पति समेत ससुरालियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया और सास ससुर समेत पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। औरैया जनपद के विधूना निवासी सरनाम सिंह ने अपनी शिक्षिका बेटी आरती की शादी थाना क्षेत्र के ग्यासपुर निवासी चिकित्सक विनीत कुमार शाक्य पुत्र रामनिवास शाक्य के साथ 7 फरवरी 2022 को की थी। पति शादी के बाद से ही ससुर व सास के साथ मिलकर पत्नी के साथ आए दिन मारपीट करता था। रविवार को विनीत ने पिता रामनिवास और मां के साथ मिलकर पत्नी आरती की जमकर मारपीट की। पत्नी ने मामले की सूचना 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस के साथ ससुरालियों ने अभद्रता की। घटना की सूचना 112 पुलिस ने थाना पुलिस को दी। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पति समेत सास ससुर को गिरफ्तार कर पत्नी की तहरीर पर छेड़छाड़, दहेज एक्ट और जान लेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया है।

पुलिस से मारपीट व पथराव के पांच आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा

सौरिख,समृद्धि न्यूज। शनिवार देर रात दो पक्षों के साथ मारपीट की सूचना पर दोनों पक्षों ने पुलिस टीम के साथ मारपीट करते हुए पथराव शुरू कर दिया था। उपनिरीक्षक ने आठ नामजद सहित 10-15 अज्ञात लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया था पुलिस ने देर शाम पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शनिवार को नगर पंचायत चुनाव की मतगणना के बाद आजादनगर कांशीराम कालोनी में देर रात दो पक्षों के बीच हार जीत को लेकर कहासुनी हो गई।सूचना पर पहुंची ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया तो दोनों पक्ष पुलिस पर हमलावर हो गए और मारपीट करते हुए पथराव शुरू कर दिया इससे इलाके में भगदड़ मच गई थी।उपनिरीक्षक ने आठ नामजद सहित 10-15 अज्ञात लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया था।रविवार की रात थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, ईशपाल सिंह, सुनील कुमार ने अपने हमराही शिवराज यादव, सचिन राठी,कौशिन्द्र निगम के साथ छापा मारा और राम आसरे गुप्ता, सागर गुप्ता, अंशुल गुप्ता, अभिषेक तिवारी, प्रियांशु गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया बाकी चार आरोपियों की तलाश में पुलिस की छापेमारी जारी है।

टिकैत ने की किसानों के हितों एवं अधिकारों की रक्षा: शमीम सिद्दीकी

गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज

आजीवन किसान के हितों, उनके अधिकारों की रक्षा में समर्पित रहने वाले किसानों के मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 12 वीं पुण्यतिथि हवन पूजन कर मनाई गई। भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष ने कहा कि संघर्ष के योद्धा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत ने किसानों को हक की आवाज उठाने की बेमिसाल ताकत दी।

क्षेत्र के डंबरपुरवा में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में विधि विधान से हवन पूजन किया गया इसके उपरांत जिलाध्यक्ष समीम सिद्दीकी ने कहा कि स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत ने अपना सारा जीवन किसानों के हकों के लिए समर्पित कर दिया। जिला उपाध्यक्ष जीतू यादव, जिला महामंत्री महेंद्र सिंह, जिला सचिव डॉक्टर साजिद हुसैन, कोषाध्यक्ष मारूफ खान, जिला सचिव ठाकुर धर्मेंद्र सिंह बबलू आदि ने कहा कि बाबा टिकैत ने कभी अपने उसूलों से समझौता नहीं किया। पुण्यतिथि पर भाकियू संस्थापक की स्मृतियां याद आती हैं। इस मौके पर चिकित्सा सलाहकार प्रभारी रिजवान अहमद, अनिल, उपेंद्र राजपूत, आलोक राजपूत, मुईन अहमद, रवि राजपूत, मानसिंह, नोमान सिद्दीकी, अमित कुमार, मो. रेहान मोहित सिंह, रणजीत सिंह, दानिश, कृपाशंकर, इंद्रजीत, अनवर खान, शकील खान, आकाश सक्सेना, साबान सिद्दीकी, अरसलान सिद्दीकी आदि लोग मौजूद रहे।

चौधरी टिकैत की पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं के साथ पुष्प अर्पित करते जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी

ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

फोटो 3 परिचय-मृतक के रोते बिलखते परिजन

गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज

बाजार से घर जा रहा युवक ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन-फानन नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी 22 वर्षीय अरुण पुत्र पप्पू बाजार से अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह पूर्वी रेलवे क्रॉसिंग पार कर रहा था। तभी सोमवार की शाम लगभग 5.30 बजे कानपुर से कासगंज की ओर जा रही एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की खबर मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन घायल अरुण को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई और विधिक कार्यवाही की है।

गंगा की स्वच्छता के लिए सभी का योगदान आवश्यक: नवाब सिंह

- कान्यकुब्ज शिक्षा एवं समाज सेवा समिति के अध्यक्ष नवाब सिंह यादव की अगुवाई में महादेवी गंगा घाट पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

कान्यकुब्ज शिक्षा एवं समाज सेवा समिति के अध्यक्ष नवाब सिंह यादव की अगुवाई में महादेवी गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। समिति के पदाधिकारियों समेत सभी सदस्यों ने गंगा तट पर साफ सफाई की और आमजन को गंगा में पॉलीथीन आदि गन्दगी न फेके जाने की अपील की।

गंगा तट पर स्वच्छता अभियान के दौरान समिति के अध्यक्ष नवाब सिंह यादव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य बनता है कि हम अपनी पतित पावनी मां गंगा को स्वच्छ रखने में सहयोग करें, क्योकि गंगा केवल एक नदी ही नही सनातन धर्म को मानने वालों के लिए आस्था का प्रतीक है। इसके साथ ही लाखों लोगो के लिये जीवन जीने के लिए रोजगार देने का काम करती है। इसलिए सब अपनी-अपनी जिम्मेदारी को समझते हुये गंगा माँ को साफरखने में सहयोग करे। इस मौके पर अमित मिश्रा, राकेश कटियार, सत्येन्द्र यादव, हरिपाल राजपूत, राजीव अग्निहोत्री, संजय दुबे, विकास पांडे, रंजीत दिवाकर, सुरजीत यादव, रामजी दुबे, गोविन्द कुशवाहा, मुरली यादव, विराट मौर्य, सुरेन्द्र कुशवाहा, मकरन्द यादव, कुट्टू पांडेय, बबलू दोहरे, धर्मवीर पाल, राम निवास यादव, विनय प्रताप, फूल सिंह राजपूत, राजेश यादव, वीरपाल, गौरव बाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

जागरूकता से ही डेंगू पर नियन्त्रण संभव: सीएमओ

राष्ट्रीय डेंगू दिवस आज

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

डेंगू आज के समय की काफी गंभीर बीमारियों में से एक है। हर साल दुनियाभर में इस घातक बीमारी से करोड़ो लोगों की जान पर बन आती है। बारिश के शुरू में सबसे ज्यादा डेंगू के मामले सामने आते है। इस बीमारी की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के साथ ही शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर निगम और नगर पालिका लगातार लोगों को डेंगू के प्रति जागरूक करती आ रही है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार ने बताया कि डेंगू का लार्वा मुख्य तौर पर जमे हुए साफ पानी में पैदा होता है और इसे पनपने के लिए जुलाई से लेकर अक्टूबर का वक्त काफी मुफीद होता है। यही वजह है कि इस वक्त में काफी सतर्क रहना जरूरी होता है। सीएमओ ने कहा कि डेंगू के डंक पर नियंत्रण कर सकते हैं अगर जनसमुदाय इस ओर थोड़ा सा ध्यान दें। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. हिलाल अहमद खान ने बताया कि अलग-अलग इलाकों में मच्छरों की अलग-अलग प्रजातियां हैं। ये कई तरह के वायरस और पैरासाइट के जरिये विभिन्न बीमारियां फैलाते हैं। मादा मच्छर की उम्र नर के मुकाबले ज्यादा होती है। मादा एडीज एक बार में 50 से 100 अंडे देती है। यह एक दिन में 70 से 80 लोगों को काट सकती है। एडीज मच्छर के काटने से डेंगू की बीमारी होती है। डीएमओ ने कहा कि मच्छरों की रोकथाम के लिए जगह जगह लार्वा निरोधक दवा का छिड़काव करने के साथ ही फागिंग भी की जा रही है। डीएमओ ने बताया कि इस बार डेंगू दिवस की थीम डेंगू को हराने के लिए साझेदारी का उपयोग करें रखी गई है। बताया कि डेंगू की जांच एंटीजन किट से जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर की जाती है साथ ही एलाइजा जांच के लिए व्यक्ति के रक्त का नमूना तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा जाता है स एलाइजा जांच के बाद ही डेंगू की पुष्टि की जाती है। बताया कि डेंगू दिवस के अवसर पर सभी सीएचसी, पीएचसी, ज़िला अस्पताल कन्नौज, तिर्वा मेडिकल कॉलेज सहित सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर पर लोगों को डेंगू की रोकथाम कैसे की जाए जागरुक किया जायेगा।

बताया कि जिले में दो वर्षों से डेंगू का ग्राफ लगातार गिर रहा है। डीएमओ ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2021 22 में 1216 डेंगू के मामले थे तो 2022 23 में 140 मामले प्रकाश में आए।

डेंगू से बचाव के लिए इन बातों का रखें ध्यान

डेंगू का मच्छर आम मच्छरों से अलग होता है और ये दिन की रोशनी में काटता है , ऐसे में घर और आसपास मच्छरों को पनपने न दें। कूलर में पानी जमा होने से उसमें डेंगू का लार्वा पैदा होने का खतरा बढ़ता है। ऐसें में कूलर का उपयोग होने के तत्कालबाद उसका पानी खाली कर दें। घर की छत पर रखे गमलों या किसी अन्य चीज में पानी जमा न होने दें। मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी, स्प्रे का प्रयोग करें।

क्यूं मनाया जाता है राष्ट्रीय डेंगू दिवस

डेंगू की गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए सरकारी स्तर पर कई कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। हर साल 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने के पीछे का मकसद लोगों को इस घातक बीमारी के प्रति जागरुक करना है।

डीएम ने बैठक में व्यापारियों की समस्याओं को सुना

- कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में आयोजित हुई व्यापारी बन्धु की बैठक

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिला उद्योग बन्धु की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई।

बैठक में व्यापारियों ने विद्युत के हाई वोल्टेज आने की समस्या बताई, जिस पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को सुधार किए जाने के निर्देश दिए। नगर पालिका के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि साफसफाई और केमिकल/चूना का छिड़काव करायें। उन्होंने कहा कि साफसफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने जीएसटी अधिकारी को निर्देश दिए कि व्यापारियों के साथ समन्वय स्थापित कर जीएसटी के नियम बताएं, जो व्यापारी जीरो रिटर्न दाखिल किए हैं उन व्यापारियों का सर्वे किया जाए। किसी भी व्यापारी के साथ भेदभाव न हो, काम साफ सुथरा होना चाहिये। श्री शुक्ल ने बताया कि कारखाना अधिनियम, 1948 सहपठित उत्तर प्रदेश कारखाना नियमावली, 1950 के अन्तर्गत जनपद में संचालित विनिमार्ण इकाइयों का पंजीकरण कराया जाना है, जिसमें सभी लोग अपना अपना रजिस्ट्रेशन कराएं। उन्होंने व्यापारियों द्वारा इंदरगढ़ में प्राइवेट बस अड्डा बनाए जाने की मांग पर संबंधित को जगह की परीक्षण करने के निर्देश दिए जिससे वहां प्राइवेट बस अड्डा बनाया जा सकेद्य उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना आदि योजनाओं की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उन्हें गुणवत्तापूर्ण व समय से पूरा किया जाए, किसी भी कार्य में लापरवाही ना की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह, अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिला अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण व व्यापारी बंधु मौजूद रहे।

बैठक में मौजूद डीएम व जिले के व्यापारीगण समृद्धि न्यूज

वार्ड नंबर 13 की जनता ने आसिफहुसैन को दिलाई ऐतिहासिक जीत

कन्नौज,समृद्धि न्यूज। नगर निकाय चुनाव की हुई मतगणना में वार्ड सदर नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या 13 से निर्दलीय प्रत्याशी आसिफ हुसैन ने लगभग 213 वोटों से जीत दर्ज कर विरोधियों को अपनी ताकत का इजहार कर साबित कर दिया कि जनता काम करने वाले प्रत्याशियों को पसंद करती है। जैसे ही मतगणना के बाद अंतिम निर्णय वार्ड नंबर 13 के सभासद पद के प्रत्याशी आसिफहुसैन के पक्ष में आया वैसे ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। वार्ड सभासद आसिफहुसैन को लोगों ने फूलों का माला पहनाकर बधाई दी। वहीं जीत मिलने के बाद आसिफ हुसैन ने वार्ड वासियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिस तरह जनता ने उन पर भरोसा कर भारी जीत दिलाई है वह भी जनता के लिए रात दिन तत्पर रहकर विकास के कार्य को पूरा करने का काम करेंगे। वह खुद जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनने का काम करेंगे। इतना ही नहीं आगे उन्होंने वार्ड में विकास को लेकर कहा कि जो गलियों की सड़कें बदहाल हैं और जो नालियां टूटी हैं।

महिलाएं जब भी एकजुट हुई तब तब नए आयाम गढ़े

- स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने आटा, बेसन, मिर्च पाउडर समेत तैयार किए आठ उत्पाद

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। हौसला बुलंद हो और मन में कुछ कर गुजरने की लालसा हो तो मंजिल मिल ही जाती है। ऐसा ही एक नजीर पेश कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अन्य महिलाओं के लिए नई राह खोली है। कड़ी मेहनत के साथ उत्पादकों की श्रंखला तैयार कर अब बाजार में उतारने की उनकी इस मुहिम को अब पंख लगने लगे है। दिव्यता सशक्तिकरण सामाजिक संस्था द्वारा सदर ब्लाक क्षेत्र मानीमऊ के उदैतापुर गांव में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए संस्था की अध्यक्ष सिमरन प्रकाश शर्मा द्वारा स्वरोजगार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष सुनीता चौहान एवं उनके समूह की महिलाओं ने मिलकर महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी वस्तुओं का उत्पादन किया जा रहा है। इसमें आटा, बेसन, दलिया, धनिया, मिर्च पाउडर समेत 8 उत्पादों को शुद्ध रूप से तैयार कर महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। संस्था की अध्यक्ष सिमरन प्रकाश शर्मा ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य है कि नारी, शिक्षा, स्वस्थ स्वावलंबन को रोजगार के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। साथ ही ग्रामीण निर्धन बच्चों को निःशुल्क कोचिंग के माध्यम से संस्था ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने का कार्यक्रम कर रही है। समाज में जागृति और सशक्तिकरण के लिए संस्था का प्रयास जारी रहेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ अपना दल प्रदेश सचिव लाला भाई पटेल एवं जनमंजय सिंह ने किया। इस दौरान विनीता, गीता चतुर्वेदी, गीता पाठक, प्रतिमा, सुनीता चौहान समेत लगभग 100 महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

विधायक सुरभि ने कार्यालय बनाने हेतु किया भूमि पूजन

▶ अब कार्यालय में सुनी जा सकेंगी जनता की समस्यायें

भूमि पूजन करतीं विधायक व उनके पति अजीत गंगवार व अन्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। विधायिका ने कार्यालय बनाने हेतु जमीन का किया भूमि पूजन किया। बोलीं कार्यालय बनने से क्षेत्र की जनता को अपनी बात रखने में कोई परेशानी न हो, इसलिए कार्यालय खोलने का निर्णय लिया गया है।

कायमगंज विधान सभा से अपना दल एस की विधायिका डा0 सुरभि व उनके पति समाजसेवी डॉ0 अजीत गंगवार ने जनता से मिलने की सुविधा हेतु कायमगंज विधानसभा में विधायक कार्यालय बनाने के लिए पूजा पाठ व हवन पूजन कर जमीन का भूमि पूजन किया। विधायिका डॉ0 सुरभि ने कहा कि दबे कुचले शोषित और कमजोरों की आवाज उठाना उनका धर्म है। विधान सभा क्षेत्र के लोग उनसे सीधे जुड़े रहे हैं। इसलिए उन्होंने कायमगंज फर्रुखाबाद मुख्य मार्ग पर मीरपुर में विधायक कार्यालय बनाने हेतु जमीन का भूमि पूजन किया। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द कार्यालय का निर्माण शुरू हो जाएगा और जल्द से जल्द जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इस दौरान अपना दल एस के जिलाध्यक्ष राहुल गंगवार, भाजपा महामंत्री सुनील रावत, योगेश उर्फ मदारी, प्रसून, अंबर, आनंद, विश्व प्रकाश चतुर्वेदी मौजूद रहे।

अचेत अवस्था में पड़े युवक को पुलिस ने सीएचसी में कराया भर्ती

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। अचेत अवस्था में घायल पड़े युवक को राहगीरों की सूचना पर पीआरबी पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला वेग के निकट हुसैनपुर जाने वाले मार्ग पर एक घायल युवक अचेत अवस्था में राहगीरों को पड़ा दिखाई दिया। जिसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस के डायल 112 नंबर पर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल 112 की पीआरबी 2660 ने युवक को घायल अवस्था में उठाया, तो युवक बहकी-बहकी बातें करने लगा और उसने अपना नाम पता नहीं बता पाया। जिसकी सूचना पीआरबी पुलिस ने थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने एंबुलेंस से घायल अवस्था में पड़े युवक को सीएचसी नवाबगंज भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने घायल युवक का जहां उसका नाम, पता जानना चाहा, तो अज्ञात युवक ने अपना नाम अवनीश पुत्र श्रीपाल निवासी रोग नगला जनपद बदायूं बताया। वहीं थाना पुलिस के मुताबिक युवक घटनास्थल पर अपना नाम पता जनपद फर्रुखाबाद का बता रहा था, लेकिन उसके बताए अनुसार कोई भी नाम पता उसका स्पष्ट नहीं हो पा रहा था। युवक के बताये अनुसार अज्ञात लोग उसके घर से उसको पकड़ लाए और मारपीट कर रेलवे ट्रैक पर छोड़ गए। जिससे युवक का मानसिक संतुलन भी कुछ खराब हो गया तथा वह अपना स्थाई नाम पता नहीं बता पा रहा है। खबर लिखे जाने तक युवक का प्राथमिक उपचार सीएचसी में चल रहा था, लेकिन नाम, पता जानने के लिए सभी लोग काफी प्रयास कर रहे थे। जिसकी कोई जानकारी नहीं हो पा रही थी

कर्मचारियों ने न्यायाधीश शैली रॉय का धूमधाम से मनाया जन्मदिन

न्यायाधीश को स्मृति चिंह व उपहार देते कर्मचारी व अधिवक्ता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अपर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय शैली रॉय का जन्मदिन उनके सरकारी आवास पर कर्मचारियों ने धूमधाम से मनाया और उपहार देकर सम्मानित किया तथा उनकी लंबी आयु की कामना की। सोमवार को ऑफिसर्स कॉलोनी फतेहगढ़ स्थित आवास पर सरकारी कर्मचारियों द्वारा अपर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय शैली रॉय का 53वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने न्यायिक अधिकारी को स्मृति चिंह व उपहार देकर बधाई दी। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय आलोक कुटुम्ब पारासर के अलावा पेशकार नुवेंद्र दुबे लिपिक हेमू, स्टेनो संतोष वर्मा व काउंसलर एडवोकेट दीपक कुमार, शगुन आदि लोग मौजूद रहे। न्यायाधीश ने सभी कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

विद्युत विभाग की लापरवाही फिर आयी सामने

टूटे विद्युत तार में उलझकर बाइक सवार दंपति घायल

बिजली का टूटा तार जिससे घटी घटना



घटनास्थल पर मौजूद घायल दंपति

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। टूटे विद्युत तार की चपेट में आने से दंपति गम्भीर रुप से घायल हो गये। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बघौना निवासी आफाक पुत्र वहीद खान अपनी पत्नी बनो बेगम के साथ बाइक से नवाबगंज कस्बे में दवा दिलाने जा रहा था, तभी गांव सिरमौर के निकट बिजली घर के पास बीच रोड पर टूटे पड़े बिजली के तार में उनकी बाइक फंस गयी और बाइक नीचे खाई में जा गिरी। बाइक खड्डु में गिरने से दोनों पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गयी। घटना की सूचना एंबूलेंस को दी गयी। सूचना पाकर पहुंची एंबूलेंस के चालक ने दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत विभाग की लापरवाही एक बार फिर सामने आयी है। लोगों का कहना है कि तार मेन रोड पर टूटा पड़ा था, लेकिन कोई भी विद्युत कर्मी उसे जोड़ने नहीं पहुंचा। जिससे यह घटना घट गयी। घटना का शिकार हुए घायल दंपत्ति को एसडीओ विद्युत विभाग अपनी कार में बैठे देखते हुए चले गए। ना ही उन्होंने अपने विभाग के कर्मचारियों को मौके पर भेजने की जेहमत उठायी और न ही किसी को डांटा फटकारा। इससे साफ जाहिर होता है कि विद्युत विभाग अपनी मनमानी पर उतारू है। उनकी लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकती है। शायद यही कारण है कि विद्युत विभाग किसी बड़ी घटना के इंतजार में है, तभी तो टूटे पड़े तार को नहीं जोड़ रही है। जिससे लोगों में विद्युत विभाग के प्रति रोष पनप रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र ही उक्त टूटे पड़े तार को न जोड़ा गया, तो ग्रामीण आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी।

मातृ दिवस पर मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित

▶ प्रधानाचार्य ने सभी के उज्जवल भविष्य का कामना की
▶ मिथलेश अग्रवाल को भी किया गया सम्मानित

सम्मानित मेधावी छात्र-छात्रायें व मौजूद मिथलेश अग्रवाल व स्टाफ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सी0पी0 विद्या निकेतन इंटर कॉलेज कायमगंज के भव्य प्रांगण में मातृ दिवस का आयोजन बड़े हर्ष उल्लास तथा रंगारंग कार्यक्रम के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थी तथा जिले में इंटरमीडिएट परीक्षा में तीसरा स्थान अनुष्का सक्सेना 95.20 प्रतिशत, सातवां स्थान अंशिका चौहान 94 प्रतिशत, नवम स्थान आकृति गंगवार 93.60 प्रतिशत तथा हाईस्कूल में चतुर्थ स्थान उत्कर्ष 95.7, 8वां स्थान अश्विनी शर्मा व प्रिया दोनों 93.50 प्रतिशत व नवम स्थान ऋतिक गंगवार 93.33 प्रतिशत करने वाले विद्यार्थी को प्रमाण पत्र देकर तथा उनकी माताओं को अंगवस्त्र व फूल मालाओं से विद्यालय की निर्देशिका डॉक्टर मिथिलेश अग्रवाल के द्वारा सम्मानित किया गया। निर्देशिका ने अपने उद्बोधन में विद्यालय के सभी छात्रों में उर्जा का संचार किया तथा सभी विद्यार्थियों इसी प्रकार आगे बढ़ने तथा अपने चरित्र का विकास करने के लिए प्रेरित किया। सी0पी0 विद्या निकेतन के विद्यार्थी यहां से निकल कर देश विदेश में विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश चन्द्र तिवारी ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी अपने अध्ययन के साथ- साथ अपने चरित्र का भी संपूर्ण विकास करें। सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। अंत में उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

हम सभी की मातृतुल्य आदरणीय निर्देशिका को भी स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य डॉ0 मनोज तिवारी, मनोज श्रीवास्तव, डॉ0 विजय बाबू गुप्ता व सभी अध्यापक, अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

भाविप ने प्याऊ लगाकर राहगीरों को पहुंचायी राहत

प्याऊ लगाने के दौरान मौजूद भाविप पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारत विकास परिषद के सदस्य सर्वेश गुप्ता ने अपने प्रतिष्ठान मन्नीगंज पर राहगीरों को राहत देने के लिए गर्मी में प्याऊ लगाया।

सोमवार को सर्वेश गुप्ता के मन्नीगंज स्थित प्रतिष्ठान तथा ब्रजेश गुप्ता के लिंजीगंज स्थित प्रतिष्ठान पर प्याऊ का उद्घाटन संरक्षक अतुल रस्तोगी और कन्हैया लाल जैन द्वारा किया गया। अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने सर्वेश गुप्ता को माल्यार्पण कर स्वागत और धन्यवाद दिया। सचिव देवेन्द्र नारायण श्रीवास्तव ने आज के समय में जल की कमी को देखते हुए जल के महत्व को बताया और जल को बर्बाद न करने का सभी आगंतुकों से आग्रह किया। कार्यक्रम में शामिल सदस्यों और आगंतुकों का संरक्षक कन्हैया लाल जैन और अतुल रस्तोगी ने स्वागत किया और धन्यवाद दिया। उद्घाटन कार्यक्रम में अनिल सक्सेना पूर्व सचिव. जयवीर सिंह, शिवम गुप्ता, कन्हैया शुक्ला, राजेश राजपूत, मुक्ता रस्तोगी और ममता गुप्ता उपस्थित रहे। अतुल रस्तोगी ने मिष्ठान वितरण किया। साथ ही कार्यक्रम उपरांत सर्वेश गुप्ताने स्वल्पाहार की व्यवस्था की। भीषण गर्मी में ठंडा जल पीकर राहगीरों ने राहत महसूस की।

संस्कार भारती की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला 18 मई से

ग्रीष्मकालीन प्रवेश परीक्षा फार्म के साथ छात्रायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। संस्कारी भारती द्वारा 18 मई से आयोजित होने वाली ग्रीष्मकालीन कार्यशाला की तैयारी की गई। शहर के विभिन्न विद्यालयों में कार्यशाला प्रवेश फार्म व पम्पलेट वितरित किये गये। ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का आयोजन सेनापति स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में होगा। जिसकी तैयारियों को लेकर सचिव दिलीप कश्यप ने विभिन्न स्कूलों में जाकर पम्पलेट वितरित किये। छात्राओं को विभिन्न विधाओं में पारंगत बनाने के लिए उन्हें विभिन्न विधा की ट्रेनिंग एक माह तक दी जायेगी। जिसमें छात्रायें पारंगत होकर अपने हुनर को बिखेरेंगी।

मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर के 35 व उपभोक्ता फोरम के 39 मामले चिन्हित

▶ 21 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी बैठक सम्पन्न

राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी बैठक में मौजूद न्यायिक अधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 21 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी बैठक सोमवार को जनपद न्यायाधीश अश्विनी कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में नोडल अधिकारी के विश्राम कक्ष में सम्पन्न हुई। विश्राम कक्ष में मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर दावों से सम्बन्धित तृतीय तैयारी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बृजेन्द्र कुमार त्यागी पीठासीन अधिकार मोटर वाहन दुर्घटना अधिकरण द्वारा की गयी। संचालन नरेन्द्र प्रकाश सचिव अपर जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया। मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर दावों से सम्बन्धित अब तक कुल 35 मामले तथा जिला उपभोक्ता विवाद प्रततोष आयोग द्वारा अब तक कुल 39 सामले चिन्हित किये जा चुके है। सोमवार को तैयारी बैठक में अध्यक्ष द्वारा मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर दावों से सम्बन्धित अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में 21 मई को चिन्हित किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों एवं विधि सलाहकारों को निर्देश दिये गये और चिन्हित मामलों का विवरण प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया गया है। तैयारी बैठक में अपर जिला जज महेन्द्र सिंह, जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष नरेश कुमार, राधिका, मोहन वार्ष्णेय, समीर बाजपेई, ओम प्रकाश गौतम, मनीष कुमार, दीपक कुमार, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

छात्राओं ने रैली निकालकर सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरुक

सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली निकालते राजकीय बालिका इंटर कालेज राजेपुर की छात्रायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के आदेश के अनुपालन में कार्यदायी संगठन मदर निर्मला फाउण्डेशन उ0प्र0 के द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु विशाल रैली एवं सेमिनार/ कार्यशाला/ व्याख्यान कार्यक्रम गतिविधि का आयोजन सोमवार को राजेपुर स्थित राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या ऋचा यादव द्वारा व्याखान/ कार्यशाला कार्यक्रम में अपने विचार प्रस्तुत करते हुये सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों को मानने के लिये कहा गया। कार्यक्रम समन्वयक अरविन्द कुमार द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति अपने विचार प्रस्तुत करते हुये जेब्रा कॉसिंग एवं सिग्नल के विषय में बताया गया। कार्यक्रम के प्रभारी एवं चाइल्डलाइन 1098 के इकाई निदेशक डॉ0 जितेन्द्र चतुर्वेदी द्वारा कहा गया कि भारत जनसंख्या के मामले में विश्व में प्रथम स्थान पर है तथा इन्हीं कारणों के चलते यातायात के लिये सड़कों पर भीड़भाड़ रहती है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दशकों से सड़क हादसों में मृत्यू दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बहुत से लोग सड़क दुर्घटनाओं के कारण अपने शरीर का कोई अंग खो देते है तथा स्थाई रूप से विकलांग हो जाते हैं। जिस कारण उन्हें व उनके परिजनों को जीवनभर परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमारी छोटी-छोटी यातायात निमयों को न मानने वाली लापरवाहियां कई सड़क हादसों को जन्म देती हैं जिससे कई परिवार तबाह हो जाते हैं।

कार्यशाला के उपरान्त विद्यालय की छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रचार प्रसार हेतु विशाल रैली निकाली गई। परियोजना निदेशक सड़क सुरक्षा सांस्कृतिक प्रभाग अल्ताफ अली, इकबाल बहादुर एवं मणि मिश्रा कार्यक्रम की जिम्मेदारियों को संभाला। रजनी चतुर्वेदी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में हिमांशी चिटेरिया, श्वेता देवी, दिनेश चन्द्र, तसकीना, अनुभा अग्निहोत्री, शमरीन खान, अनामिका, रिद्धी गुप्ता, सुहाना, फातिमा आदि उपस्थित रही।

भाविप के नये पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

भाविप के दायित्व ग्रहण समारोह में मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी व विचार रखते अतिथि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारत विकास परिषद पांचाल प्रांत के मुख्य शाखा का दायित्व ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

रविवार को नगर के ब्राह्मण समाज धर्मशाला में आयोजित दायित्व ग्रहण समारोह का मुख्य अतिथि संगठन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चन्द्र गुप्ता, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष रमेश चन्द्र मेहरोत्रा, रमेश चन्द्र त्रिपाठी, सचिव डॉ0 यशवंत सिंह, महिला संयोजिका अनीता तिवारी आदि ने सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अतिथियों के सम्मान में सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। शिवि पाण्डेय व रामम दीक्षित ने श्वो कृष्णा है, गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर मन मोह लिया। वहीं राधिका सोमवंशी ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व पर विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ कवि ब्रज किशोर सिंह किशोर ने मातृ दिवस पर अगर मां तुम नहीं होती, तो ये जीवन नहीं होता, ये किलकारी मधुर मुस्कान ये बचपन नहीं होता, ये शोहरत की सुखद सम्मति बोले कब कहां मिलती, तुम्हारे हाथ के आशीष का चंदन नहीं होता पंक्तियां पढ़ी और वन्देमातरम् गान के बाद अतिथियों का स्वागत किया। रमेश चन्द्र त्रिपाठी ने संस्था का परिचय दिया। तत्पश्चात पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष रमेश चन्द्र मेहरोत्रा द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष सुरेन्द्र पाण्डेय, सचिव डॉ0 यशवन्त सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ0 जितेन्द्र यादव, संगठन सचिव आदेश अवस्थी, महिला संयोजिका अनीता तिवारी, उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, ऑडिटर संजीव बसंल, सदस्य कार्यकारणी रमेश चन्द्र त्रिपाठी, उमेश गुप्ता, अजय पुरवार, बृज किशोर सिंह किशोर, अनिल अग्रवाल, विनय द्विवेदी, साहित्य प्रभारी डॉ0 शिवओम अम्बर, डॉ0 रवीन्द्र यादव, देवेन्द्र सिंह गौर, सुधाकर चतुर्वेदी, डॉ0 रमाकांत तिवारी, इन्दू मिश्रा को दायित्व ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम में तीन नये सदस्य आलोक द्विवेदी, मनोज शुक्ला, रोहित शर्मा को शपथ दिलायी।

गंगा स्नान करते समय पॉलिटेक्निक के छात्र की डूबने से मौत

- पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर तत्काल युवक की करायी तलाश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मामा के साथ गंगा स्नान करने गया पॉलिटेक्निक का छात्र पैर फिसलने से डूब गया। परिजनों को सूचना मिलने पर वह घटना स्थल पर पहुंच गये और गोताखोरों से तलाश करवायी तो छात्र का शव बरामद हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार जनपद शाहजहांपुर थाना मिर्जापुर के ग्राम दोसपुर थोक व हाल निवासी न्यू सैनिक कालोनी 19 वर्षीय देवांश मिश्रा पुत्र आदेश मिश्रा जो की पॉलिटेक्निक की छात्र था। सोमवार को अपने मामा के पुत्र प्रबल मिश्रा के साथ गंगा स्नान करने के लिए गया। स्नान करते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में फिसल गया। प्रबल ने अपने भाई शोभित को घटना के संदर्भ में जानकारी दी। जानकारी होने पर परिजन घटना स्थल पर पहुंच गये और सूचना पांचाल घाट चौकी को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर तत्काल युवक की तलाश करायी। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बमुश्किल देवांश का शव बरामद हुआ। इस घटना से मृतक की मां चंदा मिश्रा, भाई अंकू, बहन प्रिंसी, बिट्टा आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

यह कैसी ममता: कलियुगी मां ने अबोध बालक को पटककर मार डाला

जांच पड़ताल करती पुलिस

कंपिल, समृद्धि न्यूज। संदिग्ध परिस्थितियों में बच्चे की मौत होने पर पिता ने कलयुगी मां पर पटककर हत्या करने का आरोप लगाया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के गांव सिवारा मुकुट निवासी ओमपाल ने अपनी पत्नी विनीता पर आरोप लगाते हुए बताया कि उसके 2 बेटे है। रविवार सायं बड़े बेटे की तबियत खराब होने पर उसकी पत्नी से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद सोमवार सुबह ओमपाल बड़े बेटे को साथ लेकर दवा दिलाने चला आया। घर पर पत्नी विनीता और 3 माह का छोटा पुत्र रह गया था। दवा दिलाने के बाद ओमपाल घर पहुंचा तो देखा कि छोटा पुत्र मरणासन्न स्थिति में जमीन पर पड़ा हुआ है। उसने पत्नी से पूछा यह कैसे हुआ तो पत्नी ने बताया कि मैंने उसे जमीन पर पटक दिया। घटना के संबंध में चौकी पुलिस को जानकारी दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्चे का शव अपनी सुपुर्दगी में लेते हुए पीएम के लिए भेज दिया।

झूठे साक्ष्य प्रस्तुत करने पर वादिनी पर मुकदमे के आदेश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। थाना कमालगंज क्षेत्र की युवती ने एन्टी डकैती कोर्ट में याचिका दायर की। जिसमे बताया कि मेरा पति पिकअप चालक है मेरे पति के घर पर न होने से कुछ लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की और गले का मंगलसूत्र व झुमकी और 45 हजार रुपये को लूट ले गए। जिसमें मुकदमा वादिनी ने कुछ लोगों के न्यायालय में शपथ पत्र प्रस्तुत दायर किये थे। उसके बाद गवाहों के न्यायालय से गैर जमानतीय वारन्ट हो गए थे। उन लोगों ने न्यायालय में अपना शपत्र पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें बताया कि हम लोगों ने ही कभी न्यायालय में शपथ पत्र प्रस्तुत किया और हम लोगों ने हस्ताक्षर किए है।

पेंट्स की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों का सामान किया चोरी

घटना की जानकारी देता दुकान स्वामी

- सीओ व फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर की जांच
- दुकान स्वामी ने पुलिस को दी तहरीर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। बीती रात चोरों ने पेंट्स की दुकान का शटर तोड़कर लाखों की चोरी कर ली। जानकारी होने पर दुकान मालिक मौके पर पहुंच गये और सूचना पुलिस को दी। सूचना पर सीओ व कादरीगेट थाना प्रभारी एवं फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। पीड़ित ने घटना के संदर्भ में पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के नगला निवासी शीशराम पुत्र जीवनलाल की कलार नगला रोड कि किनारे पेंट्स की दुकान है। जिस पर उनका पुत्र शिवम बैठता है। बीती रात अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी कर लिया। वहीं शिवम के ताऊ महेन्द्र सिंह का मकान बन रहा था। महेन्द्र सिंह सोमवार सुबह निर्माणाधीन मकान पर पानी डालने गये तो उन्होंने शटर का ताला टूटा देखा और जानकारी भतीजे शिवम को दी। शिवम परिजनों के साथ घटना स्थल पर पहुंच गया।

दुकान के अंदर जाकर देखा तो चोर 40 बाल्टी पेंट सहित 7 लाख रुपये का डिस्टेंपर पेंट चोरी हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर सीओ सिटी प्रदीप सिंह, थाना कादरी गेट प्रभारी राजेश राय, फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं शिवम ने घटना के संदर्भ में पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि वह मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जांच पड़ताल के बाद कार्यवाही की जायेगी।

सपा नेता के फुफेरे भाई की मार्ग दुर्घटना में मौत

- तिलक समारोह में भाग लेकर मैनपुरी के कुरावली से वापस लौट रहे थे

लोहिया अस्पताल में मौजूद मृतक के परिजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सपा नेता मंदीप यादव के फुफेरे भाई की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव को लोहिया अस्पताल ले गये। जहां से शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

जानकारी के अनुसार थाना मेरापुर के ग्राम बरखिरिया निवासी 44 वर्षीय अजवेश यादव पुत्र मदन पाल सपा नेता मंदीप यादव की बुआ के बेटे थे। बीती रात अजवेश अपने गांव की तिलक समारोह में जनपद मैनपुरी के कुरावली गये थे। घर वापस लौटते समय वह सराय अगहत अपने कमरे पर जा रहे थे, तभी सड़क किनारे किसी से फोन पर बात करने लगे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक संग घिसटते हुए काफी दूर तक चले गये और गंभीर रुप से घायल हो गये। जानकारी होने पर परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में ले गये। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजन बीती रात उनके शव को डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर युवती ने पी डाई

- पीड़िता द्वारा दर्ज कराये मुकदमे में पुलिस ने दाखिल की चार्जसीट, लेकिन नहीं की कार्यवाही
- न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रही दुष्कर्म पीड़िता

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। पुलिस की लापरवाही से क्षुब्ध युवती ने डाई पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। तीन महीने पहले युवती ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाते हुए अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन अभी तक आरोपियों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस बात से क्षुब्ध युवती ने घटना को अंजाम दे डाला। डाई पीने से उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजनों ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि उसकी शादी विशाल पुत्र श्रीपाल के साथ तय हुई थी। जिससे वह उसके घर आने-जाने लगा और उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने लगा। जब शादी के लिए कहा तो विशाल के परिजन टालते रहे। जब बनाया तो शादी से साफ मना कर दिया। जिसका पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने विशाल, रजनी उर्फ बचुलिया, नन्ही के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। इस बात से क्षुब्ध होकर पीड़िता ने डाई पी ली। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में सीएचसी ले गये। जहां भर्ती करा दिया।

चिकित्सक मान सिंह ने युवती का उपचार किया। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय कुमार ने कहा कि पीड़िता का प्रेम प्रसंग विशाल के साथ चल रहा था। विशाल ने शादी करने से मना कर दिया। इस मामले में मुकदमा भी दर्ज किया गया है। जिसमें चार्जशीट लगायी गई। न्यायालय के आदेश पर दर्ज मुकदमे में एफआर लगायी गई। पीड़िता ने गत दिवस डाई पी ली। पीड़िता की तहरीर लेकर कार्यवाही की जा रही है।

खबरें चलते-चलते

तीन लोगों ने पिया जहर

कायमगंज (सं.)। अलग-अलग स्थानों पर तीन लोगों ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। कम्पिल क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी हरीशचंद्र, नगर कम्पिल निवासी कालिंदृ व क्षेत्र के गांव अतुल नगला निवासी नन्दलाल ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर सभी के परिजन अस्पताल लाये। जहां प्राथमिक इलाज के बाद हरीशचन्द्र व नन्दलाल को डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

मार्ग दुर्घटना में दो घायल

कायमगंज (सं.)। अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। क्षेत्र के गांव भुड़िया निवासी राकेश व थाना जसरथपुर के गांव मऊखेड़ा निवासी राकेश घायल हो गये। घायलों को लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया। जहां मऊखेड़ा निवासी राकेश को डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

भाजपा समर्थक को पीटने में आधा दर्जन पर मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद (सं.)। भाजपा प्रत्याशी समर्थक को बंधक बनाकर पीटा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आधा दर्जन दबंगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला गढ़ी हिम्मत बहादुर निवासी शिवम पुत्र बृजेश शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसने वार्ड नम्बर भगत सिंह नगर से भाजपा पुरुषोत्तम वर्मा का समर्थन किया था। इसी बात की रंजिश में विपक्षियों ने बंधक बनाकर मारपीट की। व चाकू से हमला कर दिया। हमले में पीड़ित गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी अनिकेत यादव, साहिल पुत्रगण नन्हे यादव, अनिल यादव पुत्र मंगली तथा अनुज गुप्ता पुत्र संजय गुप्ता के विरुद्ध धारा 365, 342, 323, 504, 506 आई.पी.सी. के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच पड़ताल के दौरान उपनिरीक्षक अमित गुप्ता ने साहिल पुत्र नन्हे यादव व अनिल यादव पुत्र मंगली यादव नि0गण बजरिया जाफर खां को गिरफ्तार कर लिया।

अवैध संबंध का विरोध करने पर मारपीट कर किया बेघर

कमालगंज (सं.)। अवैध संबंध का विरोध करने पर पत्नी को मारपीट कर बेघर कर दिया। जानकारी के अनुसार कस्बा गांधीनगर निवासी उपासना पत्नी अंकित उर्फ ओम नारायण ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी शादी 1 वर्ष पूर्व अंकित के साथ हुई थी। शादी में पिता रामपाल कठेरिया ने करीब 1800000 रुपए खर्च किए थे। मेरे पति अपने चाचा अवध नारायण पुत्र प्रभु दयाल, चाची गुड्डू देवी पत्नी अवध नारायण, चचेरी बहन आराधना एवं चचेरा भाई सौरभ के साथ घर में रहते हैं। सास, ससुर औरैया में रहते हैं। शादी के बाद से ही पति, चाचा, चाची और चचेरी बहन व भाई मानसिक एवं शारीरिक रुप से पीड़िता को प्रताड़ित करते हैं। चाची गुड्डू एवं उनकी पुत्री आराधना मुझे पति के साथ रहने नहीं देती हैं तथा पीड़िता के साथ आये दिन मारपीट करते हैं। पति अंकित के साथ चाची गुड्डू देवी एवं उनकी पुत्री आराधना के अवैध संबंध है। इस कारण मुझे मेरे पति के साथ रहने नहीं दिया जा रहा है। पति की एक शादी पहले भी हो चुकी है। जिसके बारे में पीड़िता को बाद में बताया गया। सोमवार को सभी लोगों ने एक राय होकर पीड़िता के साथ मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच पड़ताल कर कायवाही करने की बात कही।

कर्नाटक की जीत पर कांग्रेस का जश्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। नगर पालिका के चुनावों में पार्टी की करारी हार को भूल कांग्रेसियों ने कर्नाटक की जीत पर चौक त्रिपोलिया पर जमकर जश्न मनाया। आतिशबाजी छुड़ाकर ढोल नगाड़े बजाये और खुशी मनायी। चौक, घुमना बाजार का भ्रमण करके खुशी का इजहार किया। इस मौके पर अंकुर मिश्रा, जानकी शुक्ला, हाजी इस्लाम चौधरी, नसरीन बेगम, पुन्नी शुक्ला, वीरेंद्र मिश्रा, डॉ0 पी.एन. सक्सेना, डालचंद्र कठेरिया, हाजी शादाब सहित बड़ी तादात में कांग्रेसी मौजूद रहे।

पार्टी के द्वारा दी गयी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया: भाष्करदत्त द्विवेदी

विजयी पुष्पराज के साथ भाष्करदत्त द्विवेदी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी के भतीजे पूर्व ब्लाक प्रमुख व भाजा जिला संयोजक भाष्करदत्त द्विवेदी ने नव निर्मित नगर पंचायत खिमसेपुर में केसरिया परचम फहराकर प्रत्याशी को जीत दिलायी। वे खिमसेपुर के चुनाव प्रभारी रहे। खिमसेपुर की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आते ही पूरी टीम के साथ वह क्षेत्र में जाकर डट गये। जहां समर्थकों ने उन्हें हाथोंहाथ लिया। उनकी अपील की साख को रखते हुए मतदाताओं ने नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर भाजपा के प्रत्याशी पुष्पराज सिंह को अध्यक्ष चुनने का काम किया। इससे भाष्कर का पार्टी की निगाह में कद ऊंचा हुआ है।

वहीं सदर क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी तीसरे नंबर पर रही। जबकि एक सांसद, एक विधायक, एक एमएलसी चेयरमैन को समर्थन सहयोग दिया जायेगा। भास्कर दत्त द्विवेदी का कहना है कि जब से पार्टी ने मुझे प्रभार सौंपा था तब से ही मैं पूरे क्षेत्र में अपनी टीम के साथ सक्रिय हो गया था। घर-घर जाकर लोगों से वोट भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में करने की अपील करता रहा। जिसके फलस्वरूप ही खिमसेपुर नगर पालिका भाजपा प्रत्याशी पुष्पराज सिंह को विजय प्राप्त हुई। इसी प्रकार आगे जब भी मुझे पार्टी के द्वारा जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी मैं उसको बखूबी से निभाने के लिए तत्पर रहूंगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सर्व समाज की पार्टी है। जो सबका साथ सबका विकास के मुद्दे पर कार्य करती है। यहां बने रहे। भाष्करदत्त ने खुशी जताते हुए कहा कि वे अपने प्रयास में सफल हुए। यह सफलता कार्यकर्ताओं की सफलता है। अब क्षेत्र का विकास कराने में वह अपनी ताकत झोंकने का काम करेंगे और जितना हो सकेगा नव निर्वाचित

अपहरण के मामले चार को पांच वर्ष का कारावास

- एक लाख का किया गया जुर्माना, 18 वर्ष बाद पीड़ित को मिला न्याय

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अपहरण के मामले में अपर जिला जज विशेष ईसी एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने सुरेन्द्र पुत्र रघुवर दयाल, देवेंद्र पुत्र कालीचरण निवासी उलियापुर मजरा इन्जोर कायमगंज व मदनपाल, जय सिंह पुत्रगण चौखे लाल निवासी विनोदपुर अलीगंज एटा को दोषी करार देते हुए 5 वर्ष कारवास व 25 हजार रुपये का जुर्माने से दण्डित किया।

विगत 19 वर्ष पूर्व कोतवाली कायमगंज निवासी युवती ने दी गयी तहरीर में बताया कि वह व उसका पति ब्रजपाल व जेठ धन सिंह खेत में आलू लगा रहे थे, तभी गांव के ही सुरेन्द्र व देवेंद्र उर्फ पहलवान व उनके बुआ के लड़के मदनपाल, जय सिंह लाइसेंस व नाजायज असलाह लेकर आये और मेरे पति ब्रजपाल को लेकर चले गये।

काफी खोजबीन की, लेकिन बृजपाल का पता नहीं चला। कुछ दिन बाद बृजपाल घर आ गया। उसके बाद न्यायालय में याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान बृजपाल ने न्यायालय में कहा कि मैं उक्त आरोपी के भय से बाहर रहता रहा। आरोपियों ने मेरा अपहरण कर मेरी जमीन का मुझसे जबरन बैनामा करवा लिया था। बचाव पक्ष की दलील व शाशकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने अपहरण के मामले में सुरेन्द्र, देवेन्द्र, मदनपाल, जय सिंह को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष का कठोर कारावास व प्रत्येक को 25-25 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

भाकियू स्थापना दिवस पर महेंद्र सिंह टिकैत को श्रद्धांजलि

- जब रहेंगे अन्नदाता, तब तक टिकैत रहेंगे अमर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक स्व0 महेंद्र सिंह टिकैत को स्थापना दिवस पर याद किया गया व श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। भाकियू जिलाध्यक्ष राम बहादुर राजपूत की अध्यक्ष में मनाये गये स्थापना दिवस में एडीएम सुभाषचंद्र प्रजापति समेत किसान नेताओं ने टिकैत की तस्वीर पर पुष्पार्पण करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान किसान नेताओं ने स्व0 महेंद्र सिंह टिकैत को किसानों का मसीहा बताया और कहा कि जब तक किसान रहेंगे, तब तक टिकैत अमर रहेंगे। इस मौके पर राममोहन दीक्षित, संजय गंगवार, कृष्णा शुक्ला, शिव प्रताप, डॉ0 कैलाश यादव, जगदीश सिंह, सलमान अहमद, सत्यराम, रामप्रकाश, विजेंद्र सिंह रामबाबू, रामपाल, राधेश्याम, अहिलकार राजपूत, सुखराम सिंह सहित तमाम किसान नेता मौजूद रहे।

बाइक पोल से टकरायी, मां-बेटा घायल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। पुत्र के साथ मायके जाते समय रास्ते में सड़क किनारे खड़े पोल से बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। जिससे मां-बेटे दोनों गंभीर रुप से घायल हो गये। थाना क्षेत्र के ग्राम बबना रोड तिराहा निवासी उर्मिला देवी पत्नी स्व0 राजेन्द्र सिंह अपने पुत्र राहुल कुमार के साथ बाइक से मायके भिडौर जा रही थी, तभी हजियांपुर के पास सड़क किनारे खड़े पोल से बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। जिसकी चपेट में आने से मां-बेटे घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया।

जोया शाह की जीत पर नदीम का हुआ स्वागत

- बोल अधूरे पड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जायेगा
- जनता के लिए उनके दरवाजे हर समय खुले हैं
- स्वागत से गदगद नजर आये नदीम

नदीम अहमद का स्वागत करते व्यापारी नेता

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। नव निर्वाचित अध्यक्ष जोया फारुकी के प्रतिनिधि एवं सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष का व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने आवास पर पहुंचकर माल्यार्पण कर जीत की बधाई दी।

इस दौरान नदीम अहमद ने कहा कि शमशाबाद नगर में बिना भेदभाव के अधूरे पड़े विकास कार्यों को पूर्ण कराया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा पुलिस प्रशासन किसी को परेशान न करे। नगर वासियों के लिए वह 24 घंटे तैयार है। नगर निकाय के चुनाव में समाजवादी पार्टी से अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने वाली जोया फारूकी जिन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी शैफाली गुप्ता को पराजित कर नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। जीत के बाद समाजसेवी, जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न राजनैतिक दलों के लोगों ने पहुंचकर नदीम फारुकी को बधाई दी। सोमवार को व्यापार मंडल के नेताओं ने आवास पर पहुंचकर माल्यार्पण कर उन्हें जीत की बधाई दी। नदीम अहमद ने सभी नगर वासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा नगर पंचायत शमशाबाद में उनके द्वारा बिना भेदभाव के विकास कार्य कराए जाएंगे। जो विकास कार्य अधूरे पड़े हैं अथवा अनदेखी की गई उसको पूर्ण कराया जाएगा। उन्होंने साफ-सफाई की व्यवस्था पर भी जोर देते हुए कहा नगर को स्वच्छ बनाया जाएगा। शिकायत दर्ज कराने के लिए एक नंबर भी जारी किया जाएगा। नगर में पुराना गेस्ट हाउस एक लंबे समय से बंद पड़ा है जिसका 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण है। इसके बावजूद भी जनता को समर्पित नहीं किया गया। पुस्तकालय पार्क को लेकर व्यापारियों को आश्वासन देते हुए कहा सभी अधूरे कार्य पूर्ण कराए जाएंगे।

इस मौके पर व्यापार मंडल के रवि पांडे, उद्योग व्यापार मंडल शमशाबाद अनुपम शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुशाहिद अंसारी, कोषाध्यक्ष अवधेश पांडे के अलावा राज मास्टर, आरिफ हुसैन, नावेद खान, मुन्ना रहमानी, लाल मियां, रमजान मंसूरी सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

परचून की दुकान से नगदी लूटने में चार लोगों पर रिपोर्ट

मेरापुर, समृद्धि न्यूज। परचून की दुकान से लूटपाट करने के मामले में मेरापुर पुलिस ने तीन सगे भाईयों सहित चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। थाना क्षेत्र के गांव ढर्रा शादी नगर निवासी परचून दुकानदार एवं डेयरी संचालक रामबरन सिंह शाक्य पुत्र नन्हे लाल ने गांव के ही भगवानदास, रामखिलाड़ी, नन्हे पुत्रगण वाजीलाल व रामवीर पुत्र मुन्नालाल के विरुद्ध लूटपाट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

तहरीर के अनुसार रामबरन की गांव में ही परचून की दुकान है इसी में वह दूध डेयरी व मिनी बैंक का कार्य करते हैं। 11 मई 2023 की सुबह 8.00 बजे परचून दुकानदार रामबरन सिंह शाक्य अपनी दुकान पर बैठे थे इसी समय उपरोक्त आरोपित भगवान दास इनकी दुकान पर पहुंचे और परचून दुकानदार रामबरन से कहा कि मुझे कुछ उधार सौदा दे दो। रामबरन ने यह कहते हुए मना कर दिया कि पहले मेरे पिछले रुपये दे दो। भगवान दास इतना सुनते ही वापस अपने घर चले गए। कुछ ही देर में भगवान दास अपने उपरोक्त सभी साथियों के साथ पुनः दुकान पर पहुंचे और अचानक दुकानदार रामबरन के साथ मारपीट कर दी और भगवान दास ने काउंटर की रेर से 50000 रुपए निकाल लिए। जब दुकानदार ने घटना का वीडियो बनाना चाहा तो आरोपित रामखिलाड़ी ने मोबाइल छीन लिया तथा साथी रामवीर ने दुकान में रखा लैपटॉप व दूध डेयरी वाली मशीन उठाकर बाहर फेंक दी। जिससे वह खराब हो गई। उपरोक्त सभी आरोपित गाली.गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गए। मेरापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।